खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :37°C
न्यूनतम :22°C

देहरादून, रविवार 24 मई 2026 देहरादून संस्करण: वर्ष 25 अंक 286 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष 7 विक्रमी सम्वत् 2083 6 जिलहिज्जा 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



तीन बार ईंधन मूल्य में वृद्धि, सरकार में नेतृत्व संकट का संकेत : खड़गे पेज 2



एसआरएच के खिलाफ मैच के बाद कोहली ने हेड से नहीं मिलाया हाथ खेल टाइम्स



ट्रम्प की धमकियों पर ईरान का पलटवार पेज 11



'पेड्डी' दे सकती है रामचरण के करियर को नई पहचान बॉलीवुड


# ट्रम्प ने पीएम मोदी को दिया अमेरिका आने का न्योता

## अमेरिकी विदेश मंत्री रुबियो दिल्ली में प्रधानमंत्री से मिले, अमेरिकी मीडिया बोली: यह डैमेज कंट्रोल की कोशिश

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने शनिवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से सेवा तीर्थ में मुलाकात की।

इस दौरान उन्होंने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की तरफ से पीएम मोदी को अमेरिका आने का न्योता दिया। दोनों नेताओं ने रक्षा, व्यापार, ऊर्जा, रणनीतिक तकनीक और इंडो-पैसिफिक सहयोग समेत कई मुद्दों पर चर्चा की। बैठक में पश्चिम एशिया की स्थिति और ईरान संकट पर भी बातचीत हुई। बैठक में विदेश मंत्री एस जयशंकर, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजित डोभाल, भारत में अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर और अमेरिकी अंडर सेक्रेटरी एलिसन हूकर भी मौजूद थीं। रुबियो की यह यात्रा अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प के चीन दौरे के सिर्फ 7 दिन बाद हो रही है। ऐसे में अमेरिकी मीडिया का कहना है कि रुबियो की यह यात्रा सिर्फ कूटनीतिक नहीं बल्कि डैमेज कंट्रोल मिशन भी है। ट्रम्प की हालिया चीन यात्रा ने एशिया की राजनीति में नई बेचैनी पैदा कर दी है। बीजिंग में ट्रम्प ने चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग की खुलकर तारीफ की। उन्होंने शी को महान नेता और खास दोस्त बताया। रिपोर्ट के मुताबिक, रुबियो का यह दौरा ऐसे समय हो रहा है।



■ दोनों नेताओं ने रक्षा, व्यापार, ऊर्जा, रणनीतिक तकनीक और इंडो- पैसिफिक सहयोग आदि मुद्दों पर चर्चा की

### भारत का तीसरा सबसे बड़ा तेल सप्लायर बना वेनेजुएला

**नई दिल्ली।** होर्मुज स्ट्रेट बंद होने के बाद वैश्विक तेल बाजार में उथल-पुथल मच गई है। ऐसे वक्त में जब मिडिल ईस्ट के देशों की तेल सप्लाई पर असर पड़ा, तब वेनेजुएला अचानक भारत का तीसरा सबसे बड़ा कच्चा तेल सप्लायर बनकर उभरा है। एनर्जी ट्रैक करने वाली एजेंसी केप्लर के डेटा के मुताबिक, वेनेजुएला ने मई 2026 में सऊदी अरब और अमेरिका दोनों को पीछे छोड़ दिया है। अभी केवल रूस और यूएई ने ही वेनेजुएला से ज्यादा तेल सप्लाई किया है। रिपोर्ट के मुताबिक इस महीने भारत को वेनेजुएला से होने वाली तेल सप्लाई अप्रैल के मुकाबले करीब 50 फीसदी बढ़ गई है।

### 19वें रोजगार मेले में 51000 युवाओं को जॉब लेटर मिले

**नई दिल्ली।** पीएम मोदी ने 51 हजार से ज्यादा युवाओं को सरकारी नौकरी के लिए अपाइंटमेंट लेटर दिए। इसमें चुने गए युवाओं को रेलवे, गृह मंत्रालय, स्वास्थ्य विभाग, वित्तीय सेवा और उच्च शिक्षा समेत कई सरकारी विभागों में नौकरी मिली। देश के 47 शहरों में हुए 19वें रोजगार मेले में पीएम मोदी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये शामिल हुए। उन्होंने युवाओं से बातचीत भी की। इससे पहले देशभर में 18 रोजगार मेले हो चुके हैं, जिनमें करीब 12 लाख युवाओं को अपाइंटमेंट लेटर दिए जा चुके हैं। पीएम मोदी ने कहा मैंने कई देशों की बड़ी कंपनियों के नेताओं के साथ बातचीत की।

# लश्कर की करतूत था पहलगाम हमला

## NIA की चार्जशीट में खुलासा, पाकिस्तान के कसूर में रहता है मास्टरमाइंड साजिद जट्ट

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** कश्मीर के पहलगाम में पिछले साल 22 अप्रैल को हुए आतंकी हमले में पाकिस्तान का हाथ था। यह खुलासा नेशनल इन्वेस्टिगेशन एजेंसी (एनआईए) की चार्जशीट में हुआ है। हमले का मास्टरमाइंड लश्कर-ए-तैयबा आतंकी सैफुल्लाह उर्फ सैफुल्लाह साजिद जट्ट उर्फ लंगड़ा था। साजिद, पाकिस्तान के लाहौर में कसूर में रहता है।

साजिद जट्ट ही आतंकियों का मेन हैंडलर था। हमले के दौरान उसने तीनों आतंकियों से लगातार संपर्क बनाए रखा। वह उन्हें रियल टाइम डायरेक्शन दे रहा था। उसने ही हमले वाली जगह बैसरन वैली की लोकेशन भेजी थी। हमले के दौरान भी वह लगातार आतंकियों से बात कर रहा था। 15 दिसम्बर 2025 को दाखिल चार्जशीट की डिटेल्स अब सामने आई हैं। 22 अप्रैल 2025 को पहलगाम से 6 किमी दूर बैसरन घाटी में आतंकी हमले में 26 टूरिस्ट्स की मौत हुई थी। 16 लोग घायल हुए थे। लोगों को उनकी धार्मिक पहचान के आधार पर निशाना बनाया गया था। एनआईए चार्जशीट के मुताबिक टूरिस्ट गाइड परवेज अहमद जोठार और बशीर अहमद जोठार वक्त रहते जानकारी देते, तो हमला को टाला जा सकता था। दोनों गाइड ने आतंकियों को बैसरन में देखा था, लेकिन सुरक्षा एजेंसियों को नहीं बताया। दोनों गाइड्स गिरफ्तार हो चुके हैं। हमले से एक दिन पहले तीनों आतंकियों ने गाइड परवेज की झोपड़ी में खुदा के नाम पर मदद मांग कर खाना खाया। जाते वक्त रोटी-सब्जी भी साथ ले गए थे। तीनों आतंकियों ने फायरिंग से पहले बैसरन घाटी में एक पेड़ के नीचे खाना खाया। वारदात के बाद तीनों ने धार्मिक नारे लगाते हुए हर्ष फायरिंग भी की थी। चार्जशीट के मुताबिक यह हमला धर्म के आधार पर टारगेटेड मर्डर का है, जिसमें 25 टूरिस्ट और एक लोकल की मौत हुई। 28 जुलाई को ऑपरेशन महादेव में मारे गए तीन पाकिस्तानी आतंकियों को भी आरोपी बनाया है। साजिद, 2005 में बॉर्डर क्रॉस करके दक्षिण कश्मीर के कुलगाम में घुसा था। पैर में गोली लगने के कारण साजिद नकली पैर लगाता है। इसलिए उसे लंगड़ा कहा जाता है। उस पर भर्ती, फंडिंग, घुसपैठ और आतंकियों को लॉजिस्टिक सपोर्ट देने के आरोप हैं। 2019 में साजिद जट्ट लंगड़ा ने ही लश्कर के प्रॉक्सी द रेजिस्टेंस फ्रंट (टीआरएफ) को खड़ा किया था। उसे जम्मू-कश्मीर में आतंकी गतिविधियों का हैंडलर और ऑपरेशनल कमांडर माना जाता है। एनआईए ने उसे कई हमलों की साजिश से जोड़ा है, जिनमें पहलगाम हमला, डांगरी हमला, पुंछ एयरफोर्स काफिले पर हमला और रियासी बस हमला शामिल हैं। आतंकी लंगड़ा और उसके तीनों गुर्गे 20 अक्टूबर 2024 को श्रीनगर की जेड मोड़ टनल फायरिंग में भी शामिल थे।

■ 2019 में द रेजिस्टेंस फ्रंट बनाया था साजिद जट्ट ही आतंकियों का मैन हैंडलर था



### भारत ने हमले के विरोध में पाक पर की थी एयरस्ट्राइक

भारत ने पहलगाम हमले का बदला लेते हुए 6-7 मई की रात 1:05 बजे पाकिस्तान और पीओके में एयर स्ट्राइक की। इसे ऑपरेशन सिंदूर नाम दिया गया। भारत ने 24 मिसाइलें दागीं थीं। इसमें 9 आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया गया, जिसमें 100 से ज्यादा आतंकी मारे गए थे।एनआईए के मुताबिक पहलगाम आतंकी हमले में शामिल पाक आतंकी फैसल जट्ट उर्फ सुलेमान, हबीब ताहिर उर्फ जिब्रान भाई और हमजा अफगानी को सुरक्षा बलों ने 28 जुलाई, 2025 को ढेर कर दिया था। भारत के टॉप वांटेड में शामिल आतंकी लंगड़ा पर 10 लाख का इनाम है।


# तीसरी बार बढ़े पेट्रोल-डीजल व CNG के दाम

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** देश में पेट्रोल और डीजल की कीमतों में एक बार फिर बढ़ोतरी की गई है। दिल्ली में पेट्रोल 87 पैसे महंगा होकर 99.51 रुपये प्रति लीटर पहुंच गया है। डीजल 91 पैसे प्रति लीटर महंगा हुआ है। इसके दाम 92.49 रुपये पर पहुंच गए हैं।

इसके अलावा दिल्ली- एनसीआर में सीएनजी की कीमतें 1 रुपये किलो बढ़ गई हैं। इस बदलाव के बाद दिल्ली में सीएनजी अब 81.09 प्रति किलो मिलेगी। पिछले 10 दिन में यह तीसरी बढ़ोतरी है। इससे पहले सरकार ने 15 मई को सीएनजी के दाम 2 रुपये और फिर 18 मई को 1 रुपये बढ़ाए थे। नई कीमतें 23 मई से लागू हो गई हैं। ईंधन की कीमतों में 9 दिन में यह तीसरी बढ़ोतरी है। 4 दिन पहले 19 मई को पेट्रोल और डीजल के दामों में एवरेज 90 पैसे प्रति लीटर की बढ़ोतरी की गई थी। जबकि, 15 मई को भी कीमतों में 3 प्रति लीटर का इजाफा किया गया था। में पेट्रोल और डीजल की कीमतों में वृद्धि से ट्रक और टेम्पो का किराया बढ़ जाएगा, जिससे दूसरे राज्यों से आने वाली सब्जियां, फल और राशन महंगे हो जाएंगे। ट्रैक्टर और पंपिंग सेट चलाने के लिए किसानों को ज्यादा खर्च करना होगा, जिससे अनाज की लागत बढ़ेगी। सार्वजनिक परिवहन और स्कूल बसों के किराए में भी इजाफा देखने को मिल सकता है। इस बढ़ोतरी की मुख्य वजह अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव है। ईरान और अमेरिका की जंग शुरू होने से पहले क्रूड ऑयल के दाम 70 डॉलर थे, जो अब बढ़कर 100 डॉलर प्रति बैरल के पार पहुंच गए हैं। क्रूड की कीमतें बढ़ने से तेल कंपनियां दबाव में थीं। इसलिए कंपनियों ने घाटे की भरपाई के लिए यह कदम उठाया है। अगर कच्चे तेल की कीमतों में लंबे समय तक तेजी बनी रहती है, तो पेट्रोल-डीजल की कीमतें और भी बढ़ाई जा सकती हैं।

■ पेट्रोल 87 पैसे, डीजल 91 पैसे और सीएनजी एक रुपये किलो तक हुई महंगी



## संक्षिप्त समाचार



ऐश्वर्या राय बच्चन फ्रांस के कान्स में आयोजित 79वें अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव में फिल्म द बर्थडे पार्टी के प्रीमियर के दौरान।

### सुप्रीम कोर्ट ने मामलों की लिस्टिंग को लेकर नया आदेश किया जारी

**नई दिल्ली।** ईद- उल-अज़्हा (बकरीद) की छुट्टी में बदलाव के कारण सुप्रीम कोर्ट प्रशासन ने मामलों की लिस्टिंग को लेकर नया आदेश जारी किया है। सीजेआई के निर्देशानुसार, अब 28 मई को अदालत में छुट्टी रहेगी और 27 मई को नियमित कामकाज होगा। अधिवक्ता और वादकारी ध्यान दें कि 28 मई के सूचीबद्ध मामले अब एक दिन पहले यानी 27 मई को ही सुनवाई के लिए टेक-अप किए जाएंगे।

### नीट पेपर लीक की आरोपी फिजिक्स टीचर सस्पेंड

**नई दिल्ली।** महाराष्ट्र के स्कूल सेठ हीरालाल सरस्वती प्रशाला ने सीनियर फिजिक्स लेक्चरर मनीषा संजय हवलदार को नीट पेपर लीक में शामिल होने के आरोप में गिरफ्तारी के बाद तुरंत सस्पेंड कर दिया है। स्कूल सेक्रेटरी डा. सतीश गावड़े ने बताया कि मनीषा, 1992 से संस्थान में फिजिक्स की लेक्चरर हैं। उनके पास एमएससी, बीएड की डिग्री है। वह 30 जून को रिटायर होने वाली हैं। गावड़े ने मनीषा के इस काम को छात्रों, संस्थान और देश के साथ विश्वासघात बताया।

### अमरनाथ से बाबा बर्फानी की पहली तस्वीरें आई

**श्रीनगर।** अमरनाथ यात्रा शुरू होने से पहले शनिवार को बाबा बर्फानी की पहली तस्वीरें सामने आ गई हैं। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में दिख रहा है कि 6 से 7 फीट का शिवलिंग अपना आकार ले चुका है। इस दौरान सुरक्षा के लिए तैनात जवानों ने सबसे पहले शिवलिंग के दर्शन भी किए। अमरनाथ यात्रा इस साल 3 जुलाई 2026 से शुरू होकर 9 अगस्त 2026 तक चलेगी। इन दिनों रास्ते में सामान्य जगहों पर 6 से 8 फीट और हिमस्खलन वाले इलाकों में 10 से 12 फीट तक बर्फ जमी है।

### राघव चड्ढा रास की याचिका समिति के अध्यक्ष बने

**नई दिल्ली।** 'आप' छोड़कर भाजपा में शामिल हुए राघव चड्ढा को उच्च सदन की याचिका समिति का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। राज्यसभा के सभापति सीपी राधाकृष्णन ने हाल ही में राज्यसभा की याचिका समिति का पुनर्गठन किया था। उन्होंने इस समिति के लिए सदन के दस सदस्यों को मनोनीत किया है और श्री चड्ढा को समिति का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है।

# लेह के पास सेना का चीता हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त

**नई दिल्ली।** लेह के पास पूर्वी लद्दाख के ऊंचे इलाके वाले तांगत्से सेक्टर में एक चीता हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त हो गया, लेकिन एक वरिष्ठ कमांडर समेत भारतीय सेना के तीन जवान सुरक्षित बच गए।

उन्हें मामूली चोटें आई हैं। यह घटना 20 मई को लद्दाख के ऊबड़-खाबड़ पहाड़ी इलाके में एक ऑपरेशनल उड़ान के दौरान हुई थी। इस दुर्घटना की जानकारी शुक्रवार को ही सामने आई। लद्दाख दुनिया के सबसे मुश्किल उड़ान वाले इलाकों में से एक है। अधिकारियों के मुताबिक, हेलीकॉप्टर में सेना की तीसरी इन्फैंट्री डिवीजन के जनरल ऑफिसर कमांडिंग (जीओसी) मेजर जनरल सचिन मेहता सवार थे।

■ तीन अधिकारियों को आई मामूली चोटें

# तेलंगाना में हीटवेव से 16 मौतें

**नई दिल्ली।** देश का अधिकांश हिस्सा तेज गर्मी और लू की चपेट में है। तेलंगाना में अब तक गर्मी और हीटवेव की वजह से 16 मौतें हो चुकी हैं।

राज्य के राजस्व मंत्री श्रीनिवास रेड्डी ने यह जानकारी दी। शुक्रवार को मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, राजस्थान समेत उत्तर, पश्चिम और मध्य भारत के 11 राज्यों में तापमान 40 डिग्री से 47 डिग्री के बीच रहा। इन 11 राज्यों में हीटवेव का अलर्ट जारी किया गया है। सबसे ज्यादा तापमान यूपी के बांदा में 47 डिग्री और एमपी के नौगांव में 46.8 डिग्री रहा। अगले 2 दिन तक गर्मी से राहत के आसार नहीं हैं। शुक्रवार को दुनिया के 50 सबसे गर्म शहरों की लिस्ट में सभी शहर भारत के रहे। उत्तर प्रदेश, बिहार, छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र, हरियाणा के कई शहर दोपहर से पहले ही 42 से 44 डिग्री तक पहुंच गए। अकेले उत्तर प्रदेश के 22 शहर गर्म शहरों की लिस्ट में थे। सुबह 10:50 बजे ओडिशा का बलांगीर 45 डिग्री के साथ सबसे गर्म शहर रहा। दोपहर होते-होते विदर्भ के ब्रह्मपुरी में देश का सबसे ज्यादा 47.2 डिग्री तापमान रहा।



■ यूपी के बांदा में पारा 47 डिग्री रहा

# कॉकरोच जनता पार्टी का दावा: वेबसाइट बंद, इंस्टाग्राम हैक

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) ने शनिवार को सरकार पर इंस्टाग्राम अकाउंट हैक करने और वेबसाइट बंद करने का आरोप लगाया।

पार्टी ने सुबह 8.25 बजे एक्स पोस्ट में बताया कि सीजेपी का इंस्टाग्राम अकाउंट एक्सेस नहीं कर पा रहे हैं। इसके बाद पार्टी के फाउंडर अभिजीत दीपके ने दोपहर 1.14 बजे एक्स पर कहा कि सरकार ने हमारी वेबसाइट बंद कर दी है। उस पर 10 लाख लोगों ने रजिस्ट्रेशन कराया था। 6 लाख लोगों ने शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग वाली याचिका पर साइन किए थे। अभिजीत ने लिखा कि सरकार कॉकरोच से इतनी डरी हुई क्यों है? लेकिन यह तानाशाही रवैया भारत के युवाओं की आंखें खोल रहा है। आप अकाउंट को हैक करके उन पर रोक लगा सकते हैं, लेकिन आप इस आंदोलन को हैक नहीं कर सकते। इधर, पर्यावरणविद और शिक्षाविद सोनम वांगचुक ने 'कॉकरोच मूवमेंट' का समर्थन किया है। उन्होंने कहा कि मैं न बेरोजगार हूं, न आलसी, इसलिए पार्टी का सदस्य नहीं बन सकता। लेकिन मैं खुद को ऑनरेरी कॉकरोच मानता हूं। सोशल मीडिया पर सीजेपी के अकाउंट बनने के बाद 8 दिनों के दौरान इंस्टाग्राम पर दोपहर 2 बजे तक 2 करोड़ 20 लाख फॉलोअर्स हो चुके हैं। एक्स पर पहला अकाउंट ब्लॉक हो गया था। 21 मई को नया अकाउंट बना और उस पर भी फॉलोअर्स की संख्या 2 लाख पार हो चुकी है। सीजेपी के संस्थापक अभिजीत दीपके ने शुक्रवार को दावा किया था कि उन्हें व्हाट्सएप पर जान से मारने की धमकियां मिली हैं।




■ फाउंडर बोले- सरकार तानाशाह, आंदोलन नहीं रोक सकती, सोनम वांगचुक ने कहा: मैं भी कॉकरोच

मिर्गी दौरे

(मिर्गी के लक्षण)

1. अचानक बेहोश हो जाना
2. हाथ-पैर ऐंठ जाना
3. शरीर का अकड़ना
4. मुंह से झाग निकलना
5. मुठ्ठियां कसना, आंखें पथराना





डा. अय्यूब हसन 'मार्शल'
M.B.B.S., G.M.C.S. (U.K.), M.I.P.S., M.I.E.A., F.I.P.S. (Fellow of Indian Psychiatry Society)

डा. अर्सलान अय्यूब
M.B.B.S. (TU), M.I.E.A., M.I.P.S,
Member of Indian Psychiatry Association



(मानसिक रोग एवं उनके लक्षण)

1. डिप्रेशन, उदासी घबराहट (DEPRESSION)
2. पागलपन,गालियाँ देना, कानों में आवाजे आना, मारपीट, तोड़-फोड़ करना (SCHIZOPHRENIA)
3. शक की बीमारी, बार-बार हाथ धोना, ताले चेक करना (O.C.D)
4. नशा मुक्ति (शराब, भांग, सिगरेट) (DE ADDICTION)
5. बच्चों का मन्द बुद्धि होना, चिड़चिड़ा होना (ADHD), (AUTISM)
6. सरदर्द, सर का भारी होना, आधे सर में दर्द होना (MIGRAINE)
7. सेक्स समस्याएं (E.D) निसंतान

45 वर्ष से आपकी सेवा में

मार्शल मिर्गी एवं मानसिक चिकित्सा केन्द्र
पता-निकट चन्द्रा टाकीज़ सेन्ट्रल बैक के सामने, मुजफ्फरनगर (उ.प्र.) मो.: 9997892556, 9997411423

## संक्षिप्त समाचार

### उप्र के 75 जिलों में चलेगी बाल श्रमिक विद्या योजना: योगी

**लखनऊ (ब्यूरो)।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि श्रमिक राज्य की प्रगति की सबसे बड़ी शक्ति हैं। श्रमिकों को सम्मानजनक जीवन, शिक्षा और सुरक्षित कार्य वातावरण देना सरकार की प्राथमिकता है। श्रम एवं सेवायोजन विभाग की समीक्षा में शनिवार को मुख्यमंत्री ने कई निर्देश दिए। उन्होंने बाल श्रमिक विद्या योजना को नए प्रावधानों के साथ सभी 75 जिलों में लागू करने को कहा। अभी यह योजना 20 जिलों में चल रही है। योजना में 8 से 18 वर्ष के कामकाजी बच्चों को विद्यालयों से जोड़कर आर्थिक मदद दी जाती है। मुख्यमंत्री ने 'सेवामित्र व्यवस्था' को और प्रभावी बनाने को कहा। सरकारी विभागों में भी इसके उपयोग से पारदर्शिता बढ़ेगी और स्थानीय रोजगार मिलेगा। पोर्टल पर अभी 54,747 कुशल कामगार पंजीकृत हैं।

### मायावती आज करेंगी चुनावी तैयारियों की समीक्षा

**लखनऊ (ब्यूरो)।** बहुजन समाज पार्टी अध्यक्ष मायावती रविवार को लखनऊ में पार्टी की बड़ी और विशेष बैठक को संबोधित करेंगी। पार्टी की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि यह बैठक रविवार सुबह 11 बजे बसपा राज्य कार्यालय, 12 माल एवेन्यू में होगी। बैठक में उत्तर प्रदेश के सभी स्तर के वरिष्ठ पदाधिकारी और जिला अध्यक्ष शामिल होंगे। इसमें पार्टी संगठन की जमीनी और आर्थिक मजबूती तथा सर्वसमाज में जनाधार बढ़ाने को लेकर पिछली बैठक में दिए गए दिशा-निर्देशों की प्रगति रिपोर्ट ली जाएगी। बैठक में आगामी विधानसभा आम चुनाव की तैयारियों और पार्टी प्रत्याशियों के चयन को लेकर गहन समीक्षा होगी।

## पीएम पर अभद्र टिप्पणी, अजय राय पर केस

**महोबा, वार्ता**



■ महोबा पुलिस ने विभिन्न गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया, बिना सूचना निकाला था काफिला

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विरुद्ध अमर्यादित एवं आपत्तिजनक टिप्पणी करने के आरोप में उत्तर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय तथा उनके सहयोगियों के खिलाफ महोबा पुलिस ने विभिन्न गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है।

अपर पुलिस अधीक्षक वंदना सिंह ने बताया कि सदर कोतवाली में भाजपा कार्यकर्ता नीरज रावत की तहरीर पर कांग्रेस नेता अजय राय के खिलाफ मामला पंजीकृत किया गया है। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि राय शुक्रवार को प्रशासन को पूर्व सूचना दिए बिना महोबा पहुंचे और मुख्यालय स्थित सिंह वाहिनी नगर (समद नगर) में अपहरण एवं गैंगरेप की शिकार नीट छात्रा तथा उसके परिजनों से मुलाकात की। तहरीर के अनुसार अजय राय के काफिले के कारण नगर की यातायात व्यवस्था प्रभावित हुई। साथ ही कार्यकर्ताओं के साथ संवाद के दौरान उन्होंने सार्वजिनक रूप से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संबंध में कथित तौर पर अशोभनीय एवं आपत्तिजनक टिप्पणी की, जिससे भाजपा कार्यकर्ताओं और समर्थकों की भावनाएं आहत हुईं। अपर पुलिस अधीक्षक ने बताया कि पुलिस ने तहरीर के आधार पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय, सचिव ब्रजराज सिंह अहिरवार तथा 25 से 30 अज्ञात समर्थकों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धाराओं 126(2), 352, 196(1), 189(2) और 132 के तहत मुकदमा दर्ज किया है। मामले की विवेचना शुरू कर दी गई है। उल्लेखनीय है कि शुक्रवार को अजय राय के कथित बयान को लेकर महोबा में तनाव की स्थिति उत्पन्न हो गई थी।

सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल होने के बाद भाजपा कार्यकर्ता और मोदी समर्थक सड़कों पर उतर आए थे, जिससे कानून-व्यवस्था की स्थिति प्रभावित होने की आशंका पैदा हो गई थी। हालांकि, विवाद बढ़ने पर अजय राय ने सोशल मीडिया पर प्रसारित वीडियो को भाजपा द्वारा कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के माध्यम से तैयार किया गया बताते हुए इसे उन्हें बदनाम करने की साजिश करार दिया।

## उप्र में बिजली कटौती राजनीतिक मुद्दा बनी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



■ भीषण गर्मी में बिजली संकट पर सियासी घमासान शुरू
■ विपक्षी दलों के साथ-साथ सत्ताधारी भाजपा विधायकों ने भी चरमराती बिजली व्यवस्था पर सवाल खड़े किए

**लखनऊ।** भीषण गर्मी के बीच उत्तर प्रदेश में लगातार हो रही बिजली कटौती अब बड़ा राजनीतिक मुद्दा बन गई है। विपक्षी दलों के साथ-साथ सत्ताधारी दल भारतीय जनता पार्टी के विधायकों ने भी अपने क्षेत्रों में चरमराती बिजली व्यवस्था को लेकर सवाल खड़े किए हैं।

विधानसभा चुनाव से कुछ महीने पहले ही यह मामला सियासी तूल पकड़ चुका है। विपक्ष के साथ ही अपनी पार्टी के विधायकों का आरोप झेल रहे ऊर्जा मंत्री अरविद कुमार शर्मा ने कहा है कि वे सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों के सुझावों का स्वागत करते हैं और जनता की शिकायतों के समाधान के लिए हर संभव कदम उठाए जाएंगे। दरअसल लखनऊ पूर्व से भाजपा विधायक ओपी श्रीवास्तव ने ऊर्जा मंत्री अरविद कुमार शर्मा को पत्र लिखकर अपने क्षेत्र इंदिरा नगर, मुंशीपुलिया, लक्ष्मणपुरी, रवीन्द्रपल्ली, निशातगंज, कल्याणपुर, महानगर, विकास नगर और गोमती नगर समेत कई इलाकों में अघोषित बिजली कटौती से जनता को हो रही परेशानी का मुद्दा उठाया। इससे पहले सरोजनीनगर विधायक राजेश्वर सिंह और लखनऊ उत्तर के विधायक नीरज बोरा भी अपने क्षेत्रों में बिजली संकट को लेकर मंत्री को पत्र लिख चुके हैं। कुछ दिन पहले ही मंत्री बने ऊंचाहार विधायक मनोज पांडेय ने भी आंधी से क्षतिग्रस्त हुए बिजली तंत्र के कारण आपूर्ति बाधित होने पर चिंता जताई थी। विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडेय ने उत्तर प्रदेश बिजली निगम के प्रबंध निदेशक को पत्र लिखकर सिद्धार्थनगर जिले में लम्बी बिजली कटौती की शिकायत की।

उन्होंने कहा कि इटवा विधानसभा क्षेत्र के कई इलाकों में बड़े पैमाने पर कटौती की जा रही है और तत्काल आपूर्ति बहाल करने की मांग की। वहीं बसपा अध्यक्ष मायावती ने सोशल मीडिया पर लिखा कि भीषण गर्मी में कम आपूर्ति और कटौती से गरीब, मध्यम वर्ग, किसान, छोटे व्यापारी और मेहनतकश लोगों का जीवन कष्टदाई हो गया है। उन्होंने सरकार से तत्काल सुधार और नए बिजलीघरों से आपूर्ति बढ़ाने की अपील की। इधर, सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भी बिजली की मांग और दाम तो बढ़ रहे हैं, लेकिन आपूर्ति नहीं बढ़ रही। उन्होंने सरकार की नई उत्पादन क्षमता को लेकर योजना पर सवाल उठाए।

### कई जिलों में सुबह 11 बजे से सड़कों पर सन्नाटा पसर गया

## उप्र में लगा लू का कर्फ्यू, जल्द पड़ेंगी फुहारें

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



■ अधिक इलाकों में लू का असर रात को भी दिखने लगा
■ बिजली की किल्लत से यूपी के लोग परेशान

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में भीषण गर्मी और लू का प्रकोप लगातार जारी है। मौसम विभाग ने आगामी दिनों में प्रदेश के पूर्वी हिस्सों में भीषण लू तथा पश्चिमी हिस्सों में तेज धूलभरी हवाओं और कहीं-कहीं गरज-चमक के साथ हल्की बारिश की संभावना जताई है।

इस बीच प्रचंड गर्मी और लू से शनिवार को भी लोग बेहाल रहे। सुबह 11 बजे से सड़कों पर आमतौर पर सन्नाटा पसर गया। सड़कों पर यातायात सामान्य से काफी कम रहा। इस दौरान व्यवसायिक गतिविधियां बुरी तरह प्रभावित हुई हैं हालांकि सड़क किनारे बेल का शर्बत, आम का पना, गन्ने का रस, लस्सी, नीबूं पानी और कोल्ड ड्रिक्स बेचने की पौ बारह रहीं। प्रदेश के अधिसंख्य इलाकों में लू का असर रात को भी दिखने लगा है। गर्म हवाएं रात को भी सता रही है।

मौसम के तल्ख मिजाज के बीच राज्य में बिजली की मांग पीक आवर्स में 30 हजार मेगावाट से अधिक पहुंचने लगी है। बिजली विभाग मांग और आपूर्ति में तालमेल बैठाने के लिए पुरजोर कोशिश कर रहा है मगर जर्जर ट्रांसफार्मरों और केबिलों के दगा देने से कई इलाकों में बिजली की आवाजाही लगातार बनी हुई है। बिजली की किल्लत से परेशान कुछ स्थानों पर विद्युत उपकेंद्रों पर उपभोक्ताओं और कर्मचारियों के बीच नोकझोंक आम होती जा रही है। गर्मी और लू के चलते बीमारियों ने भी पांव पसारना शुरु कर दिया है, नतीजन अस्पतालों और नर्सिंग होम्स में मरीजों की संख्या में उल्लेखनीय इजाफा हुआ है। इनमें से अधिकांश मरीज डिहाइड्रेशन, बुखार के थे।

### वेस्ट यूपी में 23 व 24 को पड़ेंगी बौछारें

मौसम विभाग ने बताया कि 23 और 24 मई को पश्चिमी उत्तर प्रदेश में कुछ स्थानों पर गरज-चमक के साथ बौछारें पड़ सकती हैं तथा 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से तेज हवाएं चलने की संभावना है, जिनकी गति झोंकों में 60 किलोमीटर प्रति घंटा तक पहुंच सकती है। वहीं पूर्वी उत्तर प्रदेश में मौसम मुख्यत: शुष्क रहने के साथ लू से भीषण लू चलने की चेतावनी जारी की गई है। पूर्वानुमान के अनुसार 25 से 27 मई तक प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में मौसम शुष्क बना रहेगा। इस दौरान पश्चिमी उत्तर प्रदेश में लू तथा पूर्वी उत्तर प्रदेश में भीषण लू चलने की संभावना है। मौसम विभाग ने गर्म रात (वार्म नाइट) की भी चेतावनी जारी की है। 28 और 29 मई को पश्चिमी एवं पूर्वी दोनों हिस्सों में कहीं-कहीं बारिश और गरज-चमक के साथ बौछारें पड़ सकती हैं, हालांकि कई इलाकों में लू का असर जारी रहने की संभावना है।

चिकित्सकों ने सलाह दी है कि गर्मी को देखते हुए तेल मसाला युक्त भोजन, बासी भोजन, फास्ट फूड आदि से परहेज करें। भूख से कुछ कम खाएं और खीरा, ककड़ी, पपीता, खरबूजा और तरबूज आदि फल भरपूर मात्रा में लें। मौसम केंद्र लखनऊ द्वारा शनिवार को जारी दैनिक मौसम पूर्वानुमान बुलेटिन के अनुसार पिछले 24 घंटों के दौरान प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में मौसम शुष्क बना रहा, जबकि तापमान सामान्य से ऊपर दर्ज किया गया।

## डंपर ने एक परिवार के पांच सदस्यों को रौंदा, चार मरे

**बाराबंकी, वार्ता**

■ मां जिंदगी और मौत के बीच संघर्ष कर रही है

उत्तर प्रदेश में बाराबंकी जिले के फतेहपुर कोतवाली क्षेत्र में शनिवार सुबह सड़क किनारे मच्छरदानी लगाकर सो रहे एक परिवार को तेज रफ्तार डंपर ने कुचल दिया। इस हादसे में पिता, दो बेटे और एक बेटी की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि मां जिदगी और मौत के बीच संघर्ष कर रही है।

पुलिस सूत्रों ने बताया कि क्षेत्र के ग्राम झांसा निवासी नीरज चौहान (36) अपनी पत्नी आरती (34), पुत्र अनुराग (12), आशू (8) तथा पुत्री आंशिक (10) के साथ भीषण गर्मी के कारण सड़क किनारे जमीन पर मच्छरदानी लगाकर सो रहे थे। इसी दौरान सुबह करीब तीन बजे महमूदाबाद की ओर से तेज रफ्तार में आ रहे एक डंपर ने अनियंत्रित होकर पूरे परिवार को रौंद दिया। हादसा इतना भयावह था कि नीरज चौहान और बड़े पुत्र अनुराग की मौके पर ही मौत हो गई। आसपास के लोग दौड़कर मौके पर पहुंचे और गंभीर रूप से घायल आरती, आशिका और आशू को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद तीनों की हालत नाजुक देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया, जहां रास्ते में मासूम अंशिका व आशू ने भी दम तोड़ दिया। एक ही परिवार के चार लोगों की मौत से गांव में कोहराम मचा हुआ है।

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज़ पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

# बिज़नेस-टाइम्स

सेंसेक्स 75415.35
निफ्टी 23719.30

सोना 159490 प्रति 10 ग्राम
चांदी 285000 प्रति किलो

## केंद्र सरकार को 286588 करोड़ रुपये देगा रिजर्व बैंक

**मुंबई, वार्ता**

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) लेखा वर्ष 2025.26 की अपनी शुद्ध आय में से 2,86,588.46 करोड़ रुपये केंद्र सरकार को हस्तांतरित करेगा। गवर्नर संजय मल्होत्रा की अध्यक्षता में शुक्रवार को हुई आरबीआई के केंद्रीय निदेशक मंडल की 623वीं बैठक में यह निर्णय लिया गया।

बैठक में बोर्ड ने वित्त वर्ष 2025.26 के लिए रिजर्व बैंक के वार्षिक खातों पर विचार-विमर्श किया। जोखिम प्रावधान और वैधानिक निधियों में हस्तांतरण से पहले बैंक की शुद्ध आय वित्त वर्ष 2025.26 में 3,95,972.10 करोड़ रुपये रही जिसमें वर्तमान व्यापक आर्थिक परिस्थितियों, बैंक के वित्तीय प्रदर्शन और उपयुक्त जोखिम बफर की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए, केंद्रीय बोर्ड ने वित्त वर्ष 2025.26 के लिए 1,09,379.64 करोड़ रुपये आकस्मिक जोखिम बफर (सीआरबी) में स्थानांतरित करने और लेखा वर्ष 2025.26 के लिए 2,86,588.46 करोड़ रुपये की अधिशेष राशि केंद्र सरकार को हस्तांतरित करने की मंजूरी दी। संशोधित आर्थिक पूंजी ढांचा (ईसीएफ) सीआरबी को बैलेंस शीट के आकार के 4.5 प्रतिशत से 7.5 प्रतिशत के बीच बनाए रखने का लचीलापन प्रदान करता है। केंद्रीय बोर्ड ने कहा है कि सीआरबी को बैलेंस शीट के आकार के 6.5 प्रतिशत पर बनाए रखने का निर्णय लिया गया है। वित्त वर्ष 2024.25 में यह राशि 44,861.70 करोड़ रुपये थी जिसे बढ़ाकर 1,09,379.64 करोड़ रुपये किया गया है। केंद्रीय बैंक की प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया है कि बैंक की सकल आय में सालना 26.42 प्रतिशत की वृद्धि हुई। साथ ही जोखिम प्रावधानों से पहले व्यय में 27.60 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। जोखिम प्रावधान और वैधानिक निधियों में हस्तांतरण से पहले बैंक की शुद्ध आय वित्त वर्ष 2025.26 में 3,95,972.10 करोड़ रुपये रही। वित्त वर्ष 2024.25 में यह आंकड़ा 3,13,455.77 करोड़ था। बैंक की बैलेंस शीट 31 मार्च 2026 तक 20.61 प्रतिशत बढ़कर 91,97,121.08 करोड़ रुपये हो गई। बैठक में वैश्विक और घरेलू आर्थिक परिदृश्य तथा उससे जुड़े जोखिमों की भी समीक्षा की गई।

### भारतीय सहकारी गृह निर्माण समिति के सचिव धन शोधन के मामले में गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने भारतीय सहकारी गृह निर्माण समिति के सचिव अजय सहगल को धन शोधन के एक मामले में गिरफ्तार किया है। ईडी अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सहगल को शुक्रवार को गिरफ्तार किया गया। यह मामला पंजाब सरकार से सनटेक सिटी परियोजना के लिए धोखाधड़ी से 'जमीन के इस्तेमाल में बदलाव' हासिल करने के लिए नकली सहमति पत्र जमा करने से जुड़ा है। उन्होंने कहा कि हमने जीएमएडीए और जमीन के इस्तेमाल में बदलाव से जुड़े घोटाले में एक गिरफ्तारी की है। ईडी ने पंजाब पुलिस द्वारा दर्ज की गई प्राथमिकी के आधार पर जांच शुरू की थी।

## चावल, गेहूं नरम, दालों और खाद्य तेलो में रही घट-बढ़

**नई दिल्ली, वार्ता**



घरेलू थोक जिंस बाजारों में शनिवार को चावल की औसत कीमत गिर गई। चावल के साथ गेहूं में भी नरमी देखी गई। चीनी के भाव में टिकाव रहा जबकि दालों और खाद्य तेलों में उतार-चढ़ाव का रुख रहा।

औसत दर्जे के चावल की औसत कीमत 11 रुपये घटकर 3,859.37 रुपये प्रति क्विंटल रह गई। गेहूं 10 रुपये की गिरावट में 2,774 रुपये प्रति क्विंटल बोला गया। आटा 12 रुपये सस्ता हुआ। दाल.दलहनों में मिलाजुला रुख रहा। मसूर दाल की औसत कीमत 23 रुपये और चना दाल की 18 रुपये प्रति क्विंटल गिर गई। उड़द दाल आठ रुपये और मूंग दाल सात रुपये सस्ती हुई। तुअर दाल की कीमत 18 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गई। स्थानीय बाजारों में सरसों तेल 44 रुपये प्रति क्विंटल फिसल गया। वनस्पति चार रुपये और पाम ऑयल तीन रुपये सस्ता हुआ। सूरजमुखी तेल की कीमत 35 रुपये और सोया तेल की 30 रुपये बढ़ गई। मूंगफली तेल 21 रुपये महंगा हुआ। मीठे के बाजार में आज गुड़ का औसत भाव सात रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गया जबकि चीनी में कमोबेश टिकाव देखा गया। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के दिन के औसत थोक भाव इस प्रकार रहे: दाल.दलहन: दाल चना 7659.61 रुपये, मसूर काली 8112.36 रुपये, मूंग दाल 10154.89 रुपये, उड़द दाल 10837.37 रुपये, तुअर दाल 11271.36 रुपये प्रति क्विंटल रही। अनाज : गेहूं दड़ा 2774.21 रुपये और चावल 3859.37 रुपये प्रति क्विंटल और आटा (गेहूं) 3245.79 रुपये प्रति क्विंटल रहा। चीनी-गुड़: चीनी एस 4326.25 रुपये और गुड़ 5040.47 रुपये प्रति क्विंटल बोले गए। खाद्य तेल : सरसों तेल 17896.53 रुपये, मूंगफली तेल 18984.22 रुपये, सूरजमुखी तेल 17532.65 रुपये, सोया तेल 14988.16 रुपये, पाम ऑयल 13573.90 रुपये और वनस्पति 15007.50 रुपये प्रति क्विंटल के स्तर पर रहा।

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काज़ीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

Cipzer
— HEALTH WITH CARE —
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहज़मी जॉन्डिस, फेटी लीवर, एल्कॉहलिक लिवर डिज़ीज़ आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

## मदरसा बोर्ड परीक्षा 2026 का परिणाम घोषित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश मदरसा शिक्षा परिषद, लखनऊ द्वारा संचालित अरबी व फारसी की मुंशी-मौलवी और आलिम बोर्ड परीक्षा वर्ष 2026 का परिणाम शुक्रवार को दोपहर 3 बजे घोषित कर दिया गया।

परिणाम की घोषणा अल्पसंख्यक कल्याण, मुस्लिम वक्फ एवं हज मंत्री ने ओम प्रकाश राजभर और दानिश अंसारी ने की। मंत्री ओम प्रकाश राजभर ने इसकी जानकारी देते हुए बताया कि वर्ष 2026 की मदरसा बोर्ड परीक्षा के लिए कुल 80,933 छात्र-छात्राएं पंजीकृत थे। इनमें से 63,211 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हुए, जबकि 17,722 अनुपस्थित रहे। परीक्षा प्रक्रिया को पारदर्शी बनाने के लिए आधुनिक तकनीक का इस्तेमाल किया गया। राजभर ने बताया कि सभी परीक्षा केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरे लगाए गए थे, जिसकी निगरानी सीधे मदरसा बोर्ड मुख्यालय से की गई। इस तरह पूरी परीक्षा नकलविहीन और शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न हुई है। उन्होंने बताया कि सेकेंडरी यानी मुंशी-मौलवी परीक्षा में कुल 62,232 परीक्षार्थी पंजीकृत थे। इनमें से 47,036 छात्र-छात्राएं परीक्षा में शामिल हुए, जबकि 15,196 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। इस स्तर पर दीनियात, फारसी, उर्दू साहित्य, सामान्य अंग्रेजी और सामान्य हिदी जैसे विषय अनिवार्य थे। राजभर ने बताया कि सीनियर सेकेंडरी यानी आलिम परीक्षा में कुल 18,701 परीक्षार्थी पंजीकृत थे। इनमें से 16,175 छात्र-छात्राएं परीक्षा में शामिल हुए, जबकि 2,526 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। इस स्तर पर दीनियात, फारसी, उर्दू साहित्य और सामान्य अंग्रेजी जैसे विषय अनिवार्य थे।

वहीं गृह विज्ञान, सामान्य हिदी, तर्कशास्त्र एवं दर्शनशास्त्र, सामाजिक विज्ञान, सामान्य विज्ञान, तिब और टंकण जैसे विषय वैकल्पिक के तौर पर थे। छात्रों के लिए किसी एक वैकल्पिक विषय का चयन अनिवार्य रखा गया था। मदरसा बोर्ड परीक्षा में अरबी और फारसी दोनों भाषाएं शामिल हैं, जिससे पारंपरिक इस्लामिक शिक्षा के साथ भाषाई अध्ययन को भी बढ़ावा मिल रहा है। गौरतलब है कि मदरसा बोर्ड की परीक्षाएं 9 फरवरी से 14 फरवरी के मध्य आयोजित की गई थीं। परीक्षा दो पालियों में संपन्न हुई। प्रथम पाली सुबह 8 बजे से 11 बजे तक आयोजित हुई, जिसमें मुंशी और मौलवी की परीक्षाएं कराई गईं। वहीं दूसरी पाली दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक चली, जिसमें आलिम अरबी और फारसी की परीक्षाएं आयोजित की गईं। प्रदेशभर में कुल 277 परीक्षा केंद्र बनाए गए थे। परीक्षा केंद्रों का निर्धारण जिलाधिकारी की अध्यक्षता में गठित समिति द्वारा किया गया था, जिसे अंतिम रूप से निदेशक, अल्पसंख्यक कल्याण के स्तर पर गठित राज्य स्तरीय समिति द्वारा प्रदान किया गया।

## तीन बार ईंधन मूल्य वृद्धि, सरकार में संकट का संकेत

**नई दिल्ली, वार्ता**



■ कच्चे तेल की कीमतें कम रहने के दौरान कोई राहत नहीं दी : खड़गे

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने पेट्रोल के दाम में आठ दिन के भीतर तीसरी बार वृद्धि को लेकर सरकार पर निशाना साधा और कहा कि मौजूदा स्थिति को देखकर लगता है कि सरकार में नेतृत्व का संकट पैदा हो गया है जिसके कारण बार-बार ईंधन के दाम बढ़ाए जा रहे हैं।

खड़गे ने शनिवार को सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतें कम रहने के दौरान सरकार ने जनता को राहत नहीं दी, बल्कि पेट्रोलियम उत्पादों पर भारी कर लगाकर लोगों पर बोझ डाला और अब संकट की स्थिति में भी सरकार आम लोगों को राहत देने के बजाय बार-बार और लगातार ईंधन की कीमतों में वृद्धि कर रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि पेट्रोल-डीजल पर रोजाना लगभग 1000 करोड़ रुपये का केंद्रीय कर लगाया गया है, लेकिन जब अंतर्राष्ट्रीय दाम कम थे तब जनता को उसका लाभ नहीं पहुंचाया गया। उन्होंने कहा कि पश्चिम एशिया में तनाव बढ़ने के दौरान इटली, ऑस्ट्रेलिया, जर्मनी, ब्रिटेन और आयरलैंड जैसे देशों ने अपनी जनता को राहत देने के लिए ईंधन पर करों में कटौती अथवा राहत पैकेज दिए, लेकिन भारत में इसके विपरीत कदम उठाए गए। उन्होंने कहा कि इटली ने ईंधन पर एक्साइज कटौती की, ऑस्ट्रेलिया और जर्मनी ने करों में कमी कर पेट्रोल-डीजल की कीमतों में राहत दी, ब्रिटेन ने घरों को ऑयल सहायता तथा ईंधन एवं बिजली पर करों में राहत दी, जबकि आयरलैंड ने राहत पैकेज के जिरए ईंधन कीमतों में कमी की। कांग्रेस अध्यक्ष ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से सवाल किया कि वह बताएं 'इस लूट की किश्त किस-किस को जा रही है' और आरोप लगाया कि सरकार में 'लीडरशिप क्राइसिस' वास्तविक है, जिसे अब देश की जनता समझ रही है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता प्रमोद तिवारी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 2014 के पुराने बयानों का जिक्र करते हुए कहा कि उस समय श्री मोदी पेट्रोल को 30 रुपये प्रति लीटर करने की बात करते थे लेकिन आज कीमतें 100 रुपये प्रति लीटर के करीब पहुंच चुकी हैं। तिवारी ने कहा कि वादा 30 का किया था, लेकिन जनता को 100 रुपये का पेट्रोल मिल रहा है।

### कांग्रेस आलाकमान से मिले सतीशन

**नई दिल्ली।** केरल के मुख्यमंत्री वीडी सतीशन ने शनिवार को यहां कांग्रेस संसदीय दल की नेता सोनिया गांधी, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के साथ ही पार्टी के अन्य शीर्ष नेताओं से मुलाकात की। कांग्रेस सूत्रों के अनुसार सतीशन ने श्रीमती गांधी तथा खड़गे के अलावा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी तथा केरल के वायनाड से कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा सहित कई अन्य नेताओं से भी मुलाकात की। श्रीमती गांधी से उन्होंने उनके आवास 10 जनपथ में मुलाकात की जबकि खड़गे से मिलने वह उनके 10, राजा जी मार्ग स्थित आवास पर पहुंचे। सतीशन ने कहा कि मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने के बाद वह पहली बार दिल्ली आए हैं और इस दौरान उन्होंने कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व से शिष्टाचार भेंट की है।

### सिंगरौली खनन मामले में संवेदनशीलता से विचार करे सरकार: कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने कहा है कि मध्य प्रदेश के सिगरौली के घने जंगल क्षेत्र में कोयला खनन परियोजना के खिलाफ कानूनी चुनौती का विकल्प अभी खुला है और सरकार को पर्यावरण तथा जनहित से जुड़े इस मामले में संवेदनशीलता के साथ विचार करना चाहिए। कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने शनिवार को सोशल मीडिया एक पर लिखा कि पिछले वर्ष मई में पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय ने मध्य प्रदेश के सिगरौली जिले के घने जंगल क्षेत्र में कोयला खनन के एक प्रस्ताव को मंजूरी दी थी। उन्होंने आरोप लगाया कि लगभग 7000 एकड़ का यह क्षेत्र वर्ष 2011 में जंगलों की समृद्धि और हाथी कॉरिडोर की मौजूदगी के कारण खनन के लिए 'नो-गो एरिया' के रूप में चिह्नित किया गया था।

# सीएम ने नीति एक्सट्रीम अल्ट्रा रन 2026 के काउंटडाउन रन को किया फ्लैग ऑफ

## मुख्यमंत्री ने 'क्यालु- हिम तेंदुआ' शुभंकर का किया अनावरण, प्रतिभागियों के साथ प्रतीकात्मक दौड़ में हुए शामिल







■ देश के 27 राज्यों और 2 देशों से 900 से अधिक प्रतिभागियों ने कराया पंजीकरण
■ कहा, नीति एक्सट्रीम अल्ट्रा रन सीमांत क्षेत्रों में पर्यटन, रोजगार और युवा उद्यमिता को देगा नई गति

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शनिवार को मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय में नीति एक्सट्रीम अल्ट्रा रन 2026 के काउंटडाउन रन कार्यक्रम का फ्लैग ऑफ किया और मशाल प्रज्ज्वलित कर प्रतीकात्मक दौड़ में प्रतिभाग किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने 31 मई 2026 को होने वाले नीति एक्सट्रीम अल्ट्रा रन के शुभंकर ष्क्यालु- हिम तेंदुआष का अनावरण भी किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि नीति एक्सट्रीम अल्ट्रा रन केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि सीमांत क्षेत्रों में नई ऊर्जा, नए अवसर और नए विश्वास को जागृत करने का अभियान है। उन्होंने कहा कहा कि कार्यक्रम में युवाओं का उत्साह, ऊर्जा और आत्मविश्वास यह दर्शाता है कि देवभूमि उत्तराखंड के युवाओं में साहस, संकल्प और देश के लिए कुछ बड़ा करने का जज्बा कूट-कूट कर भरा है। उन्होंने कहा कि आज यहां गूंज रहे युवाओं के कदम आने वाले समय में नीति घाटी की ऊंचाइयों पर इतिहास रचेंगे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह दौड़ केवल शारीरिक क्षमता की परीक्षा नहीं, बल्कि इच्छाशक्ति, धैर्य और आत्मविश्वास को मजबूत करने का माध्यम भी है। उन्होंने कहा कि नीति घाटी जैसे दुर्गम एवं चुनौतीपूर्ण क्षेत्र में दौड़ने के लिए बुलंद हौंसला, हिमालय जैसा अडिग विश्वास और चुनौतियों को स्वीकार करने का साहस आवश्यक है। उन्होंने प्रतिभागियों को देवभूमि उत्तराखंड के साहस, पर्यटन और सामर्थ्य का ब्रांड एंबेसडर बताया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज उत्तराखंड केवल प्राकृतिक सौंदर्य और आध्यात्मिक शक्ति का प्रतीक नहीं, बल्कि हर क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ता नया उत्तराखंड है। उन्होंने कहा कि नीति एक्सट्रीम अल्ट्रा रन नए उत्तराखंड की शक्ति और सामर्थ्य के प्रदर्शन का प्रतीक बनेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का यह विजन कि सीमावर्ती गांव देश के अंतिम नहीं, बल्कि पहले गांव हैं, इस आयोजन के माध्यम से साकार हो रहा है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि यह आयोजन सीमांत क्षेत्रों में पर्यटन, रोजगार, होमस्टे, स्थानीय उत्पादों और युवा उद्यमिता को नई गति प्रदान करेगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आगामी 31 मई को नीति घाटी की पावन एवं दुर्गम धरती पर आयोजित होने वाला यह कार्यक्रम उत्तराखंड के खेल एवं एडवेंचर टूरिज्म के इतिहास में स्वर्णिम अध्याय लिखेगा। उन्होंने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि देश के 27 राज्यों और 2 अन्य देशों से 900 से अधिक प्रतिभागियों ने इस महाआयोजन के लिए पंजीकरण कराया है, जो युवाओं में इस आयोजन के प्रति बढ़ते आकर्षण का प्रमाण है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में फिट इंडिया मूवमेंट, खेलो इंडिया एवं राष्ट्रीय खेलों जैसे अभियानों के माध्यम से खेल और फिटनेस को जनआंदोलन बनाया जा रहा है। इस अवसर पर सचिव पर्यटन धीराज गर्ब्याल, अपर मुख्य कार्यकारी अधिकारी, पर्यटन विकास परिषद नरेन्द्र भंडारी एवं अनेक प्रतिभागी मौजूद थे।

# चारधाम में आस्था का सैलाब: दर्शनार्थियों की संख्या पहुंची 20.76 लाख के पार

■ केदारनाथ में पहुंच चुके हैं 08 लाख 11 हजार से अधिक श्रद्धालु
■ शनिवार को एक दिन में रिकॉर्ड 96 हजार से अधिक तीर्थयात्रियों ने किए दर्शन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** चारधाम दर्शन को आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा है। चारों धामों में दर्शन को श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लग रही हैं, लेकिन व्यवस्थाएं दुरुस्त होने से यात्रा सुचारु रूप से चल रही है। आज शनिवार को रिकॉर्ड 96 हजार 116 तीर्थयात्रियों ने चारधाम दर्शन किए। कुल दर्शनार्थियों का आंकड़ा 20 लाख 76 हजार को पार कर चुका है जबकि केदारनाथ में 08 लाख 11 हजार से अधिक तीर्थयात्री दर्शन कर चुके हैं। उच्च हिमालयी क्षेत्र की यात्रा होने से आपदा प्रबंधन को अलर्ट मोड पर रखा गया है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शीर्ष अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि मौसम प्रतिकूल होने पर हर एक श्रद्धालु की सुरक्षा और सुविधा का पूरा ध्यान रखा जाए।

धामी सरकार के कुशल यात्रा प्रबंधन के चलते चारधाम यात्रियों की संख्या लगातार बढ़ रही है। यात्रा का विगत 19 अप्रैल को श्रीगणेश हुआ था और आज शनिवार 23 मई तक यानी 35 दिनों में 20 लाख 76 हजार 553 श्रद्धालु चारधाम दर्शन कर चुके हैं। इनमें केदारनाथ में 8,11,923, बद्रीनाथ में 5,56,437, गंगोत्री में 3,52,162 और यमुनोत्री धाम में 3,56,031तीर्थयात्री पहुंचे हैं।

### हेमकुंट साहिब में कपाटोद्घाटन के साक्षी बने 6605 श्रद्धालु

विश्व प्रसिद्ध तीर्थस्थल श्री हेमकुंट साहिब के कपाट आज शनिवार को आम श्रद्धालुओं के दर्शनार्थ खोल दिए गए हैं। पहले दिन 06 हजार 605 श्रद्धालुओं ने दर्शन किए। पंच प्यारों की अगुवाई में सिख श्रद्धालुओं का पहला जत्था शनिवार सुबह रवाना होकर हेमकुंट साहिब पहुंचा. 'बोले सो निहाल, सत श्री अकाल' के जयकारों से पूरी लोकपाल घाटी गूंज उठी।

आज शनिवार को एक दिन में ही चारों धामों में 96 हजार 116 श्रद्धालुओं ने दर्शन किए। बद्रीनाथ में सर्वाधिक 32,219 तीर्थयात्री पहुंचे। जबकि केदारनाथ में 29,787, यमुनोत्री में 16,213 और गंगोत्री धाम में 17,897 श्रद्धालुओं ने दर्शन किए।

### दो दिवसीय उत्तराखण्ड दौरे पर पहुंचे मुख्य निर्वाचन आयुक्त

# सीईसी ने सीमांत पोलिंग बूथ का किया स्थलीय निरीक्षण



■ हर्षिल में बीएलओ मिंटो देवी के काम को सराहा, पूरे देश के लिए प्रेरणा बताया
■ एसआई आर कार्य में समर्पण के साथ जुटे सभी बीएलओ को सैल्यूट: ज्ञानेश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**उत्तरकाशी।** मुख्य निर्वाचन आयुक्त श्री ज्ञानेश कुमार दो दिवसीय उत्तराखण्ड दौरे के लिए शनिवार को उत्तरकाशी पंहुचे। इस अवसर पर मुख्य निर्वाचन अधिकारी उत्तराखंड डॉ. बी.वी. आर.सी. पुरुषोत्तम ने उत्तरकाशी स्थित झाला हैलीपैड पर उनका स्वागत किया। मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने सीमांत जिले के पोलिंग बूथ का स्थलीय निरीक्षण किया और विशेष गहन पुनरीक्षण की तैयारियों की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने गंगोत्री धाम पंहुचकर धर्मपत्नी के साथ गंगोत्री मंन्दिर के दर्शन कर विशेष पूजा अर्चना की। मुख्य निर्वाचन आयुक्त रविवार को देहरादून में एसआईआर के सम्बंध में तैयारियों की समीक्षा करेंगे।

मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार दो दिवसीय उत्तराखण्ड दौरे पर शनिवार को उत्तरकाशी पंहुचे। इस दौरान उन्होंने भारत-चीन सीमा से सटे उत्तरकाशी जिले के गंगोत्री विधानसभा के सीमांत गांव हर्षिल में स्थित पोलिंग बूथ का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने बूथ लेवल ऑफिसर के साथ विस्तृत संवाद किया तथा एसआईआर की मैपिंग आदि के बारे में जानकारी ली।इस अवसर पर मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ बी. वी.आर.सी.पुरुषोत्तम ने आगामी एसआईआर की मैपिंग, एएसडीडी सूची के सम्बंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी मुक्ता मिश्र,उप मुख्य निर्वाचन अधिकारी किशन सिंह नेगी,ईआरओ गंगोत्री/एसडीएम शालिनी नेगी सहित पुलिस एवं जिला प्रशासन के अधिकारी उपस्थित रहे।

**'स्मार्ट' तकनीक से मतदाता सूची का शुद्धीकरण:** इस अवसर पर मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने कहा कि बूथ लेवल ऑफिसर्स ग्राउंड लेवल पर कर्मठता के साथ बीएलओ ऐप के माध्यम से सूची में शामिल "एब्सेंट,शिफ्टेड,डेथ, डूप्लीकेट और विदेशी मतदाताओं" को चिन्हित कर मतदाता सूची के शुद्धिकरण का कार्य कर रहे हैं,साथ ही 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके पात्र मतदाताओं को वोटर लिस्ट में जोड़ने का कार्य कर रहे हैं। उन्होंने बीएलओ मिंटू देवी के कार्यों जमकर सराहना की।

# आईटीआई और उद्योगों के बीच बढ़ा समन्वय

■ कोटद्वार में आयोजित कार्यशाला में 08 एमओयू हस्तांतरित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कोटद्वार।** आईटीआई प्रशिक्षुओं एवं स्थानीय उद्योगों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने तथा कौशल आधारित रोजगार के अवसरों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से जिला उद्योग केंद्र, कोटद्वार में कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का आयोजन सीम. ेंस, टाटा स्ट्राइव, आईटीआई तथा जिला उद्योग केंद्र, कोटद्वार के संयुक्त सहयोग से किया गया।

कार्यशाला के दौरान आईटीआई एवं विभिन्न उद्योगों के मध्य 08 एमओयू हस्तांतरित किए गए, जिससे तकनीकी प्रशिक्षण और औद्योगिक आवश्यकताओं के बीच तालमेल को और मजबूती मिलेगी। कार्यक्रम में 25 से अधिक उद्योगों तथा आईटीआई के 40 से अधिक प्रशिक्षुओं ने सहभागिता करते हुए 11 नवाचार आधारित प्रोजेक्ट्स प्रदर्शित किए। इनमें से कई प्रोजेक्ट्स को उद्योगों के लिए उपयोगी एवं व्यवहारिक माना गया।

कार्यशाला में स्थानीय उद्योगों, आईटीआई प्रतिनिधियों, प्रशिक्षकों एवं प्रशिक्षुओं की सक्रिय भागीदारी देखने को मिली। प्रतिभागियों ने इस पहल को कौशल शिक्षा और उद्योगों के बीच मजबूत साझेदारी की दिशा में प्रभावी कदम बताया। कार्यक्रम में कुल 110 से अधिक प्रतिभागी उपस्थित रहे। कार्यशाला के माध्यम से प्रशिक्षुओं को उद्योगों की कार्यप्रणाली, तकनीकी आवश्यकताओं और रोजगार संभावनाओं की जानकारी भी दी गयी। कार्यक्रम में जिला उद्योग केंद्र के महाप्रबंधक सोमनाथ गर्ग एवं प्रबंधक राजेन्द्र प्रकाश आर्य, सिडकुल निर्माता संघ के अध्यक्ष सुनील गुप्ता एवं सचिव विवेक चौहान, आईटीआई कोटद्वार के प्रधानाचार्य सुशील कुमार तथा आईटीआई दुगड्डा के प्रधानाचार्य गोविंदा उपस्थित रहे। वहीं सीमेंस एवं टाटा स्ट्राइव की ओर से सैबल अदक, प्रसन्न सिंह नेगी एवं सुभाष डबराल ने कार्यशाला के आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी।




# श्रीनगर में पेयजल संकट गहराया सूखे नलों से लोगों में आक्रोश

■ शीघ्र जलापूर्ति बहाल न होने पर आंदोलन की चेतावनी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**श्रीनगर।** गर्मियों की शुरुआत के साथ ही श्रीनगर शहर में पेयजल संकट गहराता जा रहा है। नगर निगम क्षेत्र के तोल्यूसैंण, अपर बाजार, गणेश बाजार, भक्तियाना सहित कई इलाकों में पिछले कई दिनों से पानी की आपूर्ति ठप पड़ी है, जिससे आमजन को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि वे रोजाना पानी का इंतजार कर रहे हैं, लेकिन नलों से एक बूंद पानी भी नहीं आ रहा है। बाजार क्षेत्र निवासी अमित डूंगरियाल, राहुल रौथाण, गंगा सिंह और मनोज ने बताया कि पिछले तीन दिनों से जलापूर्ति बाधित होने के कारण उनकी दिनचर्या पूरी तरह प्रभावित हो गई है। खाना बनाने, कपड़े धोने और अन्य घरेलू कार्यों में उन्हें गंभीर समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। तोल्यूसैंण क्षेत्र की निवासी रेखा, संगीता और मीना देवी ने बताया कि पहले पानी कम मात्रा में आ रहा था, लेकिन शनिवार सुबह से आपूर्ति पूरी तरह बंद हो गई है। स्थिति यह है कि उन्हें अपने दैनिक कार्यों के लिए अन्य लोगों के घरों से पानी भरने को मजबूर होना पड़ रहा है। पेयजल संकट से परेशान उपभोक्ताओं ने विभागीय अधिकारियों से जल्द से जल्द समस्या का समाधान करने की मांग की है। साथ ही चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र जलापूर्ति बहाल नहीं की गई, तो वे मजबूरन विभाग के खिलाफ प्रदर्शन और घेराव करने को बाध्य होंगे। जल संस्थान के सहायक अभियंता अर्पित मित्तल ने बताया कि तोल्यूसैंण में पंप का वॉल खराब होने के चलते पेयजल आपूर्ति बाधित हुई है। उम्मीद है कि सांय और रविवार तक पेयजल आपूर्ति सुचारू हो जायेगी।

### गढ़वाल विवि में 2 जून से 11 जुलाई तक ग्रीष्मकालीन अवकाश

**श्रीनगर।** हेमवती नन्दन बहुगुणा गढ़वाल विश्वविद्यालय में 2 जून से ग्रीष्मकालीन अवकाश होंगे।

इस संबंध में विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा आदेश जारी किया गया है। बताया गया है कि पूर्व में दिए गए अतिरिक्त दीपावली एवं होली अवकाशों का समायोजन करते हुए ग्रीष्मकालीन अवकाश निर्धारित किया गया है।

छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. ओपी. गुसाईं ने बताया कि विश्व. विद्यालय के छात्रों एवं शिक्षकों को आगामी डेढ़ माह तक ग्रीष्मकालीन अवकाश का लाभ मिलेगा। दो जून से 11 जुलाई तक ग्रीष्मकालीन अवकाश रहेगा।

### हिमालय की उत्तुंग शिखरों पर गूंजी 'जो बोले सो निहाल'

# श्री हेमकुंड साहिब की यात्रा का श्रद्धापूर्ण आगाज




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चमोली।** हिमालय की निर्जन और विहंगम ऊँचाइयों, जहाँ प्रकृति अपनी श्वेत चादर ओढ़कर मौन तपस्या में लीन रहती है, शनिवार को वह स्थान आस्था के ज्वार से आंदोलित हो उठा। समुद्र तल से 15,000 फीट की दुर्गम ऊंचाई पर स्थित सिखों के पवित्र तीर्थ 'श्री हेमकुंड साहिब' के कपाट एक बार फिर से जन-आस्था के लिए खोल दिए गए। पहले ही दिन लगभग 6,500 श्रद्धालुओं ने बर्फीली पगडंडियों को पार कर गुरु के चरणों में मत्था टेका।

**आध्यात्मिक ओज और सैन्य अनुशासन का संगम:** यात्रा का शुभारंभ अत्यंत भव्य और गरिमामयी रहा। प्रातः 9 बजे बेस कैंप से 'पंज प्यारों' की अगुवाई में पवित्र गुरु ग्रंथ साहिब की शोभायात्रा प्रारंभ हुई। मुख्य ग्रंथी ने जब पवित्र स्वरूप को अपने शीश पर धारण किया, तो वातावरण में गूँजते कीर्तनों और शबद के मधुर स्वरों ने हिमालय की नीरवता को भक्तिमय संगीत में परिवर्तित कर दिया। इस अवसर पर भारतीय सेना के बैंड ने जहाँ एक ओर अपनी मार्शल धुनों से वीरता का संचार किया, वहीं दूसरी ओर भक्तिपूर्ण धुनों से वातावरण को आध्यात्मिक ऊँचाइयों पर पहुँचा दिया। उल्लेखनीय है कि यात्रा मार्ग से दुर्गम बर्फ को हटाकर उसे सुगम बनाने का जो भगीरथ कार्य भारतीय सेना के जवानों ने किया, वह श्रद्धा और सेवा के अनूठे मेल को दर्शाता है। दरबार हॉल में पहुँचने के उपरांत 'सुखमनी साहिब' के पाठ और रागी भाई शुभदीप सिंह द्वारा प्रस्तुत आत्मिक कीर्तन ने संगत को भावविभोर कर दिया।

**अतुलनीय सेवा के लिए कृतज्ञता:** श्री हेमकुंड साहिब ट्रस्ट के चेयरमैन नरिंदर जीत सिंह बिंद्रा ने संगत को संबोधित करते हुए भावुक स्वर में भारतीय सेना के योगदान को नमन किया।

### सेवा और सम्मान का पर्व

गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी द्वारा विशेष सम्मान समारोह आयोजित किया गया। यात्रा प्रबंधन की धुरी रहे सरदार सेवा सिंह की उपस्थिति में भारतीय सेना के ब्रिगेडियर बत्रा (कमांडेंट) और कर्नल वीरेंद्र ओला को उनकी उत्कृष्ट सेवा के लिए 'सीरोपा' भेंट कर सम्मानित किया गया। इसी क्रम में, भीड़ प्रबंधन और कुशल प्रशासनिक व्यवस्था के लिए इंस्पेक्टर चित्रगुप्त और सब-इंस्पेक्टर अमनदीप को भी सम्मानित किया गया। देश के कोने-कोने और विदेश से आए श्रद्धालुओं के साथ शुरू हुई यह यात्रा, केवल एक तीर्थयात्रा नहीं, बल्कि गुरु गोबिंद सिंह जी के पावन धाम के प्रति अटूट विश्वास और हिमालय की विषम परिस्थितियों में भी अटूट श्रद्धा का एक जीवंत महाकाव्य है।

# बेस अस्पताल में आधुनिक मशीनों से हो रही हाईटेक सफाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**श्रीनगर।** हेमवती नंदन बहुगुणा बेस अस्पताल में इन दिनों स्वच्छता, बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं और आधुनिक व्यवस्थाओं को लेकर लगातार सकारात्मक बदलाव देखने को मिल रहे हैं।

नई हाउसकीपिंग व्यवस्था लागू होने के बाद अस्पताल की साफ-सफाई को आधुनिक और प्रभावी बनाने के लिए कई नई मशीनों और सुविधाओं की शुरुआत की गई है। कैबिनेट मंत्री सुबोध उनियाल के दिशा-निर्देशों के अनुरूप बेस अस्पताल में स्वास्थ्य सुविधाओं और स्वच्छता व्यवस्था को लगातार मजबूत किया जा रहा है। आधुनिक तकनीक, बेहतर प्रबंधन और साफ-सुथरे वातावरण के माध्यम से मरीजों को



■ हाउस कीपिंग मैनपावर, सफाई व्यवस्था हुई मजबूत

गुणवत्तापूर्ण उपचार उपलब्ध कराने की दिशा में अस्पताल प्रशासन सक्रियता से कार्य कर रहा है। अस्पताल में अब आधुनिक सफाई मशीनों का उपयोग किया जा रहा है, जिससे वार्ड, कॉरिडोर, इमरजेंसी, ओटी और अन्य क्षेत्रों की सफाई पहले की तुलना में अधिक व्यवस्थित तरीके से हो रही है। अस्पताल प्रशासन ने मरीजों की सुविधा, सुरक्षा और गोपनीयता को प्राथमिकता देते हुए गायनी वार्ड में बेड के पास पर्दे भी लगाए हैं। इससे महिला मरीजों को उपचार के दौरान अधिक सुरक्षित, सहज और सम्मानजनक वातावरण मिल रहा है। अस्पताल परिसर के विभिन्न वार्डों, मरीजों और कर्मचारियों की आवाजाही वाले रास्तों सहित पूरे परिसर में नियमित सफाई की जा रही है। बेहतर सफाई व्यवस्था और सुव्यवस्थित माहौल के कारण अस्पताल पहले की अपेक्षा अधिक स्वच्छ और व्यवस्थित दिखाई दे रहा है। मरीजों और उनके परिजनों ने भी अस्पताल में हो रहे इन सकारात्मक बदलावों पर संतोष व्यक्त किया है।

"अस्पताल में आने वाले प्रत्येक मरीज को स्वच्छ, सुरक्षित और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। आधुनिक तकनीक आधारित मशीनों के माध्यम से साफ-सफाई व्यवस्था को और अधिक प्रभावी एवं व्यवस्थित बनाया जा रहा है। मरीजों को बेहतर, शांत और सकारात्मक वातावरण उपलब्ध कराने के लिए अस्पताल प्रशासन लगातार प्रयासरत है।"

**डॉ. आशुतोष सयाना, प्राचार्य मेडिकल कॉलेज श्रीनगर।**

# सिडकुल स्थित फार्मा कंपनी में एसटीएफ की छापेमारी, सीज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कोटद्वार।** मुख्यमंत्री उत्तराखंड के ड्रग फ्री देवभूमि अभियान के तहत एसटीएफ देहरादून को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। एसटीएफ मुख्यालय को सूचना मिली थी कि कोटद्वार के सिडकुल सिगड्डी स्थित एक फार्मा कंपनी में नकली दवाइयों का निर्माण किया जा रहा है। इस सूचना के आधार पर एसटीएफ, औषधि निरीक्षक और राजस्व विभाग की संयुक्त टीम ने देर रात मैसर्स नेक्टर हर्ब्स एंड ड्रग, प्लाट नंबर बी0-19 पर औचक छापेमारी की। जब संयुक्त टीम मौके पर पहुंची, तो प्रतिष्ठान के दोनों मुख्य गेटों पर अंदर से ताला लगा हुआ था। टीम ने फर्म के स्वामी को मौके पर बुलाया और गहनता से तलाशी ली। इस दौरान फैक्ट्री के भीतर से भारी मात्रा में संदिग्ध जीवन रक्षक दवाइयां बरामद हुई। इसके साथ

■ ड्रग फ्री देवभूमि अभियान के तहत हुई कार्रवाई

ही, तलाशी के दौरान टैबलेट निर्माण में इस्तेमाल होने वाले 29 रोटरी मशीन पंचेज भी भंडारित पाए गए। इन छोटे-छोटे साइज के पंचेज का इस्तेमाल जीवन रक्षक दवाइयों के अवैध निर्माण के लिए किया जा रहा था।

जांच के दौरान एक बेहद चौंकाने वाला पहलू सामने आया। वरिष्ठ औषधि निरीक्षक नीरज कुमार ने बताया कि औषधि विभाग द्वारा उक्त फार्मा कंपनी का निर्माण लाइसेंस 27 मार्च 2024 को ही निरस्त किया जा चुका था इसके बावजूद कंपनी ने न तो दवाओं के निर्माण में प्रयुक्त होने वाली मशीनों का निस्तारण किया और न ही इसकी कोई सूचना विभाग या सिडकुल प्रशासन को दी। लाइसेंस रद्द होने के बाद भी फैक्ट्री के भीतर अवैध रूप से काम चल रहा था। उपजिलाधिकारी कोटद्वार संदीप कुमार ने बताया कि राजस्व, एसटीएफ और ड्रग इंस्पेक्टर की संयुक्त टीम ने इस कार्रवाई को अंजाम दिया है।

फैक्ट्री से मिले संदिग्ध पंचेज और दवाइयों के अलग-अलग सैंपल लेकर उन्हें सील कर दिया गया है और जांच के लिए लैब भेज दिया गया है।

देहरादून से पहुंची एसटीएफ की टीम और वरिष्ठ औषधि निरीक्षक नीरज कुमार ऊधम सिंह नगर और नायब तहसीलदार कोटद्वार की मौजूदगी में पूरी फार्मा कंपनी को सील कर दिया गया है। अधिकारियों का कहना है कि लैब से जांच रिपोर्ट आने के बाद आगे की वैधानिक व सख्त कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

# राइंका श्रीनगर में पर्सनलाइज्ड एडैप्टिव लर्निंग लैब का शुभारंभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**श्रीनगर।** उत्तराखंड सरकार के कैबिनेट मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने शनिवार को राजकीय इंटर कॉलेज श्रीनगर में आधुनिक शिक्षा को बढ़ावा देने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए पर्सनलाइज्ड एडैप्टिव लर्निंग लैब एवं अटल लैब का शुभारम्भ किया। कैबिनेट मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने कहा कि राज्य सरकार स्कूली छात्र-छात्राओं को आधुनिक तकनीक आधारित शिक्षा से जोड़ने के लिए लगातार कार्य कर रही है और किसी भी विद्यार्थी की शिक्षा के बीच आर्थिक स्थिति बाधा नहीं बनने दी जाएगी। कहा कि इन आधुनिक लैब्स के माध्यम से विद्यार्थियों को विज्ञान, तकनीक, रोबोटिक्स एवं डिजिटल शिक्षा के क्षेत्र में नई जानकारी और प्रयोगात्मक अवसर प्राप्त होंगे। कहा कि शिक्षा व्यवस्था को आधुनिक एवं रोजगारपरक बनाया जा रहा है ताकि युवा पीढ़ी भविष्य की चुनौतियों का आत्मविश्वास के साथ सामना कर सके और देश के विकास में अपनी प्रभावी भूमिका निभा सके। मौके पर इस अवसर पर राजकीय इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य मेहरा, उत्तराखंड कन्वेजीनियस फाउंडेशन के स्टेट हेड शलभ गुप्ता, श्रीनगर मंडल अध्यक्ष विनय घिल्डियाल, जिला महामंत्री गणेश भट्ट, अभिभावक संघ के अध्यक्ष कुशला नाथ, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष प्रमिला भंडारी, ओबीसी मोर्चा जिला अध्यक्ष जगमोहन नेगी, खिर्सू ब्लॉक प्रमुख अनिल भंडारी, मंडल अध्यक्ष मीना गैरोला, पूर्व जिला अध्यक्ष संपत सिंह रावत सबहित आदि मौजूद थे।

# जोशी ने किया आर्यनगर सीवरेज योजना व पार्क का शिलान्यास

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने शनिवार को मसूरी विधानसभा क्षेत्र के आर्यनगर वार्ड स्थित साकेत कॉलोनी में रुपये 905.80 लाख की लागत से बनने वाली सीवरेज योजना का शिलान्यास किया। इस अवसर पर क्षेत्रीय जनता ने मंत्री गणेश जोशी का स्वागत करते हुए क्षेत्र में लंबे समय से लंबित सीवरेज समस्या के समाधान की दिशा में इस परियोजना को महत्वपूर्ण बताया। इसके अतिरिक्त, कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने एमडीडीए द्वारा कैनाल रोड स्थित एकता ऐवन्यू पार्क में रुपये 19.37 लाख की लागत से पार्क के सौंदर्यीकरण के कार्यों का भी शिलान्यास किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल



■ कैबिनेट मंत्री ने एमडीडीए के कैनाल रोड स्थित एकता ऐवन्यू पार्क में 19.37 लाख की लागत से सौंदर्यीकरण के कार्यों का भी किया शिलान्यास

मार्गदर्शन और प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में प्रदेश के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में आधारभूत सुविधाओं को सुदृढ़ करने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि साकेत कॉलोनी की यह सीवरेज योजना क्षेत्र के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण परियोजना है। इसके पूर्ण होने के बाद क्षेत्र में स्वच्छता व्यवस्था बेहतर होगी, जलभराव की समस्या कम होगी तथा लोगों को बेहतर जीवन स्तर उपलब्ध हो सकेगा।कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि कार्यों की गुणवत्ता एवं समयबद्धता का विशेष ध्यान रखा जाए ताकि जनता को योजनाओं का लाभ शीघ्र मिल सके। उन्होंने कहा कि मसूरी विधानसभा क्षेत्र में सड़क, पेयजल, सीवरेज, पार्कों के सौंदर्यीकरण एवं जनसुविधाओं से जुड़े अनेक विकास कार्य तेजी से संचालित किए जा रहे हैं। कहा कि सरकार स्वच्छ, सुंदर और विकसित उत्तराखंड के संकल्प को लेकर कार्य कर रही है तथा जनहित से जुड़े प्रत्येक कार्य को प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जा रहा है। कार्यक्रम में दायित्वधारी डॉ देवेन्द्र भसीन, पार्षद योगेश योगी, ले0 ज0 गिरीश कुमार, डॉ ओ0पी0 कुलश्रेष्ठ, जगमोहन सजवान, विनोद शर्मा, विदेश गुप्ता, भजन आर्य, अर्जुन सिंह, नरेश पुज, जलनिगम के ईई सौरभ शर्मा आदि मौजूद रहे।

## एक नजर .......

### खिर्सू-श्रीनगर मोटर मार्ग से कोल्ठा गांव तक निर्माण कार्य शुरू




**श्रीनगर।** कैबिनेट मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने शनिवार को पौड़ी-खिर्सू-श्रीनगर मोटर मार्ग से कोल्ठा गांव तक द्वितीय चरण (स्टेज-1) मोटर मार्ग निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। मौके पर कैबिनेट मंत्री डॉ. रावत ने कहा लगभग 79 लाख 51 हजार रुपये की स्वीकृत लागत बनने वाले मोटरमार्ग से क्षेत्रवासियों को बेहतर आवागमन सुविधा उपलब्ध होगी। कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों को सड़क संपर्क से जोड़ना सरकार की प्राथमिकताओं में शामिल है। जिससे शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार के अवसरों तक पहुंच आसान हो सके। इस दौरान डॉ. रावत ने राजकीय इंटर कॉलेज मरखोड़ा में भी विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण किया। इनमें मुख्य सड़क से विद्यालय तक इंटरलॉकिंग टाइल्स मार्ग निर्माण, भवन अनुरक्षण एवं सौंदर्यीकरण, एक बालक एवं एक बालिका शौचालय निर्माण, भवन मरम्मत एवं छत मरम्मत कार्य शामिल रहे।

### उत्तराखंड का एस्ट्रो-टूरिज्म अभियान लोकल युवाओं को बना रहा मजबूत

**देहरादून।** डार्क स्काई टूरिज्म और सस्टेनेबल ट्रैवल के लिए अपने कमिटमेंट को मजबूत करने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाते हुए, उत्तराखंड टूरिज्म डेवलपमेंट बोर्ड (यूटीडीबी) ने टूरिज्म एंड हॉस्पिटैलिटी स्किल काउंसिल (टीएचएससी) और इम्प्लीमेंटेशन पार्टनर स्टारस्केप्स के साथ मिलकर, पूरे राज्य में 300 से ज्यादा लोकल युवाओं को एस्ट्रो-टूरिज्म गाइड के तौर पर सफलतापूर्वक ट्रेन और सर्टिफाई किया है। इस तेजी को आगे बढ़ाते हुए, यह पहल अब जून 2026 तक और 200 युवाओं को ट्रेन करने के लिए तैयार है, जिससे भारत का सबसे बड़ा कम्युनिटी-लेड एस्ट्रो-टूरिज्म और डार्क स्काई कंजर्वेशन प्रोग्राम बन जाएगा। इस प्रोग्राम ने नेशनल स्किल्स क्वालिफिकेशन फ्रेमवर्क लेवल 4 क्वालिफिकेशन के तहत 320 पार्टिसिपेंट्स को ऑफिशियली सर्टिफाई किया है, जिससे उन्हें रात के आसमान में नेविगेट करने के लिए जरूरी टेक्निकल और पढ़ाने की स्किल्स मिलेंगी।

### पुलिस परिवार की समस्याओं को प्राथमिकता से सुलझाया जाएगा : एसपी

**उत्तरकाशी।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती कमलेश उपाध्याय ने शुक्रवार को पुलिस लाइन उत्तरकाशी में पुलिस परिवार की महिलाओं के साथ गोष्ठी आयोजित कर उनकी समस्याओं, आवश्यकताओं एवं सुझावों को गंभीरता के साथ सुना। इस दौरान कई समस्याओं का मौके पर ही समाधान किया गया, जबकि अन्य मामलों के शीघ्र निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया। एसपी ने कहा कि सशक्त पुलिस परिवार ही सशक्त पुलिस व्यवस्था की आधारशिला है। पुलिस बल के सुचारु संचालन और जवानों के मनोबल को मजबूत बनाए रखने में पुलिस परिवार की महिलाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि पुलिस परिवार की महिलाओं की समस्याओं और आवश्यकताओं को समझना तथा उनका समाधान करना पुलिस प्रशासन की नैतिक जिम्मेदारी है।

गोष्ठी में महिलाओं को महिला अपराध, घरेलू हिंसा, महिला सुरक्षा से जुड़े नए कानूनी प्रावधानों, साइबर अपराध से बचाव और जागरूकता संबंधी जानकारी दी गई। साथ ही डायल-112 और साइबर हेल्पलाइन नंबर-1930 की उपयोगिता के बारे में भी विस्तार से बताया गया।

कार्यक्रम में उपनिरीक्षक श्रीमती गीता, प्रभारी महिला काउंसलिंग सेल सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# सेंट्रल कमांड अंतर-क्लस्टर अंडर-17 बालिका फुटबाल प्रतियोगिता का शुभारंभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लैंसडाउन।** आर्मी पब्लिक स्कूल लैंसडाउन में केंद्रीय कमान अंतर-क्लस्टर अंडर-17 बालिका फुटबॉल प्रतियोगिता 2026 का शुभारंभ उत्साह, अनुशासन एवं खेल भावना के साथ हुआ। विशेष गौरव की बात यह रही कि क्लस्टर स्तर की इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता का आयोजन आर्मी पब्लिक स्कूल लैंसडाउन द्वारा पहली बार किया जा रहा है। प्रतियोगिता में आर्मी पब्लिक स्कूल बीरपुर, आर्मी पब्लिक स्कूल नं. 1 रुड़की तथा आर्मी पब्लिक स्कूल लैंसडाउन की टीमें प्रतिभाग कर रही हैं।

■ प्रतियोगिता में कई टीमें कर रही हैं प्रतिभाग

सर्वप्रथम शनिवार को डायस स्टेडियम में विद्यालय परिवार द्वारा मुख्य अतिथि का पुष्पगुच्छ भेंट कर आत्मीय स्वागत किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि ब्रिगेडियर विनोद सिंह नेगी, विशिष्ट सेवा मेडल, कमांडेंट गढ़वाल राइफल्स रेजिमेंटल सेंटर तथा रेखा नेगी द्वारा फुटबॉल को किक मारकर किया गया।

प्रथम दिवस का पहला मैच एपीएस बीरपुर एवं एपीएस नं. 1 रुड़की के मध्य खेला गया, जिसमें एपीएस नं. 1 रुड़की ने एपीएस बीरपुर को 2-0 से पराजित किया। दूसरा मैच एपीएस नं. 1 रुड़की एवं एपीएस लैंसडाउन के मध्य सायंकाल खेला जाएगा। मैदान में छात्राओं के उत्साह एवं खेल कौशल ने उपस्थित दर्शकों का मन मोह लिया।

अपने संबोधन में मुख्य अतिथि ने कहा कि खेल विद्यार्थियों में अनुशासन, नेतृत्व क्षमता, आत्मविश्वास एवं सकारात्मक सोच विकसित करने का महत्वपूर्ण माध्यम हैं। उन्होंने सभी प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि खेल केवल जीत-हार तक सीमित नहीं होते, बल्कि वे व्यक्तित्व निर्माण का भी सशक्त माध्यम हैं। उन्होंने विद्यालय द्वारा पहली बार इस स्तर की प्रतियोगिता के सफल आयोजन हेतु विद्यालय परिवार की सराहना भी की। विद्यालय के प्रधानाचार्य विजेंद्र दत्त सुन्द्रियाल ने अपने संबोधन में कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएँ छात्राओं को शारीरिक एवं मानसिक रूप से सशक्त बनाने के साथ-साथ उनमें टीम भावना एवं नेतृत्व क्षमता का विकास करती हैं। उन्होंने सभी प्रतिभागियों, प्रशिक्षकों एवं आयोजन समिति को सफल आयोजन हेतु धन्यवाद प्रेषित किया।

# एनपीएस बहाली को लेकर कर्णप्रयाग में रैली आज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कीर्तिनगर।** राष्ट्रीय पुरानी पेंशन बहाली संयुक्त मोर्चा के बैनर तले विकासखंड मुख्यालय कीर्तिनगर में शनिवार को बैठक आयोजित की गई। बैठक में 24 मई को कर्णप्रयाग (चमोली) में प्रस्तावित रैली को सफल बनाने पर चर्चा की गई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए गढ़वाल मंडल महासचिव राजीव उनियाल ने कहा कि पुरानी पेंशन बहाली तक आंदोलन जारी रहेगा। वहीं संदीप मैठाणी ने मातृशक्ति का उत्साहवर्धन करते हुए महिला कार्मिकों से भी आंदोलन में सक्रिय भागीदारी निभाने की अपील की। बैठक में वक्ताओं ने सरकार पर कर्मचारियों की मांगों की अनदेखी करने का आरोप लगाया। महासचिव सुरजीत सिंह लिंगवाल ने कहा कि कर्मचारी जीपीएफ युक्त पुरानी पेंशन से कम कुछ भी स्वीकार नहीं करेंगे। इस दौरान ब्लॉक कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए सुरजीत सिंह लिंगवाल को अध्यक्ष, विनोद चौहान को महासचिव, अमित नौडियाल को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, वीरेंद्र चौहान को संरक्षक, पूनम नेगी को महिला अध्यक्ष, कविता नेगी को महिला सचिव तथा मिलन भट्ट को संयुक्त मंत्री मनोनीत किया गया। इस मौके पर अमित नौडियाल, अमित कुमार, रीना खत्री, सीता कनवासी, गीता भिलंगवाल, आयुष, आदित्य, चंद्रशेखर मेवाड़, राहुल, मनमोहन लखेड़ा, सोहन कोहली सहित आदि मौजूद थे।

# डेंगू रोकथाम को लेकर आशा कार्यकर्ताओं को दिया प्रशिक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**श्रीनगर।** स्वास्थ्य विभाग ने डेंगू रोकथाम को लेकर तैयारियां तेज कर दी हैं। जिला सर्विलेंस अधिकारी डॉ. पारुल गोयल के निर्देश पर शनिवार को उप जिला चिकित्सालय श्रीनगर के सभागार में आशा कार्यकर्ताओं एवं स्वास्थ्य कर्मियों के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. गौतम नैयानी ने कहा कि पिछले वर्ष आशा कार्यकर्ताओं और स्वास्थ्य कर्मियों की मेहनत के चलते श्रीनगर क्षेत्र में डेंगू का एक भी मूल मामला सामने नहीं आया।

■ स्वास्थ्य विभाग ने डेंगू रोकथाम को लेकर तैयारियां तेज की

उन्होंने सभी कर्मियों के कार्यों की सराहना करते हुए इस वर्ष भी पूरी गंभीरता के साथ कार्य करने का आह्वान किया।

उन्होंने डेंगू के फैलने के कारण, लक्षण, जांच, उपचार और बचाव के उपायों की विस्तृत जानकारी दी। साथ ही बताया कि डेंगू से बचाव के लिए स्वच्छता बनाए रखना और घरों के आसपास पानी जमा न होने देना बेहद जरूरी है।

# विद्या मंदिर में छात्र संसद का गठन, अंकित बने प्रधानमंत्री

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**श्रीनगर।** सरस्वती विद्या मंदिर हाई स्कूल श्रीनगर में सत्र 2026-27 के लिए छात्र संसद का गठन किया गया। विद्यालय में लो. कतांत्रिक प्रक्रिया के तहत आयोजित चुनाव में छात्र अंकित ने सर्वाधिक मत प्राप्त कर प्रधानमंत्री पद हासिल किया, जबकि प्राची नेगी उप-प्रधानमंत्री निर्वाचित हुईं। विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. मुकेश चंद्र मैठाणी ने बताया कि 22 मई को चुनाव प्रक्रिया आयोजित की गई, जिसमें प्रत्याशियों ने विद्यालय के करीब 260 विद्यार्थियों से अपने पक्ष में मतदान करने की अपील की। प्रातः 10 बजे से शुरू हुई




मतदान प्रक्रिया दोपहर 12 बजे तक चली। मतगणना के बाद विद्यालय के बाद विजयी प्रत्याशियों की घोषणा की गई। शनिवार को आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में प्रधानाचार्य डॉ. मैठाणी ने सभी निर्वाचित प्रतिनिधियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। छात्र संसद में अंकित को प्रधानमंत्री, प्राची नेगी को उप-प्रधानमंत्री, शौर्य डबराल को सेनापति, यासमीन को उपसेनापति, अर्जुन नेगी को न्यायाधीश तथा अंशुमन कलूड़ा को अनुशासन प्रमुख की जिम्मेदारी सौंपी गई। इसके अलावा विभिन्न विषय परिषदों एवं विभागों के प्रमुख और उपप्रमुखों ने भी शपथ ग्रहण की। इस अवसर पर प्रधानाचार्य डॉ. मुकेश चंद्र मैठाणी ने छात्र संसद के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इससे विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता, अनुशासन, आत्मविश्वास, सहयोग एवं कर्तव्यनिष्ठा का विकास होता है। मौके पर प्रदीप खंकरियाल, भविराम नैथानी, राजेंद्र पुरोहित, सुरेश पोखरियाल, ताजबर सिंह बिष्ट, मोनिका पांडेय, पूनम मिश्रा, राकेश सेमवाल आदि मौजूद थे।

# ड्रोन कैमरे और सेंसर सिस्टम से ही रुकेंगी वनाग्नि की घटनाएं: देवेन्द्र

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**श्रीनगर।** उत्तराखंड के पहाड़ी क्षेत्रों में लगातार बढ़ रही वनाग्नि की घटनाओं तथा वन्यजीवों के संरक्षण को लेकर माध्यमिक वर्ग बालिका एवं महिला क्रिकेट प्रतियोगिता के संस्थापक देवेन्द्र गौड़ ने जिलाधिकारी पौड़ी को ज्ञापन सौंपा। उन्होंने जंगलों में आग की घटनाओं पर रोक लगाने के लिए ड्रोन कैमरे और सेंसर सिस्टम के उपयोग की मांग उठाई।

देवेन्द्र गौड़ ने बताया कि वह पिछले कई वर्षों से मुख्यमंत्री, जिलाधिकारी टिहरी, रुद्रप्रयाग तथा उपजिलाधिकारी कीर्तिनगर के माध्यम से सरकार को सुझाव भेजते




आ रहे हैं। उनके सुझावों में जंगलों को आगजनी से बचाने, वन्यजीवों के संरक्षण तथा आग लगाने वालों की पहचान कर कठोर कार्रवाई सुनिश्चित करने के लिए आधुनिक तकनीक के प्रयोग पर जोर दिया गया है। कहा कि हाल ही में रुद्रप्रयाग जिले की जखोली रेंज के कुमड़ी गांव में आगजनी करने वाले एक युवक की गिरफ्तारी यह साबित करती है कि यदि निगरानी व्यवस्था मजबूत हो तो ऐसे मामलों पर प्रभावी नियंत्रण पाया जा सकता है। उन्होंने दोषियों के खिलाफ

■ संरक्षित जंगल, सुरक्षित जीवन अभियान के तहत डीएम पौड़ी को सौंपा ज्ञापन

कठोर सजा का प्रावधान किए जाने की भी मांग की। देवेन्द्र गौड़ ने महिलाओं के साथ मिलकर जिलाधिकारी पौड़ी स्वाति भदौरिया एवं गढ़वाल मंडल आयुक्त को संरक्षित जंगल, सुरक्षित जीव अभियान के तहत ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में जल, जंगल, वन्यजीव, किसानों और आम जनमानस की सुरक्षा के लिए व्यापक सुझाव दिए गए। जिलाधिकारी स्वाति भदौरिया ने कहा कि जंगलों और वन्यजीवों की सुरक्षा के लिए ड्रोन कैमरे एवं सेंसर सिस्टम का प्रयोग प्रभावी कदम साबित हो सकता है। कहा कि ज्ञापन में पर्यावरण संरक्षण से जुड़े महत्वपूर्ण बिंदु शामिल हैं और इस दिशा में शीघ्र कार्रवाई की जाएगी। इस अवसर पर अमृता बहुगुणा, सीमा कपरवाण, कांता भण्डारी और चंद्रकला बंगवाल ने कहा कि जब तक जंगलों की निगरानी के लिए आधुनिक तकनीक का उपयोग नहीं होगा, तब तक वनाग्नि की घटनाओं पर पूरी तरह रोक लगाना मुश्किल है। उन्होंने कहा कि संरक्षित जंगल, सुरक्षित जीव अभियान को पूरे उत्तराखंड में चलाया जाएगा।

# वनाग्नि रोकथाम के प्रति समाज में जागरूकता जरूरी: प्रो. गुसांई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**श्रीनगर।** अंतरराष्ट्रीय जैव विविधता दिवस के अवसर पर गढ़वाल विवि के जंतु विज्ञान विभाग में एक्टिंग लोकली फॉर ग्लोबल इम्पैक्ट थीम के तहत विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गये। विद्यार्थियों एवं शोधार्थियों को स्थानीय जैव विविधता संरक्षण के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से आयोजित हुए कार्यक्रम में छात्रों ने बढ़चढ़ कर प्रतिभाग किया। इस अवसर पर आयोजित बर्ड वॉक एवं आउटडोर भ्रमण के दौरान प्रतिभागियों ने क्षेत्र में पाए जाने वाले पक्षियों एवं अन्य वन्यजीवों का अवलोकन किया।

■ अंतर्राष्ट्रीय जैव विविधता दिवस पर कार्यक्रम आयोजित

लगभग 50 विद्यार्थियों ने आधुनिक पक्षी पहचान एप्लीकेशनों की सहायता से करीब 55 पक्षी प्रजातियों की विस्तृत चेकलिस्ट तैयार की। कार्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों को यह संदेश दिया गया कि जैव विविधता संरक्षण की मजबूत नींव अपने आसपास के जीव-जंतुओं, पक्षियों और उनके प्राकृतिक वितरण को समझने से ही रखी जा सकती है।

इसी उद्देश्य से विभाग द्वारा स्थानीय जैव विविधता के अध्ययन, प्रलेखन एवं जन-जागरूकता के लिए हिमालयन वाइल्ड एंड विंग्ड सोसायटीकी विभागीय इकाई का गठन भी किया गया। इस मंच के माध्यम से विद्यार्थियों को वन्यजीवों एवं पक्षियों की पारिस्थितिक महत्ता, उनके समक्ष मौजूद खतरों और संरक्षण की आवश्यकता के प्रति जागरूक किया जाएगा

# मुख्य सचिव ने की चारधाम यात्रा की समीक्षा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देहरादून।** मुख्य सचिव आनन्द बर्द्धन ने शनिवार को आपदा नियंत्रण कक्ष, आईटी पार्क जाकर चारधाम यात्रा की समीक्षा की।

मुख्य सचिव ने चारधाम यात्रा को लेकर व्यवस्था चाकचौबन्द किए जाने हेतु जिलाधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

मुख्य सचिव ने कहा कि चारों धामों में श्रद्धालुओं को दर्शन सुग. मता एवं सरलता से हों एवं श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की समस्या न हो, इसके लिए जिला प्रशासन, बीकेटीसी एवं हितधारकों को आपसी सामंजस्य से सभी आवश्यक सुविधाएं एवं सेवाएं उपलब्ध करानी होंगी।

उन्होंने कहा कि श्रद्धालुओं की भीड़ बढ़ने पर पिछले वर्षों की भांति रात्रिकालीन दर्शन की व्यवस्था को सुचारू किया जा सकता है। साथ ही उन्होंने यात्रा के विभिन्न पड़ावों में निचले क्षेत्रों में होल्डिंग एरिया में श्रद्धालुओं को रखे जाने के निर्देश देते हुए होल्डिंग एरिया में सभी आवश्यक बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराए जाने के भी निर्देश दिए।




■ सम्बन्धित जिलाधिकारियों को दिए आवश्यक दिशा निर्देश ■ मानसून सीजन को देखते हुए यात्रा को सुचारू रखने के लिए पहले से की जाएं तैयारियां: सीएस ■ सभी होल्डिंग एरिया को किया जाए एक्टिवेट, होल्डिंग एरिया में हों सभी बुनियादी सुविधाएं ■ आपातकालीन परिस्थितियों के लिए निकासी योजना रहे पहले से तैयार

मुख्य सचिव ने आने वाले मानसून सीजन को लेकर भी जिलाधिकारियों को अपने जनपदों में सभी आवश्यक कदम उठाए जाने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि सभी होल्डिंग एरिया को अभी से एक्टिवेट कर लिया जाए। साथ ही, सभी सम्बन्धित जनपद भारी वर्षा और भूस्खलन आदि के दृष्टिगत होल्डिंग एरिया एवं निकासी योजना तैयार रखें। उन्होंने युकाडा को भी अपनी निकासी योजना तैयार रखे जाने के निर्देश दिए, ताकि एयरलिफ्ट कराए जाने की परिस्थिति में पहले से व्यवस्थाएं उपलब्ध रहें।

उन्होंने सम्बन्धित सभी जनपदों को राशन सहित अन्य आवश्यक सामग्री का भी समुचित स्टॉक रखे जाने के निर्देश दिए हैं।

मुख्य सचिव ने चारधाम यात्रा के लिए पंजीकरण के साथ ही स्वास्थ्य जांच पर विशेष ध्यान दिये जाने के निर्देश दिए। कहा कि 60 वर्ष से अधिक एवं बहुत छोटे बच्चों को लेकर जाने वाले श्रद्धालुओं एवं बीमार लोगों को यात्रा न करने के लिए प्रेरित किया जाए। इसके लिए लगातार प्रचार प्रसार भी किया जाए।

इस अवसर पर सचिव शैलेश बगौली, सचिन कुर्वे, आयुक्त गढ़वाल विनय शंकर पाण्डेय, सचिव विनोद कुमार सुमन, धीराज गर्ब्याल एवं एडीजी डॉ. वी. मुरूगेशन सहित सम्बन्धित जनपदों के जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक उपस्थित थे।

# जीवन में गिरकर दोबारा उठना ही वास्तविक जीत: जोशी

मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स

**देहरादून।** कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने शनिवार को परेड ग्राउंड में उत्तराखंड जूडो एसोसिएशन द्वारा स्वर्गीय अमृत लाल गुप्ता की स्मृति में आयोजित अंतर जिला जूडो चौंपियनशिप 2026 कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि प्रतिभाग किया। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री गणेश ने जूडो चौंपियनशिप 2026 का दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया।

इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि स्वर्गीय अमृत लाल गुप्ता की स्मृति में आयोजित यह प्रतियोगिता विशेष महत्व रखती है। उन्होंने कहा कि खेलों और युवाओं के विकास के लिए स्व. गुप्ता का योगदान सदैव प्रेरणादायी रहेगा। उन्होंने कहा कि किसी महान व्यक्तित्व को सच्ची श्रद्धांजलि उनके मूल्यों और सपनों को आगे बढ़ाने से ही दी जा सकती है और यह आयोजन उसी दिशा में एक सराहनीय प्रयास है। उन्होंने कहा कि यह प्रतियोगिता केवल खेल आयोजन नहीं, बल्कि अनुशासन, साहस, आत्मविश्वास और खेल भावना का उत्सव है। जूडो केवल शरीर को मजबूत नहीं बनाता, बल्कि मानसिक और चारित्रिक विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि जीवन में गिरकर दोबारा उठना ही वास्तविक जीत है।



■ कैबिनेट मंत्री ने किया जूडो चौंपियनशिप का शुभारंभ

कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में प्रदेश सरकार खेलों के विकास के लिए लगातार कार्य कर रही है। राज्य में आधुनिक खेल सुविधाओं का विस्तार, खिलाड़ियों को प्रोत्साहन, राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं का आयोजन और ग्रामीण क्षेत्रों तक खेल संस्कृति को बढ़ावा दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड आज "खेल भूमि" के रूप में अपनी पहचान बना रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने खेल नीति को मजबूत करते हुए युवाओं को बेहतर प्रशिक्षण, छात्रवृत्ति और रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए हैं। उन्होंने कहा कि देहरादून, हल्द्वानी सहित विभिन्न क्षेत्रों में खेल अवस्थापना का तेजी से विकास किया जा रहा है।

कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि राष्ट्रीय खेलों की सफल मेजबानी ने उत्तराखंड की क्षमता और खेल भावना को देशभर में स्थापित किया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की भौगोलिक परिस्थितियां एडवेंचर स्पोर्ट्स, एथलेटिक्स और आउटडोर गतिविधियों के लिए बेहद अनुकूल हैं, जिसके चलते राज्य के युवा राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे हैं। कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने उत्तराखंड जूडो एसोसिएशन को सफल आयोजन के लिए बधाई दी और प्रतिभागियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

इस अवसर पर सतीश शर्मा, जितेंद्र नेगी, वीके गुप्ता, रचना गुप्ता, प्रणव गुप्ता, शिव्या गुप्ता, हितेश सिंह सहित बड़ी संख्या में प्रतिभागी उपस्थित रहे।

# बकरा ईद: कोतवाली पुलिस ने किया फ्लैगमार्च

**काशीपुर।** आगामी बकरा ईद त्यौहार को लेकर काशीपुर कोतवाली पुलिस ने निकाला फ्लैग मार्च कर आमजन से शांति, सौहार्द एवं आपसी भाईचारा से त्यौहार मनाये जाने की अपील की। काशीपुर कोतवाली पुलिस ने कोतवाल हरेन्द्र चौधरी के नेतृत्व में गत शाम बकरा ईद त्यौहार को लेकर नगर के मोहल्ला अल्लीखां क्षेत्र में फ्लैग मार्च किया। फ्लैग मार्च के दौरान पुलिस बल द्वारा क्षेत्र में आमजन से शांति, सौहार्द एवं आपसी भाईचारा बनाए रखने की अपील की। इस दौरान पुलिस ने खुले में कुर्बानी न करने, निर्धारित स्थानों पर ही धार्मिक गतिविधियां संपन्न करने तथा कानून व्यवस्था बनाए रखने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। पुलिस प्रशासन ने आमजन से अफवाहों पर ध्यान न देने तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को देने की अपील की है।

# लेखक गांव पहुंचे डॉ. कुमार विश्वास, युवाओं में जगाई साहित्य की लौ

मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स

**देहरादून।** "मैं तुम्हें सपने देने आया हूं, बेचने नहीं। लेखक गांव जैसे स्थान ही उन सपनों को संस्कार और दिशा देते हैं।" प्रख्यात कवि एवं कथावाचक डॉ. कुमार विश्वास ने यह बात देश के पहले लेखक गांव, थानो में आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी में युवाओं को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि लेखक गांव केवल एक स्थान नहीं, बल्कि भारतीय साहित्य, संस्कृति और संवेदनाओं का जीवंत केंद्र बनता जा रहा है, जहां नई पीढ़ी अपनी जड़ों से जुड़ना सीख रही है।

प्रकृति के सुकुमार कवि एवं छायावाद के प्रमुख स्तंभ सुमित्रानंदन पंत की जयंती के अवसर पर लेखक गांव स्थित नालंदा पुस्तकालय एवं अटल प्रेक्षागृह में "सुमित्रानंदन पंत साहित्य पर्यटन पथ" विषय पर राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम उत्तराखंड भाषा संस्थान, उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय एवं लेखक गांव के संयुक्त तत्वावधान में संपन्न हुआ।



■ सुमित्रानंदन पंत जयंती पर लेखक गांव में साहित्य और संस्कृति का भव्य आयोजन ■ डॉ. कुमार ने युवाओं से मोबाइल पर बिताए जाने वाले समय को सीमित कर साहित्य और पुस्तकों के साथ अधिक समय बिताने का किया आह्वान

कार्यक्रम के प्रथम सत्र का आयोजन नालंदा पुस्तकालय में किया गया, जहां बाल कवियों द्वारा सुमित्रानंदन पंत की कविताओं का भावपूर्ण काव्य पाठ किया गया। इसके बाद द्वितीय सत्र अटल प्रेक्षागृह में आयोजित हुआ, जिसका शुभारंभ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन एवं बच्चों द्वारा लेखक गांव के कुलगीत "लेखक गांव हमारा है" के सामूहिक गायन के साथ हुआ। इस अवसर पर "सुमित्रानंदन पंत साहित्य पर्यटन पथ" पर आधारित लघु वृत्तचित्र का प्रदर्शन भी किया गया। अतिथियों का स्वागत करते हुए लेखक गांव की निदेशक विदुषी निशंक ने कहा कि संवेदनाओं के जीवित रहने से ही साहित्य जीवित रहता है और साहित्य ही समाज को सही दिशा प्रदान करता है। मुख्य अतिथि डॉ. कुमार विश्वास ने अपने संबोधन में कहा कि "यदि आपको एक कविता लिखनी है तो पहले हजार कविताएं पढ़नी होंगी।" उन्होंने युवाओं से मोबाइल पर बिताए जाने वाले समय को सीमित कर साहित्य और पुस्तकों के साथ अधिक समय बिताने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि आज बड़ी संख्या में युवा भारतीय संस्कृति और साहित्य से जुड़ रहे हैं और लेखक गांव इस सकारात्मक परिवर्तन का एक महत्वपूर्ण केंद्र बनकर उभर रहा है।

सुमित्रानंदन पंत को स्मरण करते हुए उन्होंने कहा कि "पंत ने अपनी कविताओं में प्रकृति को केवल देखा नहीं, बल्कि जिया है। प्रयाग में रहने के बावजूद उन्होंने अपने भीतर उत्तराखंड हिमालय की आत्मा को सदैव जीवित रखा।" उन्होंने कहा कि लेखक गांव द्वारा पंत जी की साहित्यिक विरासत को नई पीढ़ी तक पहुंचाने का प्रयास अत्यंत सराहनीय है। कार्यक्रम की अध्यक्षता उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री एवं लेखक गांव के संस्थापक डॉ. रमेश पोखरियाल 'निशंक' ने की। इस अवसर पर डॉ. कमला पंत, डॉ. विद्या सिंह, डॉ. शशांक शुक्ला एवं संजय महर ने भी सुमित्रानंदन पंत को स्मरण किया। कार्यक्रम का संयोजन पूजा पोखरियाल द्वारा तथा संचालन डॉ. बीना बेंजवाल एवं मोनिका शर्मा द्वारा किया गया। इस अवसर पर भारतीय अभिनेत्री एवं फिल्म निर्माता डॉ. आरुषि निशंक, राज्य मंत्री ओमप्रकाश जमदग्नि, डॉ. नीरजा शर्मा कुकरेती, प्रो. प्रदीप भारद्वाज, डॉ. राकेश सुन्दरियाल, डॉ. बेचौन कंडियाल, अनिल शर्मा सहित कई साहित्यकार मौजूद रहे।

## एक नजर .......

### मुख्यमंत्री धामी से की अभिनेता हेमंत पांडे ने शिष्टाचार मुलाकात

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से शनिवार को मुख्यमंत्री आवास में अभिनेता हेमंत पांडे ने शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर विभिन्न समसामयिक विषयों तथा उत्तराखंड की कला, संस्कृति एवं फिल्म जगत से जुड़े विषयों पर चर्चा हुई।



मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि उत्तराखंड प्राकृतिक सौंदर्य, सांस्कृतिक विरासत एवं प्रतिभाओं से समृद्ध प्रदेश है। राज्य सरकार प्रदेश में फिल्म निर्माण एवं कला-संस्कृति के संवर्धन हेतु निरंतर प्रयासरत है। अभिनेता हेमंत पांडे ने राज्य सरकार द्वारा प्रदेश में फिल्म शूटिंग एवं कलाकारों को प्रोत्साहन देने के लिए किए जा रहे प्रयासों की सराहना की।

### सार्वजनिक माफी मांगे कांग्रेस नेता: कविता यादव

**काशीपुर।** पूर्व पार्षद कविता यादव ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी द्वारा देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह और आरएसएस पर गद्दार शब्द जैसी अभद्र टिप्पणी की गई जिसका मै और भारतीय जनता पार्टी इसकी घोर और कड़ी शब्दों में निंदा करती है। श्रीमती यादव ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री के लिए आपत्तिजनक भाषा का इस्तेमाल करना देश के 140 करोड़ नागरिकों अपमान है उन्होंने कांग्रेस और उसके नेताओं से तत्काल सार्वजनिक रूप से मफी मांगने की बात की। उन्होंने बताया कि कांग्रेस लगातार चुनावी हार के कारण उसके नेता हताशा में इस प्रकार की भाषा का प्रयोग करते हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत ने वैश्विक चुनौतियों के बावजूद आर्थिक मुद्दों पर मजबूती दिखाई है। उन्होंने यह भी कहा कि कांग्रेस को देश हित के मुद्दों पर गंभीरता से विचार करना चाहिए और व्यक्तिगत टिप्पणियों से बचना चाहिए।

### जैव विविधता संरक्षण का संदेश लेकर लौटे विद्यार्थी

**अल्मोड़ा।** अंतरराष्ट्रीय जैव विविधता दिवस पर जीबी पंत राष्ट्रीय हिमालयी पर्यावरण संस्थान में आयोजित कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। वैश्विक प्रभाव हेतु स्थानीय स्तर पर कार्यवाही थीम पर आयोजित कार्यक्रम में चित्रकला, प्रश्नोत्तरी, निबंध लेखन और क्ले एक्टिविटी जैसी प्रतियोगिताएं हुईं। प्रभारी निदेशक डा. आईडी भट्ट ने बच्चों से प्रकृति संरक्षण का संदेश समाज तक पहुंचाने का आह्वान किया। मुख्य अतिथि 'वृक्ष पुरुष' किशन सिंह मलड़ा और जमुना प्रसाद तिवारी ने भी पर्यावरण संरक्षण के महत्व पर विचार रखे।

# मैं चुनाव जरूर हारा, अपने मन को कभी हारने नहीं दिया: हरीश

शाह टाइम्स प्रमुख संवाददाता

**देहरादून।** पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत के जीवन और राजनीतिक संघर्षों पर आधारित डॉक्यूमेंट्री 'उत्तराखंडियत की ओर' का शनिवार को विमोचन किया गया। कार्यक्रम में पूर्व राज्यपाल एवं पूर्व मुख्यमंत्री भगत सिंह कोश्यारी और वरिष्ठ नेता काशी सिंह एरी ने संयुक्त रूप से डॉक्यूमेंट्री का लोकार्पण किया।

कार्यक्रम में हरीश रावत ने भावुक अंदाज में भगत सिंह कोश्यारी को अपना दूसरा गुरु बताया। उन्होंने कहा कि राजनीति के शुरुआती दौर में वह भगतदा को बेहद करीब से देखते थे और उनसे बहुत कुछ सीखने का अवसर मिला। हरदा ने कहा कि यदि वर्ष 2002 में भगत सिंह कोश्यारी मुख्यमंत्री होते तो उत्तराखंड की तस्वीर कुछ अलग हो सकती थी।

हरीश रावत ने कहा कि यह डॉक्यूमेंट्री केवल उनके जीवन का विवरण नहीं, बल्कि उत्तराखंड के संघर्ष, राजनीति और सामाजिक सरो. कारों का भी दस्तावेज है। उन्होंने कहा कि निर्माताओं ने उनसे कई ऐसे प्रसंग साझा करवा दिए, जो शायद उनके साथ ही चले जाते।

■ उत्तराखंडियत की ओर' डॉक्यूमेंट्री का भगत सिंह कोश्यारी ने किया विमोचन ■ हरदा बोले- भगतदा मेरे दूसरे गुरु ■ हरीश रावत ने गांव-गांव जाकर राजनीति को नई पहचान दी: कोश्यारी

उन्होंने कांग्रेस के भीतर के राजनीतिक दौर का जिक्र करते हुए कहा कि वर्ष 2012 में मुख्यमंत्री चयन को लेकर उनसे कोई राय नहीं ली गई। इस दौरान उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री नारायण दत्त तिवारी, विजय बहुगुणा और के सी पंत पर भी हल्के कटाक्ष किए।

हरदा ने कहा कि उन्होंने राजनी. ति में कई उतार-चढ़ाव देखे, लेकिन कभी मन से हार नहीं मानी। उन्होंने कहा, "मैं चुनाव जरूर हारा, मगर अपने मन को कभी हारने नहीं दिया।"

वहीं, भगत सिंह कोश्यारी ने हरीश रावत की राजनीतिक कार्यशैली की खुलकर सराहना की। उन्होंने कहा कि सांसद बनने के बाद हरीश रावत ने गांव-गांव जाकर लोगों से जुड़ने का काम किया और राजनी. ति को जमीन से जोड़ने की मिसाल पेश की।

कोश्यारी ने याद किया कि पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी ने भी युवा सांसद हरीश रावत की प्रतिभा की प्रशंसा की थी। उन्होंने कहा कि आज भी हरीश रावत उत्तराखंडियत और राज्य के विकास के मुद्दों को मजबूती से उठाते हैं।

कार्यक्रम में विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं और समर्थकों ने हरीश रावत के लंबे राजनीतिक संघर्ष, उत्तराखंड आंदोलन में योगदान और जनसरोकारों को याद करते हुए उन्हें राज्य की राजनीति का अहम चेहरा बताया।

# सड़क पर नमाज को लेकर उकसाना बन्द करे विपक्ष: भट्ट

मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स

**देहरादून।** भाजपा ने देवभूमि की सड़कों पर नमाज की पूर्णतया पाबंदी का पुरजोर समर्थन किया है। प्रदेश अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद महेंद्र भट्ट ने कानून व्यवस्था और सार्वजनिक सुविधा को देखते हुए मुख्यमंत्री धामी की इस प्रतिबद्धता का स्वागत किया है। वहीं विपक्ष की बयानबाजियों की गैरजरूरी बताते हुए स्पष्ट किया कि देवभूमि की संस्कृति और छवि के विरुद्ध ऐसी किसी भी तरह की गतिविधि को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

उन्होंने सीएम धामी के आगामी बकरीद के त्यौहार पर नमाज को लेकर दिये बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि कानून व्यवस्था और सार्वजनिक सुविधा के हनन पर किसी तरह से समझौता नहीं होने दिया जाएगा। उन्होंने सड़कों पर नमाज पढ़ने पर पूरी तरह से प्रतिबंध लगाने के लिए मुख्यमंत्री के साहसिक निर्णय का पुरजोर समर्थन किया है। वहीं जोर देते हुए कहा कि सड़कों को यातायात और आम जनता के आवागमन के लिए सुरक्षित रखना सरकार की प्राथमिक जिम्मेदारी है। इस निर्णय का स्वागत प्रत्येक नागरिक को करना चाहिए जो कानून के शासन में विश्वास रखता है। वहीं स्पष्ट किया कि यह फैसला किसी धर्म या वर्ग के खिलाफ नहीं है, बल्कि प्रदेश में संविधान और कानून व्यवस्था को बनाए रखने के लिए है। सार्वजनिक सड़कें सभी नागरिकों के लिए हैं, न कि किसी भी प्रकार के धार्मिक आयोजन के लिए जिससे आम जनता को भारी परेशानी का सामना करना पड़े।



■ सीएम धामी के बकरीद के त्योहार पर नमाज को लेकर दिए बयान का किया समर्थन

उन्होंने इस मुद्दे पर विपक्षी आपत्तियों को पूरी तरह तुष्टिकरण की राजनीति से प्रेरित बताते हुए तीखा हमला बोला है। सवाल उठाया कि आखिर क्यों विपक्ष हमेशा एक श्वर्ग विशेषश को कानून का उल्लंघन करने के लिए प्रेरित करता रहता है? विपक्ष का यह रवैया समाज में विभाजन पैदा करने और कानून व्यवस्था को चुनौती देने वाला है। उन्होंने कहा कि अब प्रदेश में भाजपा की डबल इंजन सरकार है, जहाँ कानून सबके लिए बराबर है।

उन्होंने भाजपा और सरकार का सड़क पर नमाज को लेकर संदेश स्पष्ट करते हुए कहा, देवभूमि उत्तराखंड की पवित्रता, शांति और सुरक्षा से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा। मुख्यमंत्री धामी के नेतृत्व में सरकार बिना किसी भेदभाव के नियम और कानून को कड़ाई से लागू करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है, और भाजपा संगठन सरकार के हर ऐसे जनहितकारी फैसले के साथ मजबूती से खड़ा है।

### यातायात नियमों का उल्लंघन करने पर कार्रवाई

**बागेश्वर।** पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र मेहरा के निर्देशन में चलाए जा रहे आपरेशन प्रहार अभियान के तहत जनपद पुलिस ने यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की। जनपद पुलिस द्वारा विशेष चेकिंग अभियान चलाते हुए कुल 43 वाहन चालकों के विरुद्ध चालानी कार्रवाई की गई। पुलिस ने बिना हेलमेट, सीट बेल्ट, गलत तरीके से वाहन चलाने तथा अन्य यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों पर कार्रवाई की। इसी क्रम में थाना कपकोट पुलिस टीम ने चें. कंग के दौरान एक बाइक चालक को रेट्रो साइलेंसर लगाकर वाहन चलाते हुए पकड़ा। पुलिस ने मौके पर ही बाइक से रेट्रो साइलेंसर उतरवाया तथा चालक के विरुद्ध मोटर वाहन अधिनियम के तहत चालानी कार्रवाई अमल में लाई। पुलिस प्रशासन ने लोगों से यातायात नियमों का पालन करने तथा अनावश्यक रूप से तेज आवाज वाले साइलेंसर का प्रयोग न करने की अपील की है।

### गाडर पुल पर नशे में चढ़ गया नेपाली, हड़कंप

**बागेश्वर।** शनिवार को कपकोट थाना क्षेत्र अंतर्गत रिठाबगढ़ के पास एक नेपाली मूल का युवक नशे की हालत में गाडर पुल के ऊपर चढ़ गया। पुल पर चढ़ने के बाद युवक नीचे उतरने में असमर्थ हो गया और वहीं बैठ गया। घटना को देखकर आसपास मौजूद लोगों में हड़कंप मच गया। प्रत्यक्षदर्शियों ने तत्काल इसकी सूचना कपकोट पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस, एसडीआरएफ और फायर सर्विस की टीम मौके पर पहुंची। संयुक्त रेस्क्यू अभियान चलाकर युवक को सुरक्षित नीचे उतारा गया। रेस्क्यू के बाद पुलिस ने युवक को समझाइश दी और भविष्य में इस प्रकार की हरकत न करने की चेता. वनी देकर छोड़ दिया। पुलिस ने स्थानीय लोगों से भी अपील की कि नशे की हालत में या जानबूझकर इस तरह के जोखिम भरे कार्य न करें।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक एस.एन. राना द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 63/9 ई-राजपुर रोड देहरादून से प्रकाशित।

सम्पादक: एस.एन. राना
*कार्यकारी सम्पादक आनन्द बत्रा 'सुमन'
स्थानीय सम्पादक चेतन गुरूंग
देहरादून कार्यालय 63/9 ई-राजपुर रोड देहरादून
☎0135-2743363
R.N.I. No.UTT HIN 2001/05656
मोबाइल-9720007290
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# एसपी निहारिका ने किया आधुनिक विद्यालय का लोकार्पण

शाह टाइम्स संवाददाता

**रुद्रप्रयाग।** जनपद के सुदूरवर्ती ग्राम फलई में विकास और शिक्षा का एक नया अध्याय जुड़ गया। गांव के बच्चों को आधुनिक और बेहतर शैक्षिक वातावरण उपलब्ध कराने की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए रिन्यू जल ऊर्जा प्राइवेट लिमिटेड द्वारा संचालित "एकीकृत ग्राम विकास परियोजना" के अंतर्गत पूर्ण हुए विद्यालय विकास कार्यों का भव्य लोकार्पण पुलिस अधीक्षक रुद्रप्रयाग सुश्री निहारिका तोमर ने किया।

कार्यक्रम में रिन्यू जल ऊर्जा प्रा. लि. के परियोजना प्रमुख अक्षय भारद्वाज की गरिमामयी उपस्थिति रही। पुलिस अधीक्षक ने विधिवत शिलापट्ट का अनावरण कर आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित विद्यालय भवन को छात्र-छात्राओं और ग्रामीणों को समर्पित किया। इस अवसर पर गांव में उत्साह और खुशी का माहौल देखने को मिला।

गौरतलब है कि रिन्यू कंपनी द्वारा 1 दिसंबर 2024 से 30 अप्रैल 2026 तक ग्राम फलई में "एकीकृत ग्राम विकास परियोजना" संचालित की गई, जिसके तहत गांव के समग्र विकास पर विशेष फोकस किया गया। परियोजना के माध्यम से बुनियादी सुविधाओं के विकास, महिला सशक्तिकरण, स्वरोजगार के अवसरों के सृजन, स्वास्थ्य जागरूकता अभियानों और किसानों को आधुनिक कृषि तकनीकों के प्रशिक्षण जैसे कई महत्वपूर्ण कार्य धरातल पर उतारे गए।



इसी श्रृंखला में विद्यालय सुदृढ़ीकरण कार्यों को पूरा कर आज ग्रामीण बच्चों को बेहतर शिक्षा और सुरक्षित शैक्षिक माहौल उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की गई।

मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक निहारिका तोमर ने अपने संबोधन में रिन्यू कंपनी, स्थानीय जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों के सामूहिक प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि दूरस्थ क्षेत्रों में शिक्षा और मूलभूत सुविधाओं का विकास समाज के उज्ज्वल भविष्य की नींव है। उन्होंने छात्र-छात्राओं से संवाद करते हुए उन्हें अनुशासन, मेहनत और सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

उन्होंने कहा कि यदि गांवों में शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार के अवसर मजबूत होंगे तो पलायन जैसी समस्याओं पर भी प्रभावी रोक लगाई जा सकेगी। ग्रामीणों ने भी इस पहल को गांव के विकास के लिए ऐतिहासिक कदम बताया।

इस गरिमामयी समारोह में रिन्यू कंपनी से श्री नितिन कौंडल (ऑपरेशन एवं मेंटेनेंस), फलई विद्यालय की प्रधानाचार्य श्रीमती सारिका भट्ट, ग्राम प्रधान श्री प्रकाश चंद्र, पूर्व प्रधान श्री विजय पाल, सामाजिक कार्यकर्ता श्री हरीश गुसाईं, डेवलपमेंट अल्टरनेटिव्स एनजीओ से शिवम, स्वयं सहायता समूह की महिलाएं तथा बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

ग्रामीणों ने रिन्यू कंपनी और प्रशासन का आभार व्यक्त करते हुए उम्मीद जताई कि भविष्य में भी इस प्रकार की विकास योजनाएं क्षेत्र के लिए नई संभावनाओं के द्वार खोलती रहेंगी।

**यूजेवीएन लिमिटेड**
मुख्यालय "उज्ज्वल" महारानी बाग, जी0एम0एस0 रोड, देहरादून-248006
दूरभाष: 0135-2763808, फैक्स- 0135-2763508
सी0आई0एन0 सं0: U40101UR2001SGC025866 | वेबसाइट: www.ujvnl.com

पत्रांक-436 **निविदा सूचना** दिनांक- 23/05/2026

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता (अनु0 एवं उत्पा0), पथरी विद्युत गृह, बहादराबाद, हरिद्वार इच्छुक निविदादाताओं से मुहरबंद निविदायें आमंत्रित करता हैं। निविदाओं का संक्षिप्त विवरण निम्नवत है।

**1. निविदा सं0: 01/अधि.अभि.(पथरी)/2026-27** - मानसून अवधि के दौरान पथरी विद्युत गृह के कूलिंग वॉटर सिस्टम के ओ.एण्डएम. का कार्य।
**अनुमानित लागत:** रू. 9,38,030/- (जीएसटी रहित)
**वेबसाईट पर निविदा प्रपत्र की उपलब्धता की तिथि** : 24.05.2026
**निविदा जमा करने की अन्तिम तिथि** : 15.06.2026, 11:00 बजे तक।
अन्य जानकारी हेतु कृपया हमारी वेबसाईट देखें। निविदा प्रपत्र निगम की वेबसाईट "www.ujvnl.com" से डाउनलोड किये जा सकते है।

अधिशासी अभियन्ता (अनु0 एवं उत्पा0)

"बिजली के दुरूपयोग से बचें"

### श्रद्धालुओं की सुविधा, सुरक्षा व भीड़ प्रबंधन को लेकर अधिकारियों को दिए अहम निर्देश

# मेला अधिकारी ने ज्वालापुर रेलवे स्टेशन व घाटों का किया निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** कुंभ मेला-2027 की तैयारियों को लेकर मेला प्रशासन ने सक्रियता तेज कर दी है। आगामी कुंभ मेले को सुव्यवस्थित, सुरक्षित और श्रद्धालु केंद्रित बनाने के उद्देश्य से शनिवार को मेलाधिकारी सोनिका ने अधिकारियों की टीम के साथ ज्वालापुर रेलवे स्टेशन, सिंहद्वार क्षेत्र, विभिन्न घाटों और नहर पटरी मार्ग का विस्तृत निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने भीड़ प्रबंधन, यात्री सुविधाओं, ट्रैफिक संचालन और सुरक्षा व्यवस्थाओं को लेकर संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। मेलाधिकारी ने कहा कि कुंभ मेला केवल धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि करोड़ों श्रद्धालुओं की आस्था और सुरक्षा से जुड़ा बड़ा दायित्व है। उन्होंने सभी विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश दिए।



ज्वालापुर रेलवे स्टेशन के निरीक्षण के दौरान उन्होंने प्लेटफॉर्म, प्रतीक्षालय, होल्डिंग एरिया और प्रवेश-निकास व्यवस्था का बारीकी से जायजा लिया। उन्होंने स्टेशन पर दूसरी ओर से अतिरिक्त प्रवेश मार्ग विकसित करने और मौजूदा एक निकासी द्वार के स्थान पर तीन अलग-अलग निकासी गेट बनाए जाने के निर्देश दिए। रेलवे अधिकारियों को कुंभ मेले के दौरान ट्रेनों के संचालन, अतिरिक्त ट्रेनों की व्यवस्था और भीड़ नियंत्रण की विस्तृत कार्ययोजना तैयार कर मेला प्रशासन को उपलब्ध कराने के निर्देश भी दिए गए। साथ ही स्टेशन परिसर में पेयजल, शौचालय और प्रकाश व्यवस्था बेहतर करने पर जोर दिया गया। निरीक्षण के दौरान स्टेशन के बाहर झूलते विद्युत तारों पर नाराजगी जताते हुए यूपीसीएल अधिकारियों को तत्काल उन्हें हटाने और विद्युत व्यवस्था सुरक्षित बनाने के निर्देश दिए गए। इसके बाद मेलाधिकारी ने सिंहद्वार क्षेत्र, शंकराचार्य चौक, समीपवर्ती घाटों और मायापुर रेगुलेटर से गुजरने वाले नहर पटरी मार्ग का निरीक्षण किया। इस दौरान श्रद्धालुओं के आवागमन, स्नान व्यवस्था, बैरिकेडिंग, ट्रैफिक डायवर्जन और सुरक्षा व्यवस्था को लेकर अधिकारियों के साथ विस्तार से चर्चा की गई। घाटों पर सफाई, प्रकाश व्यवस्था और सुरक्षा बलों की पर्याप्त तैनाती सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए। इस अवसर पर अपर मेला अधिकारी दयानंद सरस्वती, सीओ कुंभ बिपेन्द्र सिंह, सीओ जीआरपी अनुज सिंह सहित रेलवे विभाग, पुलिस प्रशासन और मेला प्रशासन के अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## बीडीएस व डॉग स्कवायड ने चलाया सघन चेकिंग अभियान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** चारधाम यात्रा व गंगा दशहरा स्नान पर्व के दृष्टिगत शनिवार को पुलिस की बम डिस्पोजल यूनिट व डॉग स्कवायड ने सघन चौकिंग अभियान चलाते हुए चारधाम यात्रा रजिस्ट्रेशन केंद्र ऋषिकुल, बस अड्डे और रेलवे स्टेशन का चप्पा खंगाला। एसएसपी नवनीत सिंह ने चारधाम यात्रा व गंगा दशहरा स्नान पर्व के दृष्टिगत स्थानीय नागरिकों एवं श्रद्धालुओं की सुरक्षा व्यवस्था दुरुस्त करने के लिए सभी थाना प्रभारियों सहित बीडीएस व डॉग स्क्वॉड को आवश्यक निर्देश दिए गए हैं। एसएसपी द्वारा दिए गए दिशा निर्देश के क्रम में बीडीएस व डॉग स्क्वायड की टीमें ऋषिकुल स्थित चारधाम यात्रा रजिस्ट्रेशन केन्द्र सहित शहर व देहात के बस अड्डा व रेलवे स्टेशन पहुंची और स्वान एवं उपकरणों की मदद से संदिग्ध व्यक्तियों, वस्तु और वाहनों को चौक किया।

### कांग्रेसियों ने अघोषित बिजली कटौती के विरोध में ज्वालापुर

# बिजली घर का घेराव कर किया धरना प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पथरी।** क्षेत्र में लगातार हो रही अघोषित बिजली कटौती के विरोध में शनिवार को कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पूर्व महासचिव वरुण बालियान के नेतृत्व में ज्वालापुर बिजलीघर का घेराव कर धरना-प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओं ने विद्युत विभाग के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए उपभोक्ताओं को नियमित और सुचारू बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने की मांग उठाई। धरने को संबोधित करते हुए कांग्रेस नेता वरुण बालियान ने कहा कि भीषण गर्मी के बीच लगातार बिजली कटौती से आम जनता परेशान है, लेकिन विभागीय अधिकारी समस्या के समाधान को लेकर गंभीर नजर नहीं आ रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार ने स्मार्ट मीटर लगाकर उपभोक्ताओं पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ डाल दिया है, इसके बावजूद लोगों को पर्याप्त बिजली नहीं मिल पा रही। महानगर कांग्रेस अध्यक्ष अमन गर्ग और वरिष्ठ कांग्रेस नेता मुरली मनोहर ने कहा कि बिजली कटौती से घरेलू उपभोक्ताओं के साथ व्यापारी वर्ग और विद्यार्थियों को भी भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द बिजली व्यवस्था में सुधार नहीं हुआ तो कांग्रेस व्यापक जनआंदोलन शुरू करेगी। प्रदर्शन के दौरान ज्वालापुर पूर्व नगर अध्यक्ष अंकित चौहान, पार्षद सुनील कुमार, लाली, इदरीस मंसूरी, युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष लक्ष्य चौहान, युवा कांग्रेस महानगर उपाध्यक्ष मयंक त्यागी, युवा कांग्रेस प्रदेश महासचिव दिव्यांश अग्रवाल, प्रदेश महासचिव एससी विभाग अमित कुमार, शौकत, ऋषभ वशिष्ठ, अयान सैफी, अज्जू, हिमांशु राजपूत, विवेक जगारिया, इलयास इम्मी, जावेद, बबलू सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।



## संक्षिप्त खबर

### ब्याज के लेन-देन को लेकर महिला से मारपीट, 7 पर केस

**हरिद्वार।** शहर कोतवाली क्षेत्र में ब्याज के लेनदेन को लेकर एक महिला के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। आरोप है कि तय ब्याज और मूलधन लौटाने के बावजूद अतिरिक्त रकम की मांग कर रहे थे। विरोध करने पर महिला को रास्ते में रोककर पीटा गया। पुलिस ने सात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। रानी गली शिवनगर निवासी शीतल बिश्नोई ने पुलिस को बताया कि भारत माता पुरम निवासी पल्लवी गुप्ता, ललित गुप्ता, संदीप गुप्ता, सन्नी और पिंकी सैनी समेत अन्य लोग उनसे और उनके भाई अजय से रुपये के ब्याज को लेकर विवाद कर रहे थे। उनका कहना है कि पांच प्रतिशत ब्याज तय हुआ था और वह मूलधन सहित पूरी रकम चुका चुके हैं। इसके बावजूद आरोपित अब 40 प्रतिशत अतिरिक्त ब्याज की मांग कर रहे थे और जान से मारने की धमकी दे रहे थे। उन्होंने 21 मई की सुबह ही कोतवाली में शिकायत देकर जान का खतरा बताया था। आरोप है कि उसी रात करीब दस बजे जब वह बेटी को स्कूटी से लेकर घर लौट रही थीं, तभी आरोपियों ने रास्ता रोक लिया। आरोप है कि सभी ने मिलकर उन्हें नीचे गिरा दिया और बेरहमी से पीटना शुरू कर दिया। शोर सुनकर आसपास के लोग बाहर निकल आए, जिसके बाद आरोपित फरार हो गए। कोतवाली प्रभारी कुंदन सिंह राणा ने बताया कि मामले में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### 10.32 ग्राम स्मैक के साथ युवक दबोचा

**हरिद्वार।** नगर कोतवाली पुलिस ने नशा तस्करी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एक युवक को स्मैक के साथ गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार शुक्रवार रात पुलिस टीम हिल बाईपास रोड पर गश्त कर रही थी। फ्लाईओवर के पास एक युवक को पकड़ लिया। पुलिस द्वारा तलाशी लेने पर आरोपी के कब्जे से 10.32 ग्राम स्मैक, डिजिटल तराजू और स्मैक की पुड़िया बनाने के लिए रखे गए कागज भी मिले हैं। पूछताछ में उसने अपना नाम सूरज कुमार निवासी ग्राम बनकटवा थाना जीतना जिला बेतिया बिहार हाल निवासी कबाड़ी बस्ती लालजीवाला हरिद्वार बताया। पूछताछ में आरोपित ने बताया कि वह स्मैक खड़खड़ी सुखी नदी के पास रहने वाले शुभम जल्लाद से लेकर आया था और छोटी-छोटी पुड़िया बनाकर राह चलते नशा करने वालों को बेचने वाला था। कोतवाली प्रभारी कुंदन सिंह राणा ने बताया कि आरोपित के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट में मुकदमा दर्ज कर कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

### वांछित नशा तस्कर को किया गिरफ्तार

**पथरी।** पुलिस ने अवैध चरस, गांजा, अफीम, स्मैक, नशीले इंजेक्शन आदि में संलिप्त नशा तस्करों के खिलाफ चलाए गए अभियान के अंतर्गत एक वांछित तस्कर को गिरफ्तार किया है। पथरी थानाध्यक्ष द्वारा अलग-अलग टीमो का गठन किया गया है। टीमों को मुख्यरुप से नशे के कारोबार मे संलिप्त/फरार व्यक्तियो की धरपकड कर उनके विरुद्ध कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया। पुलिस टीम द्वारा लगातार उनकी गतिविधियो पर नजर रखी गई ,व अलग-अलग स्थानो पर चौंकिग अभियान चलाया गया लिंक रोडो, गांव कस्बो की तरफ जाने वाली चकरोडो व हाईवे पर भी चौकिगं अभियान चलाया गया। इसी क्रम में वांछित चल रहा अभियुक्त मनीष कुमार पुत्र राकेश कुमार निवासी नुमाइश कैम्प खाण्डनगर सहारनपुर उ.प्र.को सहारनपुर से गिरफ्तार किया गया, आरोपी को न्यायालय के समक्ष पेश कर जेल भेजा गया है। एसओ पथरी रविन्द्र कुमार ने बताया नशे के खिलाफ चलाए गए अभियान में एक वांछित नशा तस्कर को गिरफ्तार किया है। आरोपी लम्बे समय से फरार चल रहा था। आरोपी को न्यायालय में पेश कर जेल भेजा गया है।

# नगर आयुक्त ने अपर रोड़, ब्रह्मपुरी व हरकी पैड़ी क्षेत्र का किया निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** नगर आयुक्त नंदन कुमार ने नगर निगम टीम के साथ अपर रोड, ब्रह्मपुरी तथा हरकी पैड़ी क्षेत्र का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान नगर निगम टीम ने दुकानदारों को सार्वजनिक मार्गों एवं घाट क्षेत्रों में किसी भी प्रकार का अवैध अतिक्रमण न किया जाने की चेतावनी दी। निरीक्षण के दौरान नगर आयुक्त नंदन कुमार ने गंगा दशहरा पर्व के दृष्टिगत रखते हुए सफाई व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाए जाने के निर्देश दिए। नगर निगम द्वारा संबंधित क्षेत्रों को विभिन्न जोन में विभाजित करते हुए अलग-अलग सफाई निरीक्षकों की ड्यूटी लगाई गई है। संबंधित सफाई निरीक्षकों को अपने-अपने आवंटित क्षेत्रों में नियमित सफाई व्यवस्था सुनिश्चित कराने तथा




अतिक्रमण हटवाने हेतु आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए हैं। नगर आयुक्त ने कहा कि गंगा दशहरा पर्व के अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के आगमन की संभावना है। जिसके दृष्टिगत नगर निगम द्वारा निरीक्षण एवं प्रवर्तन कार्यवाही को तेज किया गया है। साथ ही गंदगी फैलाने वालों एवं नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही किए जाने की चेतावनी भी दी गई। इस दौरान उप नगर आयुक्त दीपक गोस्वामी, मुख्य सफाई निरीक्षक संजय शर्मा, सफाई निरीक्षक धीरेंद्र सेमवाल तथा नगर निगम के कर्मचारी मौजूद रहे।

### हरिद्वार कोचिंग एसोसिएशन की बैठक आयोजित

# एकजुट होकर कार्य करें कोचिंग संचालक : विभास

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** हरिद्वार कोचिंग एसोसिएशन की बैठक का आयोजन शील इंस्टिट्यूट, रानीपुर शाखा में किया गया। बैठक में जनपद के विभिन्न कोचिंग संस्थानों के संचालक शामिल हुए और कोचिंग संस्थानों के बीच समन्वय स्थापित करने तथा शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने पर विचार किया। बैठक की अध्यक्षता करते हुए एसोसिएशन के अध्यक्ष विभास सिन्हा ने कहा कि हरिद्वार जिले के सभी कोचिंग संस्थानों को इस एसोसिएशन से जुड़ना चाहिए, जिससे एक मजबूत शैक्षिक नेटवर्क तैयार हो सके और छात्रों को बेहतर मार्गदर्शन प्रदान किया जा सके। उन्होंने सभी संचालकों से एकजुट होकर कार्य करने का आह्वान किया। एसोसिएशन के सचिव राकेश ने कहा कि सभी कोचिंग संचालक अपने संस्थान में कार्यरत कर्मचारियों का पुलिस वेरिफिकेशन अनिवार्य रूप से कराएं। उन्होंने कहा कि यह कदम छात्रों की सुरक्षा और पारदर्शिता बनाए रखने के लिए अत्यंत आवश्यक है। बैठक में कोचिंग संस्थानों की गुणवत्ता सुधार, अनुशासन और सुरक्षा से जुड़े पहलुओं पर भी विचार-विमर्श किया गया। बैठक में जसपाल राणा, विपुल, अनिल, अनुराग, रोहित कपूर, हरकेश मोहन, मानु, प्रिंस, प्रेम कुमार, उपेंद्र चौधरी एवं रोहित गेरा सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

### मोबाइल चोरी का आरोपी दबोचा, दो मोबाइल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** मोबाइल चोरी के आरोपी को थाना सिडकुल पुलिस ने गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 2 मोबाइल बरामद किए हैं। 20 मई को मोहम्मद सुल्तान निवासी शाहजहांपुर यूपी हाल निवासी रोशनाबाद सिडकुल निवासी मोहम्मद सुल्तान व अभिषेक यादव ने पुलिस को तहरीर देकर घर से मोबाइल चोरी करने का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया था। मुकदमा दर्ज करने के बाद जांच पड़ताल में जुटी पुलिस टीम ने सूर्य नगर तिराहा झुग्गी के पास एक लड़के द्वारा मोबाइल बेचने की सूचना पर उसे दबोचकर उसके कब्जे से दो मोबाइल बरामद कर लिए। पूछताछ में आरोपी अनस पुत्र मोनू निवासी दौड़वासी रोशनाबाद सिडकुल ने बताया कि नशे के खर्चो की पूर्ति के लिए उसने मोबाइल चोरी किए थे। पुलिस टीम में अपर उपनिरीक्षक हरीशचंद्र, कांस्टेबल मनीष कुमार शामिल रहे

# हैंडपंप के पानी के बहाव को लेकर दो पक्षों में मारपीट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** कनखल क्षेत्र में हैंडपंप के पानी के बहाव को लेकर शुरू हुआ विवाद मारपीट तक पहुंच गया। दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर हमला और धमकी देने के आरोप लगाए हैं। पुलिस ने दोनों पक्षों की तहरीर पर क्रॉस रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

पूजा पत्नी अरविंद कुमार निवासी बजरीवाला बैरागी कैंप ने पुलिस को बताया कि पड़ोस में रहने वाला अंकित आए दिन उनके परिवार को परेशान करता है। आरोप है कि 21 मई की शाम वह पानी भरने गई थीं, तभी अंकित ने उन्हें पानी भरने से रोक दिया। आरोप है कि उसने गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी। महिला का कहना है कि बाद में अंकित उनके घर पहुंचा और मारपीट पर उतारू हो गया। जाते-जाते पूरे परिवार को खत्म करने की धमकी भी दे गया। दूसरे पक्ष से अंकित कुमार ने पुलिस को दी शिकायत में आरोप लगाया कि उसी रात करीब साढ़े आठ बजे संजय, उर्मिला, आरती कुमारी, पूजा देवी और अरविंद साहनी समेत कई लोगों ने उसके परिवार पर हमला कर दिया। अंकित के मुताबिक विवाद घर के सामने लगे हैंडपंप के पानी के बहाव को लेकर हुआ। हमले में उसके सिर पर गंभीर चोट आई और टांके लगाने पड़े। उसके भाई और मां के सिर में भी चोट आई है, जबकि बहन आरती भी घायल हुई है। कोतवाली प्रभारी देवेंद्र सिंह रावत ने बताया कि दोनों पक्षों की ओर से मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# पेट्रोल डीजल के दाम बढ़ाने के विरोध में युवा कांग्रेस निकालेगी झोटा बुग्गी यात्रा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** पेट्रोल डीजल के दाम लगातार बढ़ाए जाने के विरोध में युवा कांग्रेस ने रविवार को चंद्राचार्य चौक से बाल्मीकि चौक तक झोटा बुग्गी यात्रा निकालने का ऐलान किया है। झोटा बुग्गी यात्रा को सफल बनाने के लिए ऋषिकुल स्थित कार्यालय पर आयोजित युवा कांग्रेस की बैठक को संबोधित करते हुए नवनिर्वाचित जिला उपाध्यक्ष गौरव चौहान और पूर्व प्रदेश महासचिव सागर बेनीवाल ने कहा कि पेट्रोल डीजल के दाम बढ़ने से महंगाई भी बढ़ रही है। जिसके चलते आम आदमी के लिए जीवन यापन करना कठिन होता जा जा रहा है। वरिष्ठ कांग्रेस नेता सोम त्यागी और मनोज सैनी ने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार हर मोर्चे पर विफल साबित हुई है। उन्होंने कहा कि पेट्रोल-डीजल के दाम बढ़ने से मालभाडे में बढ़ोतरी के चलते आम जरूरत की तमाम चीजें महंगी हो रही है। पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष विकास चंद्रा और महानगर महासचिव सार्थक ठाकुर ने कहा कि केंद्र सरकार महंगाई पर नियंत्रण नहीं कर पा रही है। बैठक में समीर अंसारी, रानीपुर विधान सभा क्षेत्र अध्यक्ष सौरभ सैनी, संजय राणा, राहुल चौहान, जवाहर चावला, मोहित कुकेजा, शिवम वाल्मीकि, राजू चित्कारा, राजबीर आदि कार्यकर्ता प्रमुख से मौजूद रहे।

# बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट अंक प्राप्त करने वाले छात्रों को सम्मानित किया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** डीपीएस दौलतपुर जूनियर सम्मान समारोह का आयोजन कर 10वीं एवं 12वीं की बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट परिणाम प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि सीओ सिटी शिशुपाल नेगी, अमृता विश्व विद्यापीठम के प्राचार्य डॉ.बी. राजतिलगम, कैरियर कोच और शिक्षाविद हरीश पुंडीर, विद्यालय के प्रो वाइस चेयरमैन विकास गोयल एवं प्रधानाचार्य पूनम ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। दसवीं बोर्ड परीक्षा में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले श्रेष्ठ मिश्रा, पावनी मालासी और नलिनीशा नौटियाल व 12वीं बोर्ड परीक्षा में स्ट्रीम टॉपर्स विज्ञान में श्रुति शर्मा, वाणिज्य में आशी शर्मा एवं ह्यूमैनिटीज में अंशिका को प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इसके साथ ही, विभिन्न विषयों में उत्कृष्ट अंक प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को भी विशेष प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह प्रदान किए गए। अन्य गतिविधियों कला, संगीत, नृत्य आदि में भाग लेने वाले छात्र-छात्रों को भी प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। समारोह में छात्र-छात्राओं ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए। जिसमें कक्षा 3 के छात्रों द्वारा प्रस्तुत बिहू नृत्य, लयबद्ध योग प्रस्तुति और कक्षा 9 के छात्रों द्वारा मिश्रित एवं अर्ध-शास्त्रीय नृत्य की प्रस्तुति दी। मुख्य अतिथि सीओ सिटी शिशुपाल नेगी ने छात्र-छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना की और जीवन में निरंतर कठिन परिश्रम करने का संदेश दिया। उन्होंने मेधावियों की इस सफलता का श्रेय विद्यालय के समर्पित शिक्षकों और अभिभावकों के अथक प्रयासों को दिया। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक, अभिभावक और छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

# बिल्डर पिता-पुत्र पर करोड़ों की जमीन हड़पने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** ज्वालापुर क्षेत्र में ड्रीम सिटी कॉलोनी विकसित करने वाले बिल्डर पिता-पुत्र पर अपने दिवंगत साझेदार की पत्नी को झांसे में लेकर करोड़ों रुपये की जमीन हड़पने का आरोप लगा है। शिकायत के आधार पर ज्वालापुर कोतवाली पुलिस ने बिल्डर रवि चौहान और उसके बेटे ऋषभ चौहान के खिलाफ धोखाधड़ी समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। इससे पहले भी दोनों के खिलाफ शहर कोतवाली में 13 लाख रुपये से अधिक की एफडी हड़पने का मामला दर्ज हो चुका है।

एसएसपी को दिए गए प्रार्थना पत्र में सुभाषनगर ज्वालापुर निवासी रिचपाल कौर विर्क ने बताया कि उनके पति सुरेंद्र पाल सिंह विर्क प्रॉपर्टी कारोबार से जुड़े थे। उन्होंने रवि चौहान निवासी ग्राम सीतापुर के साथ मिलकर रानीपुर झाल क्षेत्र में ड्रीम सिटी नाम से कॉलोनी विकसित की थी। आरोप है कि पति की मृत्यु के बाद वह मानसिक रूप से बेहद परेशान थीं और तीन छोटे बच्चों की जिम्मेदारी उनके ऊपर थी। इसी दौरान रवि चौहान ने उन्हें भरोसे में लेकर सलेमपुर महदूद में नया प्रोजेक्ट शुरू करने की बात कही और हिस्सेदारी देने का झांसा दिया।12 सितंबर 2019 को रवि चौहान ने उनके पुत्र योगवर सिंह से रानीपुर क्षेत्र की करीब 31 हजार वर्गफुट भूमि अपने नाम बैनामा करवा ली। बैनामे में जमीन की कीमत 18.82 लाख रुपये दर्शाई गई और रकम चेक के माध्यम से खाते में डाली गई। इसी दिन ज्वालापुर क्षेत्र की दूसरी जमीन का बैनामा भी 15.30 लाख रुपये दिखाकर अपने नाम करा लिया गया। आरोप है कि दोनों बैनामों की कुल 34.12 लाख रुपये की रकम निवेश के नाम पर वापस ले ली गई और बाद में जमीन बेटे ऋषभ चौहान के नाम कर दी गई।

महिला का आरोप है कि वर्तमान में उक्त जमीन की कीमत करीब नौ करोड़ रुपये है। न तो दूसरी जमीन दी गई और न ही रुपये लौटाए गए। रिचपाल कौर ने आरोप लगाया कि पेटलवुड और पेंटागन मॉल के पास स्थित जमीन भी धोखाधड़ी कर हड़प ली गई। कोतवाली प्रभारी चंद्रभान सिंह अधिकारी ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

# पूर्व सीएम बीसी खंडूरी का निधन उत्तराखंड के लिए बड़ी क्षति : रविंद्रपुरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद एवं मनसा देवी मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष श्रीमहंत रविंद्रपुरी, भारत माता मंदिर के महंत म.मं. स्वामी ललितानंद गिरी एवं महंत दर्शन भारती ने पूर्व मुख्यमंत्री दिवंगत भुवनचंद्र खंडूरी के देहरादून स्थित आवास पहुंचकर उनकी धर्मपत्नी अरूणा खंडूरी, पुत्री विधानसभा अध्यक्ष रितु खंडूरी तथा पुत्र मनीष खंडूरी से मिलकर शोक जताया। अखाड़ा परिषद अध्यक्ष श्रीमहंत रविंद्रपुरी ने कहा कि दिवंगत भुवनचंद्र खंडूरी बेहद मिलनसार व्यक्तित्व के स्वामी थे। पहले सेना और उसके बाद राजनीति के माध्यम से उन्हें देश सेवा में जो योगदान दिया। वह सदैव स्मरणीय रहेगा। उन्होंने कहा कि स्व. बीसी खंडूरी ने सख्त प्रशासक के रूप में उत्तराखंड के मुख्यमंत्री के रूप में कार्य करते हुए राज्य को प्रगति के मार्ग पर आगे बढ़ाया। उनका निधन उत्तराखंड के लिए बड़ी क्षति है। जिसे कभी पूरा नहीं किया जा सकेगा। म. मं. स्वामी ललितानंद गिरी ने कहा कि स्व.बीसी खंडूरी लोकप्रिय जननेता थे। उनके कार्य और विचार सदैव सभी को प्रेरणा देते रहेंगे। महंत दर्शन भारती एवं आईडी शास्त्री ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री स्व.बीसी खंडूरी सभी की स्मृतियों में सदैव जीवंत रहेंगे।



### एनडीआरएफ द्वारा स्कूल सेफ्टी प्रोग्राम आयोजित

# 504 छात्रों एवं शिक्षकों को आपदा प्रबंधन का दिया प्रशिक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) की 15वीं वाहिनी द्वारा जनपद हरिद्वार स्थित निर्धन निकेतन ऋषि इंटर कॉलेज, खड़खड़ी में स्कूल सेफ्टी प्रोग्राम का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन टीम कमांडर इंस्पेक्टर/जीडी तीरपन सिंह रावत के नेतृत्व में आयोजित किया गया। हरिद्वार में एनडीआरएफ टीम ने स्कूल सेफ्टी प्रोग्राम के अंतर्गत एक बार पुनः छात्र-छात्राओं को आपदा प्रबंधन से संबंधित महत्वपूर्ण गुण एवं जीवन रक्षक तकनीकों का प्रशिक्षण प्रदान किया। टीम द्वारा बच्चों को यह संदेश दिया गया कि किसी भी आपदा अथवा विषम परिस्थिति के दौरान घबराने के बजाय धैर्य, साहस एवं सूझबूझ के साथ कार्य करना चाहिए। विद्यार्थियों को मानसिक रूप से सजग एवं आत्मविश्वासी बनने के लिए भी प्रेरित किया गया। इस जागरूकता कार्यक्रम का उद्देश्य छात्र-छात्राओं, शिक्षकों एवं विद्यालय स्टाफ को विभिन्न प्रकार की आपदाओं के दौरान अपनाई जाने वाली सुरक्षा तकनीकों एवं प्राथमिक जीवन रक्षक उपायों के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम के दौरान एनडीआरएफ टीम द्वारा विद्यार्थियों को आपदा प्रबंधन की मूलभूत जानकारी, भूकंप के समय सुरक्षित निकासी प्रक्रिया, सीपीआर, बीएलएस, एवं एफबीएओ जैसी जीवन रक्षक तकनीकों का व्यावहारिक प्रदर्शन कर प्रशिक्षण प्रदान किया गया। इसके अतिरिक्त रक्तस्राव नियंत्रण, इम्प्रोवाइज्ड स्ट्रेचर निर्माण, आपातकालीन रेस्क्यू तकनीक तथा इम्प्रोवाइज्ड फ्लोटिंग डिवाइस के उपयोग के संबंध में भी जानकारी दी गई। एनडीआरएफ टीम ने छात्र-छात्राओं को I.GOT App के माध्यम से आपदा प्रबंधन के क्षेत्र में स्वयं को प्रशिक्षित एवं जागरूक करने हेतु प्रेरित किया। कार्यक्रम के दौरान आयोजित मॉक ड्रिल एवं इंटरैक्टिव सत्र में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।



### कुंभ मेले में आह्वान अखाड़ा चलाएगा पर्यावरण संरक्षण जागरूकता अभियान

# पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाने का बड़ा अवसर है हरिद्वार कुंभ मेला : अरूण गिरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** आह्वान अखाड़ा हरिद्वार कुंभ मेले के दौरान संत महापुरुषों एवं श्रद्धालु भक्तों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करने के लिए अभियान चलाएगा। अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद एवं मनसा देवी मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष श्रीमहंत रविंद्रपुरी के साथ कुंभ मेले को लेकर चर्चा के दौरान आह्वान अखाड़े के आचार्य म.मं. स्वामी अरूण गिरी ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण की दिशा में जागरूकता उत्पन्न करने के लिए हरिद्वार कुंभ मेला बड़ा अवसर है। कुंभ मेले में आने वाले लाखों श्रद्धालु भक्तों को धर्म और अध्यात्म का ज्ञान प्रदान करने के साथ पर्यावरण संरक्षण के प्रति भी जागरूक किया जाएगा। पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता उत्पन्न करने के लिए अखाड़े के संत और श्रद्धालु मिलकर कुंभ मेला क्षेत्र में व्यापक स्तर पर पौधारोपण करेंगे। उन्होंने कहा कि कुंभ स्नान के बाद वापस लौटने वाले संतों और श्रद्धालुओं को पौधे भेंट किए जाएंगे और पौधों का रोपण करने तथा उनकी देखभाल का संकल्प दिलाया जाएगा। स्वामी अरूण गिरी ने कहा कि इस संबंध में कुंभ मेला प्रशासन का भी सहयोग लिया जाएगा। जल्द ही अखाड़े के प्रतिनिधियों के साथ कुंभ मेला प्रशासन के अधिकारियों से भेंटकर इस संबंध में प्रस्ताव रखेंगे। श्रीमहंत रविंद्रपुरी ने स्वामी अरूण गिरी के पर्यावरण संरक्षण के प्रयासों की प्रशंसा करते हुए कहा कि पर्यावरण संरक्षण समाज के सभी वर्गों की नैतिक जिम्मेदारी है। लगातार असंतुलित हो रहे पर्यावरण को सभी के सम्मिलित प्रयासों से ही संतुलित किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि स्वामी अरूण गिरी के पर्यावरण संरक्षण अभियान के माध्यम से हरिद्वार कुंभ की दिव्यता भव्यता और बढ़ेगी। अखाड़ा परिषद भी उनके प्रयास में सहयोग करेगा। म.मं. स्वामी ललितानंद गिरी ने कहा कि मानव स्वास्थ्य के लिए पर्यावरण की शुद्धता जरूरी है। जीवन को सुखद बनाने के लिए पोधारोपण कर प्रदूषण को कम करना होगा। पर्यावरण संतुलित होगा तो जीवन पर आ रहे संकटों का समाधान भी होगा।




## कार्यालय, कृषि उत्पादन मण्डी समिति हरिद्वार यूनियन, हरिद्वार

पत्रांक : 208 दिनांक : 23-05-2026

**स्ववित्त पोषित योजनान्तर्गत दुकानों के पंजीकरण हेतु सूचना**

कृषि उत्पादन मण्डी समिति, हरिद्वार यूनियन, हरिद्वार के मण्डी स्थल में 'सी' श्रेणी की दुकानों का स्ववित्त पोषित योजनान्तर्गत निर्माण प्रगति पर है। अतः कृषि उत्पादन मण्डी समिति, हरिद्वार यूनियन, हरिद्वार से लाइसेंस प्राप्त फल-सब्जी के दुकान विहीन लाइसेंसधारी थोक व्यापारियों, आढ़तियों तथा थोक व्यापारी एवं आढ़तियों को सूचित किया जता है कि वे दिनांक : 08.06.2026 तक निर्धारित प्रार्थना पत्र पूर्ण रूप से भर कर, रु0 30,000.00 (रु0 तीस हजार मात्र) पंजीकरण शुल्क तथा देय जी0एसटी0 रु0 5,400.00 अर्थात कुल धनराशि रु0 35,400.00 (रु0 पैंतीस हजार चार सौ मात्र) समिति कार्यालय में नकद अथवा बैंक ड्रा0 के माध्यम से जमा करा दें। स्ववित्त पोषित योजना का आवेदन पत्र का प्रारूप रु0 5,000.00 तथा देय जी0एस0टी0 900.00 कुल 5,900.00 (रु0 पांच हजार नौ सौ मात्र) नकद भुगतान पर किसी कार्यदिवस में समिति कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। निर्धारित तिथि के उपरान्त किसी भी व्यापारी का प्रार्थना पत्र एवं पंजीकरण शुल्क स्वीकार नहीं किया जायेगा।

सचिव अध्यक्ष/नगर मजिस्ट्रेट



**सूचना ( नाम परिवर्तन )**

किसी त्रुटि वश परिवार रजिस्ट्री नकल में मेरा नाम सागर सैनी दर्ज हो गया है। जो गलत है। जबकि मेरे शैक्षिक अभिलेखों में मेरा नाम सुधांशु सैनी है। जो सही है। अतः भविष्य में मुझे मेरे सही नाम सुधांशु सैनी से ही जाना पहचाना जाये। सुधांशु सैनी पुत्र राजसिंह सैनी निवासी ग्राम सीधडू थाना कोतवाली व तहसील लक्सर (हरिद्वार)



हरिद्वार में समाचार व विज्ञापन के लिये सम्पर्क करें।

**सैफ सलमानी**
ब्यूरो चीफ
**शाह टाइम्स हरिद्वार**
कार्यालय : रामनगर, तहसील के पीछे, ज्वालापुर, हरिद्वार
मो.: 9639554327, ई-मेल : shahtimeshr2026@gmail.com

# भाजपा ओबीसी मोर्चा ने राहुल गांधी का किया पुतला दहन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**विकासनगर।** लक्ष्मीपुर चौक बरोटीवाला में भाजपा ओबीसी मोर्चा देहरादून ग्रामीण द्वारा कांग्रेस नेता राहुल गांधी के खिलाफ जोरदार विरोध प्रदर्शन करते हुए उनका पुतला दहन किया गया। यह विरोध प्रदर्शन राहुल गांधी द्वारा देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के प्रति की गई आमर्यादित टिप्पणी एवं अभद्र शब्दों के प्रयोग के विरोध में आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में भाजपा प्रदेश सोशल मीडिया सह-संयोजक रविंदर धीमान ने राहुल गांधी के बयान की घोर निंदा करते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी अपने नेताओं को संस्कार और मर्यादा का पाठ पढ़ाने में पूर्णतः विफल रही है।

उन्होंने कहा कि देश के सर्वोच्च नेतृत्व के प्रति इस प्रकार की अभद्र भाषा कांग्रेस की मानसिकता को दर्शाती है। कांग्रेस पार्टी को अपने नेताओं को सद्बुद्धि देने की आवश्यकता है।

भाजपा ओबीसी मोर्चा देहरादून ग्रामीण के जिला अध्यक्ष वीरता गुरुग ने कहा कि राहुल गांधी द्वारा किया गया यह कृत्य अत्यंत निंदनीय है और देश की जनता इस प्रकार की राजनीति को कभी स्वीकार नहीं करेगी।

भाजपा ओबीसी मोर्चा देहरादून ग्रामीण के जिला महामंत्री एडवोकेट गुरु मेल सिंह राठौड़ ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने हमेशा देश की जनता के साथ विश्वासघात किया है। देश की जनता कांग्रेस की वास्तविकता को भली-भांति जानती है। कहा राहुल गांधी को तत्काल प्रधानमंत्री एवं गृहमंत्री से सार्वजनिक रूप से माफी मांगनी चाहिए, अन्यथा पूरे देश में उनके खिलाफ आंदोलन तेज किया जाएगा।

विरोध प्रदर्शन एवं पुतला दहन कार्यक्रम में प्रदेश महामंत्री अनुसूचित जाति मोर्चा विनोद लक्खा, बिपिन रावत, प्रशांत कश्यप, अभिनंदन थापा, नीरज पुंडीर, ओमवीर पुंडीर, दारा सिंह, विनोद कश्यप, जयप्रकाश चौहान, हरीश राठौर, महिपाल धीमान, गो. विंद सिंह, विनोद देवी, ऋषि डंगे, पुष्पा गुरुग, कुलदीप कश्यप, दीपक रोहिला, मामचंद्र राठौर, लाखन सिंह, धीरज चौहान, अनिल प्रसाद नौटियाल, अजय बहादुर, महावीर सेमवाल, आशीष तोमर, योगेश राठौर सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# अजमेर की महिला ने धारी देवी से जीवीके झील में मारी छलांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**श्रीनगर ।** माँ धारी देवी मंदिर परिसर में शनिवार शाम उस समय अफरा-तफरी मच गई जब एक महिला ने अचानक मंदिर की रेलिंग से डैम झील अलकनंदा नदी में छलांग लगा दी। घटना के दौरान आसपास मौजूद श्रद्धालुओं में हड़कंप मच गया।

गनीमत रही कि उसी समय झील में एक नाव मौजूद थी। नाव चालकों ने तत्परता और बहादुरी दिखाते हुए बिना समय गंवाए महिला तक पहुँचकर उसका रेस्क्यू किया और सुरक्षित बाहर निकाल लिया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार नाव चालकों की त्वरित कार्रवाई से महिला की जान बच सकी। जानकारी के मुताबिक महिला राजस्थान की रहने वाली बताई जा रही है और अपने परिवार के साथ चारधाम यात्रा पर आई थी। परिवार ने बद्रीनाथ धाम के दर्शन भी किए थे। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस भी मौके पर पहुंची और महिला को आवश्यक सहायता उपलब्ध कराई गई। कलियासौड़ चौकि प्रभारी विजय सैलानी ने बताया कि बदरीनाथ दर्शन कर लौट रही पिंकी पालिवाल (32) पत्नी विजय पलिवार, विनय बिहार कालोनी, जयपुर रोड़, जिला अजमेर, राजिस्थान ने धारी देवी दर्शन के दौरान रैलिंग फादकर जीवीके डैम की झील में छलांग लगा दी। बताया कि स्थानीय की तत्परता से महिला का सकुशल रेस्क्यू किया गया है। महिला को परामर्श के लिए बेस चिकित्सालय श्रीकोट भेजा गया है। जहां महिला कि स्थिति सामान्य है। विजय सैलानी ने बताया कि महिला ने पुलिस को दिए बयान में कहा कि दो-तीन दिनों से पारिवारिक मनमुटाव चल रहा था। जिससे परेशान होकर उन्होंने यह कदम उठाया। वहीं महिला के पति का अजमेर में स्टील का बड़ा करोबार है।

## कंडारी के प्रमुख संगठन का प्रदेश अध्यक्ष बनने पर सम्मान समारोह आयोजित

**नई टिहरी।** भिलंगना ब्लाक प्रमुख राजीव कंडारी के ब्लाक प्रमुख संगठन का प्रदेश अध्यक्ष बनने पर घनसाली में भारतीय जनता पार्टी की ओर से सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में काफी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे। शनिवार को सम्मान समारोह में पार्टी कार्यकर्ताओं और स्थानीय जनप्रतिनिधियों की उल्लेखनीय उपस्थिति रही। इस अवसर पर पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष सोना सजवाण, पूर्व ब्लाक प्रमुख बासमती घनाता, राम कुमार कठैत, नगर पंचायत अध्यक्ष आनंद बिष्ट, गोविंद सिंह राणा सहित अनेक वरिष्ठ नेता और कार्यकर्ता शामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने ब्लाक प्रमुख राजीव कंडारी के संगठनात्मक अनुभव, जमीनी पकड़ और पार्टी के प्रति समर्पण की सराहना की। विधायक शक्ति लाल शाह ने कहा कि कंडारी के नेतृत्व में संगठन को नई ऊर्जा मिलेगी और क्षेत्र में विकास कार्यों को और गति प्रदान होगी। इस मौके पर क्षेत्र के लगभग दो दर्जन लोगों ने भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण की, जिससे पार्टी को जमीनी स्तर पर मजबूती मिलने का संदेश गया। कार्यक्रम के अंत में सभी नव-प्रवेशित सदस्यों का स्वागत किया गया और संगठन को सशक्त बनाने के संकल्प लिया है।

# सेपियंस विद्यालय में पुस्तक मेले का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**विकासनगर।** सेपियंस विद्यालय हरबर्टपुर एवं विकासनगर में अभिभावक-शिक्षक बैठक (पीटीएम) के अवसर पर पुस्तक मेले का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय निर्देशिका रश्मि गोयल द्वारा किया गया।




■ पुस्तकें ज्ञान का अमूल्य भंडार: रश्मि गोयल

इस अवसर पर हरबर्टपुर विद्यालय की प्रधानाचार्या गीता नेगी, विक. ासनगर प्रधानाचार्य सहित विभु गोयल, विद्या जोशी, नेहा कोठारी, ज्योत्सना, उमा पुंडीर, शीतल, विनीत शर्मा, वंदना, अश्विनी कुमार, नंदी बिष्ट, संभालती उनियाल आदि शिक्षक एवं अभिभावक उपस्थित रहे।

इस आयोजन का उद्देश्य विद्यार्थियों तथा अभिभावकों में पठन-पाठन की रुचि विकसित करना और अच्छी पुस्तकों के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। विद्यालय परिसर में आयोजित इस पुस्तक मेले में विभिन्न विषयों से संबंधित पुस्तकें प्रदर्शित की गईं। कहानी, साहित्य, सामान्य ज्ञान, विज्ञान, प्रेरणादायक पुस्तकें, प्रतियोगी परीक्षाओं से जुड़ी सामग्री तथा बच्चों की रुचिकर पुस्तकों ने सभी का विशेष ध्यान आकर्षित किया।

पीटीएम में आए अभिभावकों ने भी विद्यार्थियों के साथ पुस्तक मेले का अवलोकन किया और उपयोगी पुस्तकों की सराहना की। विद्यालय निर्देशिका रश्मि गोयल एवं प्रधानाचार्या गीता नेगी ने कहा कि "पुस्तकें ज्ञान का अमूल्य भंडार हैं और बच्चों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।" यह पुस्तक मेला विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं शिक्षकों के लिए एक प्रेरणादायक अनुभव सिद्ध हुआ।

## एक नजर .......

## व्यापार मंडल विकासनगर के संजय गुप्ता फिर बने अध्यक्ष

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**विकासनगर।** उद्योग व्यापार मंडल के चुनाव में पूर्व अध्यक्ष संजय गुप्ता ने फिर से अध्यक्ष पद पर कब्जा कर लिया। उन्होंने अपने प्रतिद्वंदी अंकित कंसल को हराया। अध्यक्ष पद के लिए तीन प्रत्याशी अंकित कंसल, संजय गुप्ता, कितेश जायसवाल चुनाव मैदान थे। इस पद के लिए संजय गुप्ता व अंकित कंसल की बीच कड़ा मुकाबला था। मगर संजय गुप्ता ने अंकित कंसल को 812 मत के मुकाबले में 945 मतों से पराजित किया। कितेश जायसवाल तीसरे नंबर पर रहे। उनकों कुल 56 वोट मिले। अवैध मत 15 पाए गए। महामंत्री पद के लिए दो प्रत्याशी दीपक जैन व हरीश अरोड़ा मैदान में थे। हरीश अरोड़ा ने दीपक जैन को 292 वोटो से हराया। हरीश अरोड़ो को 1047 वोट मिले जबकि दीपक जैन को 755 मत प्राप्त हुए। 26 मत अवैध पाए गए।

## शिवालिक एकेडमी में इंटर-हाउस ब्वॉयज बास्केटबॉल में अपनी प्रतिभा का परिचय दिया



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सेलाकुई।** शिवालिक एकेडमी में आयोजित इंटर-हाउस ब्वॉयज बास्केटबॉल प्रतियोगिता का समापन खेल भावना के साथ हुआ। प्रतियोगिता के दौरान सभी हाउसों के खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए अपनी प्रतिभा और टीम भावना का परिचय दिया। तीसरे स्थान के लिए खेले गए मुकाबले में शिवालिक हाउस ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए सतपुड़ा हाउस को 15-04 के अंतर से पराजित कर तीसरा स्थान प्राप्त किया।

प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले में विंध्या हाउस और अरावली हाउस के बीच रोमांचक संघर्ष देखने को मिला। विंध्या हाउस ने बेहतरीन तालमेल और शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए अरावली हाउस को 19-12 से हराकर प्रतियोगिता का खिताब अपने नाम किया तथा चौंपियन बनने का गौरव प्राप्त किया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर विंध्य हाउस द्वितीय स्थान पर अरावली हाउस तथा तृतीय स्थान पर शिवालिक हाउस रहे। प्रतियोगिता में पीयूष असवाल द्वारा पूरे टूर्नामेंट में कुल 12 बास्केट स्कोर कर अपनी टीम के लिए महत्वपूर्ण योगदान दिया। विद्यालय प्रधानाचार्या रजनी त्यागी ने सभी विजेता एवं प्रतिभागी खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कहा कि खेल विद्यार्थियों में अनुशासन, नेतृत्व, आत्मविश्वास एवं टीम भावना का विकास करते हैं। उन्होंने सभी खिलाड़ियों को भविष्य में भी इसी उत्साह और समर्पण के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

# विद्यार्थियों को स्टार्टअप की मूलभूत आवश्यकताओं की दी गई जानकारी

■ माया देवी यूनिवर्सिटी में स्टार्टअप सक्सेस विषय पर गेस्ट लेक्चरर का आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सेलाकुई।** माया देवी यूनिवर्सिटी के स्कूल ऑफ कॉमर्स एवं मैनेजमेंट द्वारा 'सेवन एसेंशियल स्टेप एवरी स्टार्टअप मस्ट फॉलो टू सकसीड' विषय पर गेस्ट लेक्चर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कीनोट स्पीकर के रूप में युवा उद्यमी एवं स्टार्टअप इकोसिस्टम बिल्डर क्षितिज डोवल रहे।

क्षितिज डोवल ने विद्यार्थियों को सफल स्टार्टअप की मूलभूत आवश्यकताओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि किसी भी स्टार्टअप की शुरुआत एक वास्तविक समस्या की पहचान से होती है यदि कोई इंडस्टी लोगों के वास्तविक जरूरत को समझ कर, समाधान प्रस्तुत करता है तो उसकी सफलता की संभावना कई गुना बढ़ जाती है।

उन्होंने विद्यार्थियों को अपने टारगेट कस्टमर को समझने उसकी पसंद आवश्यकताओं एवं खरीद व्यवहार का अध्ययन करने पर जोर दिया। साथ ही उन्होंने बताया कि हर स्टार्टअप के पास एक मजबूत और अलग पहचान (यूनीक वैल्यू प्रपो. जिशन) होना चाहिए जिससे ग्राहक उसे अन्य कंपीटीटर से अलग पहचान सके।

उन्होंने कहा कि एक स्टार्टअप केवल अच्छे विचार से सफल नहीं होता बल्कि सही क्रियावहन ग्राहकों की समझ लगातार नवाचार और निरंतर प्रयास से सफलता प्राप्त करता है।

इस अवसर पर वाइस प्रेसिडेंट प्रो. डॉ. तृप्ति जुयाल सेमवाल, वाइस चांसलर प्रो.डॉ. आशीष सेमवाल, रजिस्ट्रार श्रीमती अंबिका जुयाल, डीन एकेडमिक्स प्रो. डॉ. आरबी सिंह, स्कूल आफ कामर्स एंड मैनेजमेंट की डीन डा. अंजू गैरोला थपलियाल सहित मैनेजमेंट के शिक्षक एवं छात्र उपस्थित थे।

## एनफील्ड स्कूल में नव निर्वाचित छात्र परिषद का शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**विकासनगर।** द एनफील्ड स्कूल में नव निर्वाचित छात्र परिषद का शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। समारोह के दौरान कक्षा 9 से 12 तक के विद्यार्थियों ने अनुशासन बनाम स्वतंत्रता इसके माध्यम से मैं अपने विद्यालय में क्या परिवर्तन चाहता, चाहती हूं' विषय पर अपने विचार प्रस्तुत किए। कक्षा 6 से 8 के विद्यार्थियों ने नैतिक एवं सामाजिक मूल्यों से संबंधित विषयों पर भाषण दिए, जबकि कक्षा 3 से 5 तक के विद्यार्थियों ने 'एक अच्छे विद्यार्थी के गुण' विषय पर अपने विचार व्यक्त किए। निर्णायक समिति द्वारा निर्धारित विभिन्न मानकों पर विद्यार्थियों का मूल्यांकन कर योग्य विद्यार्थियों को हेड बॉय सीनियर वर्ग से ध्रुव तोमर, जूनियर वर्ग से मनन, हेड गर्ल सीनियर वर्ग से श्रेया साहू, जेनियर वर्ग से ईरा राज, प्रीफेक्ट में आरूषि, हिमांशु, प्रियांशु, तेजस्वी एवं अन्य को कैप्टन जैसी जिम्मेदारियों प्रदान की। विद्यालय के प्रधानाचार्य ओपी चुग ने चयनित विद्यार्थियों को सैश एवं बैज पहनाकर सम्मानित किया। सभी नव निर्वाचित परिषद सदस्यों ने ईमानदारी, अनुशासन एवं समर्पण के साथ अपने दायित्व निभाने की शपथ ली।

## मुख्य वन संरक्षक ने किया फायर क्रू स्टेशन व मास्टर कंट्रोल रूम का निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** वनाग्नि सुरक्षा व नियंत्रण व्यवस्थाओं के सुदृढ़ीकरण को लेकर जनपद टिहरी के नोडल अधिकारी व मुख्य वन संरक्षक पीके पात्रो और वन संरक्षक भागीरथी वृत्त धर्म सिंह मीणा ने नरेंद्रनगर वन प्रभाग व टिहरी वन प्रभाग के विभिन्न फायर क्रू-स्टेशनों और मास्टर कंट्रोल रूम, नई टिहरी का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सीसीएफ पीके पात्रो और एफसी धर्म सिंह मीणा ने वनाग्नि रोकथाम व नियंत्रण कार्यों में आमजन की सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करने, स्थानीय समुदाय के साथ समन्वय स्थापित करने और वनाग्नि की घटनाओं में संलिप्त असामाजिक तत्वों के विरुद्ध कठोर वैधानिक कार्रवाई करते हुए वन अपराध दर्ज किए जाने के संबंध में निर्देशित किया। प्रभागीय वनाधिकारी टिहरी वन प्रभाग पुनीत तोमर ने बताया कि जनपद में वनाग्नि की त्वरित रोकथाम व सतत निगरानी के लिए विभिन्न वन प्रभागों के अंतर्गत कुल 183 फायर क्रू-स्टेशनों की स्थापना की गई है। जिनमें 654 फायर वाचर तैनात हैं। इन फायर क्रू-स्टेशनों को आवश्यक अग्निशमन उपकरणों व फायर वाचरों के लिए गुड़-चना सहित आवश्यक पोषण सामग्री से सुसज्जित किया गया है। वनाग्नि के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से ग्राम स्तर, विद्यालयों, वनाग्नि सुरक्षा सप्ताह व जिला स्तरीय कार्यक्रमों के अंतर्गत अब तक कुल 575 गोष्ठियों का आयोजन किया जा चुका है।

# छात्रों को दी आपदा एवं बचाव कार्य में उपयोग होने वाले उपकरणों की जानकारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** एनडीईआरफ की ओर से डीडीएमए के सहयोग से टिहरी जनपद के सहयोग से एक दिवशीय जगरूकता कार्यक्रम के तहत विकासखंड नरेंद्र नगर तेहसील नरेंद्रनगर के अंतर्गत रा. ई. का. गुलर दोगी में स्कूल सेफ्टी कार्यक्रम संपन्न किया गया, जिसमें लगभग 224 विद्यालय कार्मिकों एवं छात्र छात्राओं, के द्वारा प्रतिभाग किया गया।




टीम द्वारा आपदाओं से बचाव के सम्बन्ध में, प्राथमिक उपचार, स्टेचर के इंप्रोवाईजेशन तरीके, खोज एवम बचाव में प्रयोग होने वाले विभिन्न उपकरणों की जानक. ारी दी गई और कार्यक्रम के दौरान टीम के द्वारा संयुक्त रूप से डैमो एवं वॉलेंटरी उपस्थित अध्यापक, अध्यापिकाओं, कार्मिकों एवं छात्र- छात्राओं को अभ्यास भी कराया गया। एनडीआरएफ के टीम लीडर सब इंस्पेक्टर संतोष कुमार जी द्वारा बताया कि, कमांडेंट संतोष कुमार 15 वीं बटालियन के दिशानिर्देश में टिहरी जनपद में इस तरह के प्रोग्राम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी के तहत टिहरी जिले में एनडीआरएफ की टीम के साथ जनपद आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के सहयोग से विकासखंड चंबा एवं नरेंद्र नगर, के विभिन्न चयनित स्थानों में एनडीआरएफ ने कार्यक्रम आयोजित किए जायेंगे।

कार्यक्रम में सब इंस्पेक्टर संतोष प्रसाद पुरोहित टीम के साथ, एवं जनपद आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के मास्टर ट्रेनर अनिल सकलानी ने आपदा प्रबंधन विभाग के अलग-अलग चरणों में होने वाले कार्यों, की जानकारी के साथ आपातकालीन टोल फ्री नम्बरों के बारे में एवं वन विभाग के वन दारा. ेगा श्री डी. एस. भंडारी, वन वीट अधिकारी गुलर ने वनाग्नि, जंगली जानवरों से वचाव के तरीके बताये। इस अवसर पर प्रधानाचार्य रा. इं का भरत सिंह राणा सहित स्कूल के शिक्षक, शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

# 12 साल बाद भी अधूरा चिरबटिया कृषि महाविद्यालय का भवन, खंडहर में तब्दील हुई करोड़ों की इमारत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** रुद्रप्रयाग और टिहरी जिले की सीमा पर स्थित चिरबटिया कृषि महाविद्यालय शासन-प्रशासन की गंभीर लापरवाही का शिकार बना हुआ है। स्थापना के 12 वर्ष बीत जाने के बाद भी महाविद्यालय का भवन निर्माण कार्य पूरा नहीं हो सका है। देखरेख के अभाव और घटिया निर्माण के कारण करोड़ों की लागत से खड़ी की गई इमारतें अब खंडहर में तब्दील हो चुकी हैं। अपनी खुद की छत न होने के कारण वर्तमान में कृषि महाविद्यालय के छात्रों की कक्षाएं टिहरी के रानीचौरी परिसर में संचा. लित की जा रही हैं।



■ करोड़ों की लागत के बाद भी रानीचौरी में पढ़ने को मजबूर छात्र, बदहाली देख भड़के युवा नेता मोहित डिमरी

इस बीच, रुद्रप्रयाग विधानसभा से पूर्व विधायक प्रत्याशी और युवा नेता मोहित डिमरी ने चिरबटिया पहुंचकर निर्माण कार्यों का जायजा लिया। उन्होंने इस स्थिति पर गहरा रोष व्यक्त करते हुए इसे सरकारी धन की बर्बादी और युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ बताया।

**2013 में स्वीकृत हुआ था प्रोजेक्ट, खिंचे सिर्फ ढांचे'**

**रुद्रप्रयाग।** वर्ष 2013 में तत्कालीन प्रदेश सरकार ने चिरबटिया में कृषि महाविद्यालय की स्थापना को मंजूरी दी थी। इसके लिए उद्यान विभाग की लगभग 8.3 हेक्टेयर भूमि आवंटित की गई और कुल 25 करोड़ का बजट स्वीकृत हुआ था। पहली किस्त के रूप में 5 करोड़ की धनराशि अवमुक्त की गई और उत्तर प्रदेश निर्माण निगम को निर्माण की जिम्मेदारी सौंपी गई। कार्यदायी संस्था ने यहां टाइप-2 व टाइप-3 आवासों सहित मुख्य भवन का ढांचा तो खड़ा किया, लेकिन घटिया निर्माण के कारण आज यह पूरा परिसर जर्जर और लावारिस हाल में पड़ा है।

**रानीचौरी में चल रही हैं कक्षाएं, पहाड़ के शोध को लगा झटका'**

**रुद्रप्रयाग।** महाविद्यालय में छात्रों को पर्वतीय क्षेत्रों के अनुकूल कृषि अनुसंधान के साथ-साथ कृषि विज्ञान, बागवानी, मृदा विज्ञान और कीट विज्ञान जैसे महत्वपूर्ण विषयों की शिक्षा मिलनी थी। मगर बुनियादी ढांचा न होने से छात्र टिहरी के रानीचौरी परिसर में पढ़ने को मजबूर हैं, जिससे स्थानीय स्तर पर कृषि विकास के दावों की हवा निकल रही है।

**टुकड़ों में बजट जारी होने पर उठे सवाल**

रुद्रप्रयाग। मौके पर पहुंचे युवा नेता मोहित डिमरी ने नए निर्माण कार्यों पर भी सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि लंबे समय बाद अब यहां 7.26 करोड़ की लागत से केवल छात्रावास का निर्माण कराया जा रहा है। डिमरी ने पूछा बिना प्रशासनिक भवन, हाई-टेक लैब, एकेडमिक ब्लॉक और शिक्षकों के आवास के, अकेले हॉस्टल बनाकर कक्षाएं कैसे संचालित होंगी? टुकड़ों में बजट जारी करना कहीं सरकारी धन के दुरुपयोग की साजिश तो नहीं? उन्होंने मांग की कि सभी निर्माण कार्य एक साथ शुरू किए जाएं और पुराने घटिया निर्माण के लिए जिम्मेदार कार्यदायी संस्था पर सख्त कार्रवाई हो।

## गंगा स्वच्छता को लेकर प्रशासन सख्त एसटीपी संचालन पर डीएम ने मांगी रिपोर्ट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** जिलाधिकारी नितिका खण्डेलवाल की अध्यक्षता एवं अपर जिलाधिकारी शैलेन्द्र सिंह नेगी की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला गंगा समिति की मासिक बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में विगत माह एस.टी.पी. प्लांटों के एन.जी.टी. मानकों के अनुरूप संच. ालित कराये जाने सम्बन्ध में सभी सम्बन्धित विभागों एवं अधिकारियों से अभी तक की कार्यवाही की रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिये गये थे।



समीक्षा के दौरान पाया गया कि जल संस्थान, मुनिकीरेती गंगा इकाई द्वारा अब तक कार्यवाही रिपोर्ट उपलब्ध नहीं करायी गयी है। इस पर जिलाधिकारी ने निर्देश देते हुए कहा कि एस.टी.पी. प्लांट पर आवश्यक सुधारात्मक कार्यवाही सुनिश्चित करते हुए कृत कार्यवाही की रिपोर्ट शीघ्र उपलब्ध करायी जाये।बैठक में परियोजना प्रबन्धक, निर्माण एवं अनुरक्षण इकाई (गंगा), श्रीनगर द्वारा अवगत कराया गया कि देवप्रयाग में 217 मीटर सीवर लाइन बिछाने का कार्य पूर्ण कर लिया गया है।

वर्तमान में घरों को सीवर लाइन से जोड़ने के लिए डी.पी.आर. तैयार की जा रही है। इसके अतिरिक्त जानकारी दी गयी कि 10 के.एल. डी. क्षमता वाले कीर्तिनगर एस.टी. पी. के डिस्चार्ज मापन के दौरान लगभग 40 के.एल.डी. डिस्चार्ज प्राप्त हो रहा है। अतिरिक्त डिस्चार्ज के निराकरण हेतु 5000 लीटर क्षमता का टैंक स्थापित किया गया है तथा एस.टी.पी. की क्षमता वृद्धि हेतु कार्ययोजना तैयार की जा रही है। बैठक में भागीरथी पुरम स्थित एस.टी.पी. प्लांट के नवीनीकरण के सम्बन्ध में अपर जिलाधिकारी द्वारा अधिशासी अधिकारी, जल संस्थान नई टिहरी को प्रस्ताव तैयार कर उपलब्ध कराने के निर्देश दिये गये, ताकि राज्य स्वच्छ गंगा मिशन, उत्तराखण्ड से प्रस्तावित कार्यों के लिए बजट उपलब्ध कराने हेतु आवश्यक पत्राचार किया जा सके।

# केदारनाथ यात्रा: एक माह में एक लाख से अधिक मरीजों को मिला ओपीडी एवं इमरजेंसी सेवाओं का लाभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रूद्रप्रयाग।** उच्च हिमालयी क्षेत्र में संचालित केदारनाथ धाम यात्रा 2026 के दौरान जिला प्रशासन द्वारा स्वास्थ्य सेवाओं को श्रद्धालुओं को लेकर प्रभावी एवं व्यवस्थित ढंग से संचालित किया जा रहा है। संपूर्ण यात्रा मार्ग से लेकर धाम क्षेत्र तक स्थापित चिकित्सा इकाइयों, मेडिकल रिलीफ पोस्ट, बेस कैंप चिकित्सालयों तथा हेली एवं एम्बुलेंस रेस्क्यू सेवाओं के माध्यम से श्रद्धालुओं को त्वरित उपचार उपलब्ध कराया जा रहा है।

प्राप्त आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, यात्रा प्रारम्भ से अब तक धाम स्थित चिकित्सालयों में कुल 1,04,072 यात्रियों को ओपीडी एवं इमरजेंसी सेवाएं प्रदान की गई हैं। जबकि आज 4217 श्रद्धालुओं का उपचार किया गया। इसी प्रकार अब तक 79800 यात्रियों की स्वास्थ्य जांच/स्क्रीनिंग की जा चुकी है, जिनमें से आज 2730 स्क्रीनिंग एक ही दिन में की गईं।



■ केदारनाथ यात्रा में श्रद्धालुओं को मिल रही त्वरित एवं प्रभावी चिकित्सा सुविधा, यात्रा प्रारंभ से अब तक 47 श्रद्धालुओं को हेलीकॉप्टर के माध्यम से भेजा गया हायर सेंटर

स्वास्थ्य विभाग द्वारा यात्रा से पहले और यात्रा के दौरान नियमित परीक्षण की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है, जिससे संभावित जोखिम वाले यात्रियों की समय रहते पहचान हो सके।

रेस्क्यू व्यवस्था की बात करें तो अब तक 47 तीर्थ यात्रियों को हेली सेवा के माध्यम से उच्च चिकित्सा संस्थान में रेफर किया गया है, 188 यात्रियों को एम्बुलेंस के माध्यम से जबकि 128 श्रद्धालुओ को डंडी कंडी के माध्यम से सुरक्षित नजदीकी अस्पताल पहुंचाया गया है, जो प्रशासन की त्वरित प्रतिक्रिया को दर्शाता है।

स्वास्थ्य परीक्षण के दौरान अब तक 89 यात्री अस्वस्थ अथवा यात्रा हेतु अयोग्य पाए गए हैं,ऐसे यात्रियों को यात्रा न करने अथवा चिकित्सकीय सलाह के अनुरूप आगे बढ़ने की सलाह दी गई है।

जिला प्रशासन द्वारा यात्रा मार्ग पर चिकित्सा सेवाओं को 24ग्7 सक्रिय रखा गया है। विभिन्न स्थानों पर ऑक्सीजन सुविधा, प्रशिक्षित चिकित्सक, नर्सिंग स्टाफ, एम्बुलेंस और हेली सेवाएं तैनात हैं, ताकि किसी भी आपात स्थिति में तुरंत सहायता उपलब्ध कराई जा सके।

जिला प्रशासन ने श्रद्धालुओं से अपील की है कि वे यात्रा पर आने से पूर्व अपना स्वास्थ्य परीक्षण अवश्य कराएं, निर्धारित दिशा-निर्देशों का पालन करें तथा किसी भी प्रकार की स्वास्थ्य समस्या होने पर तुरंत नजदीकी चिकित्सा केंद्र से संपर्क करें।

कुल मिलाकर, केदारनाथ यात्रा के दौरान स्वास्थ्य सेवाओं की सुदृढ़ व्यवस्था और त्वरित रेस्क्यू प्रणाली के चलते श्रद्धालुओं को सुरक्षित एवं सुगम यात्रा अनुभव प्रदान करने की दिशा में प्रशासन निरंतर सक्रिय है।

## अभिभावक संघ के दूसरी बार निर्विरोध अध्यक्ष बने पीसी जोशी

**हल्द्वानी।** जिम्मेदारी को ईमानदारी और समर्पण के साथ निभाया जाए तो सम्मान अपने आप मिल जाता है। इसी का उदाहरण शनिवार को महात्मा गांधी इंटर कालेज में आयोजित अभिभावक संघ चुनाव में देखने को मिला, जहां पीसी जोशी को लगातार दूसरी बार निर्विरोध अभिभावक संघ का अध्यक्ष चुना गया। चुनाव प्रक्रिया के दौरान विद्यालय परिसर में उत्साह का माहौल बना रहा। प्रधानाचार्या रश्मि राज खेड़ा की मौजूदगी में संपन्न हुए चुनाव में अभिभावकों और शिक्षकों ने पीसी जोशी के कार्यकाल की सराहना करते हुए उन पर फिर भरोसा जताया। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक सी बेलवाल, मोहम्मद आरिफ, कृष्ण कुमार समेत अन्य गुरुजन, अभिभावक संघ के सदस्य और बड़ी संख्या में अभिभावक मौजूद रहे। पीसी जोशी के दोबारा निर्विरोध अध्यक्ष चुने जाने पर पार्षद मनोज जोशी, पूर्व लेखा परीक्षक हरीश जोशी, कृष्ण जोशी, जीवन शर्मा, बीआर जोशी, मधुसूदन सुयाल, कृपाल मेहरा सहित कई गणमान्य लोगों ने उन्हें शुभकामनाएं देते हुए सफल कार्यकाल की कामना की।

# एडीएम ने की गैस वितरण व्यवस्था की समीक्षा, दिए निर्देश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** अपर जिलाधिकारी टिहरी गढ़वाल शैलेंद्र सिंह नेगी ने शुक्रवार देर सायं अपने कार्यालय कक्ष में पूर्ति विभाग एवं जनपद में संचालित गैस वितरण एजेंसियों के प्रतिनिधियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित कर जनपद में घरेलू गैस सिलेंडरों की उपलब्धता, वितरण व्यवस्था, प्राप्त स्टॉक, उपभोग तथा ई-केवाईसी की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की।

बैठक में एडीएम ने जनपद की सभी गैस वितरण एजेंसियों से एक-एक कर गैस आपूर्ति से जुड़े महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा की तथा घरेलू गैस सिलेंडरों की खपत, प्राप्त स्टॉक, शेष स्टॉक एवं वितरण की वर्तमान स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने एजेंसी संचालकों से ई-केवाईसी की प्रगति, उपभोक्ताओं को आ रही समस्याओं तथा वितरण व्यवस्था में आने वाली कठिनाइयों के संबंध में जानकारी प्राप्त कर आवश्यक सुझाव एवं दिशा-निर्देश दिए। बैठक के दौरान अपर जिलाधिकारी ने विशेष रूप से देवप्रयाग एवं कीर्तिनगर क्षेत्र में गैस सिलेंडरों की कथित किल्लत के सम्बन्ध में जानकारी ली। इस पर सम्बन्धित एजेंसी प्रतिनिधियों द्वारा बताया गया कि अनेक उपभोक्ताओं की ई-केवाईसी पूर्ण न होने के कारण वितरण प्रक्रिया प्रभावित हो रही है।

एडीएम ने निर्देश दिए कि ई-केवाईसी की प्रक्रिया में तेजी लाएं तथा उपभोक्ताओं को इसके प्रति जागरूक करें ताकि किसी भी पात्र उपभोक्ता को गैस वितरण में परेशानी न हो।

वहीं अंजनीसैंण स्थित चन्द्रबदनी गैस एजेंसी में ई-केवाईसी की धीमी प्रगति पर नाराजगी व्यक्त करते हुए एडीएम ने एजेंसी संचालकों को बेहतर नेटवर्क कनेक्टिविटी वाले उपकरणों का उपयोग करने तथा आवश्यकतानुसार अतिरिक्त कार्मिकों की तैनाती करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि उपभोक्ताओं की सुविधा सर्वोपरि है और ई-केवाईसी सहित अन्य प्रक्रियाओं को समयबद्ध ढंग से पूर्ण किया जाना चाहिए। बैठक में अपर जिलाधिकारी ने वर्चुअल माध्यम से विभिन्न गैस एजेंसियों के स्टॉक की भी जानकारी प्राप्त की। उन्होंने पूछा कि प्रतिदिन कितने गैस सिलेंडर प्राप्त हो रहे हैं तथा कितना वितरण किया जा रहा है।

इस संबंध में सभी एजेंसी प्रतिनिधियों ने अपने-अपने क्षेत्र की स्थिति से अवगत कराया। अपर जिलाधिकारी ने सभी एजेंसियों को निर्देशित किया कि गैस वितरण व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के साथ-साथ उपभोक्ताओं की शिकायतों का त्वरित निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि किसी भी क्षेत्र में गैस सिलेंडर की कमी या वितरण में लापरवाही पाए जाने पर संबंधित के विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। बैठक में जिला पूर्ति अधिकारी मनोज कुमार डोभाल सहित पूर्ति विभाग के संबंधित अधिकारी एवं गैस एजेंसियों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# विकास कार्यों को नियमित रूप से बढाया जा रहा आगे:किशोर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** टिहरी विधायक किशोर उपाध्याय ने कहा कि टिहरी विधानसभा में विकास कार्यों को नियमित रूप से आगे बढ़ाने का काम किया जा रहा है। मेडिकल कालेज का प्रस्ताव महानिदेशक स्वास्थ्य को सौंप दिया या है। जिसे लेकर कार्रवाई गतिमान है। एक्स्ट्रा स्पेस को लेकर भी पुनर्वास निदेशक स्तर पर निस्तारण की कार्रवाई भी सीएम धामी के निर्देश पर शुरू करवा दी गई है।



शनिवार को विधायक उपाध्याय ने भाजपा जिला कार्यालय में प्रेसवार्ता की। उन्होंने कहा कि स्थानीय मुद्दों को लेकर जनता व संगठन भी आगे आएं और अपने मुद्दों को सही प्लेटफार्म पर रखने का काम करें। प्राय देखा जा रहा है कि काम शुरू हो जाने के बाद कार्यों को लेकर खामियों बताई जाती हैं। जिसके चलते बाद में कुछ करने की स्थिति नहीं रह जाती है। इसके लिए जरूरी है कि विकास के मुद्दों पर होने वाली बैठकों में अधिकाधिक प्रतिभाग कर लोग अपनी बातों को प्रखरता से रखने का काम करें। विधायक ने कहा कि लगभग 1100 लोगों के एक्स्ट्रा स्पेस के मामले सामने आए हैं। जिसे लेकर पुनर्वास निदेशक स्तर पर निस्तारण की कार्रवाई शुरू करवा दी गई है। इसके लिए इच्छुक व्यक्ति अपने मामले पुनर्वास निदेशक के समक्ष रखें। जिस पर सम्यक विचार के बाद उचित कार्रवाई की जाएगी। दिक्कत आने पर उनसे मुलाकात भी करें। इसके अलावा नगर की आंतरिक सड़कों के डामरीकरण का काम जल्द शुरू होने जा रहा है। जिसके तहत लगभग 23-24 किमी की आंतरिक सड़कों के हालात जल्द सुधरेंगे। इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष उदय सिंह रावत, महामंत्री बलवंत रावत, बीकेटीसी सदस्य दिनेश डोभाल, भाजयुमो जिलाध्यक्ष मनीष राणा, जिला मीडिया प्रभारी राजेंद्र डोभाल, सभासद विजय कठैत, विनीत उनियाल, सीमा नेगी, जयेंद्र सिंह, रणवीर आदि मौजूद रहे।

# केदारनाथ यात्रा में उमड़ा आस्था का सैलाब

## वीकेंड भीड़ प्रबंधन को लेकर अलर्ट मोड पर पुलिस प्रशासन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रूद्रप्रयाग।** विश्व प्रसिद्ध केदारनाथ धाम यात्रा लगातार नए रिकॉर्ड बना रही है। यात्रा शुरू होने के एक माह के भीतर ही अब तक 8.10 लाख से अधिक श्रद्धालु बाबा केदार के दर्शन कर चुके हैं। खासकर सप्ताहांत (वीकेंड) पर श्रद्धालुओं की संख्या में भारी वृद्धि देखने को मिल रही है, जिसके चलते सोनप्रयाग और गौरीकुण्ड क्षेत्र में भीड़ का दबाव लगातार बढ़ रहा है।

इसी को देखते हुए पुलिस अधीक्षक रुद्रप्रयाग नीहारिका तोमर स्वयं ग्राउंड जीरो पर पहुंचीं और सोनप्रयाग व गौरीकुण्ड क्षेत्र की यात्रा व्यवस्थाओं का विस्तृत निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने पुलिस अधिकारियों एवं जवानों को श्रद्धालुओं की सुरक्षा, सुचारु आवागमन और भीड़ नियंत्रण को लेकर विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए।

एसपी ने स्पष्ट कहा कि वीकेंड पर बढ़ने वाली भीड़ को देखते हुए प्रत्येक संवेदनशील प्वाइंट पर अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया जाए तथा वायरलेस सेट के माध्यम से सभी ड्यूटी प्वाइंट्स के बीच लगातार समन्वय बनाए रखा जाए। श्रद्धालुओं को निरंतर अनाउंसमेंट के माध्यम से जानकारी देकर व्यवस्थित ढंग से आगे बढ़ाया जाए ताकि किसी प्रकार की अफरा-तफरी की स्थिति उत्पन्न न हो। गौरीकुण्ड क्षेत्र के संकरे मार्गों में जाम और अव्यवस्था से बचने के लिए एसपी ने सख्त निर्देश दिए कि केदारनाथ धाम से लौटने वाले श्रद्धालुओं को लाने वाले घोड़े-खच्चर, पालकी, डण्डी-कण्डी आदि को केवल निर्धारित घोड़ा पड़ाव क्षेत्र तक ही अनुमति दी जाए। किसी भी स्थिति में इन्हें गौरीकुण्ड कस्बे और शटल लाइन क्षेत्र तक न आने दिया जाए, जिससे पैदल श्रद्धालुओं का आवागमन सुरक्षित और सुचारु बना रहे। इस दौरान एसपी नीहारिका तोमर ने सोनप्रयाग स्थित हनुमान मंदिर के पास हाल ही में टूटी चट्टान वाले संवेदनशील क्षेत्र का भी निरीक्षण किया। गौरतलब है कि बीते दिन पहाड़ी का हिस्सा टूटने से एक व्यक्ति की मौके पर मौत हो गई थी, जबकि एक अन्य व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया था। घटना के बाद प्रशासन और पुलिस पूरी तरह अलर्ट मोड पर है। एसपी ने मौके पर तैनात पुलिस बल को अतिरिक्त सतर्कता के साथ ड्यूटी करने के निर्देश दिए तथा संबंधित कार्यदायी संस्था के अधिकारियों से वार्ता कर पहाड़ी पर मौजूद खतरनाक हिस्सों को तत्काल हटाने के निर्देश दिए।

## एक नजर .......

### भारत सरकार के संयुक्त सचिव राजेश कुलहारी द्वारा गलोगी लघु जलविद्युत परियोजना का निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**देहरादून।** भारत सरकार के नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय के संयुक्त सचिव (विंड) राजेश कुलहारी द्वारा आज यूजेवीएन लिमिटेड की गलोगी लघु जलविद्युत परियोजना का निरीक्षण किया। इस अवसर पर यूजेवीएन लिमिटेड के महाप्रबन्धक अजय पटेल, उपमहाप्रबंधक अजय सिंह, उपमहाप्रबंधक कृष्ण कुमार सिंह बिष्ट, अधिशासी अभियंता राकेश सिंह नेगी तथा महावीर सिंह पंवार, सहायक अभियंता मनीषा कौंसवाल रतूड़ी, अवर अभियंता ललिता बुड़ाकोटी तथा अन्य कार्मिक उपस्थित रहे। संयुक्त सचिव राजेश कुलहारी लगभग 119 वर्ष पुरानी इस ऐतिहासिक लघु जलविद्युत परियोजना के कुशलतापूर्वक एवं पूर्ण दक्षता से संचालन से विशेष रूप से प्रभावित हुए। उन्हें बताया गया कि गलोगी विद्युत गृह द्वारा वित्तीय वर्ष 2025-26 में 81 लाख यूनिट ऊर्जा उत्पादन किया गया है, जो इस परियोजना का पिछले 54 वर्षों का सर्वाधिक उत्पादन है तथा परियोजना के परिचालन प्रारंभ होने (बवउउपेपवदपदह) के बाद का दूसरा सर्वोच्च उत्पादन है। यूजेवीएन लिमिटेड के प्रबंध निदेशक अजय कुमार सिंह ने गलोगी में कार्यरत अधिकारियों एवं कर्मचारियों की सराहना करते हुए कहा कि परियोजना को बेहतरीन रूप से संचालित रखते हुए इसकी विरासतपूर्ण प्रकृति को अक्षुण्ण बनाए रखने के प्रति निगम हमेशा प्रतिबद्ध रहा है। उन्होंने कहा कि यूजेवीएन लिमिटेड पुरानी परियोजनाओं को आधुनिक तकनीक से संचालित कर राज्य के ऊर्जा क्षेत्र में अपना संपूर्ण योगदान देने के लिए कटिबद्ध है।

### रुद्रप्रयाग-श्रीनगर हाईवे पर पलटा मैक्स वाहन



**रूद्रप्रयाग।** राष्ट्रीय राजमार्ग-07 पर रुद्रप्रयाग से लगभग चार किलोमीटर आगे श्रीनगर की ओर जा रहा एक मैक्स वाहन अचानक अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गया। वाहन में कुल 8 यात्री और चालक सहित 9 लोग सवार थे। हादसे में यात्रियों को सामान्य चोटें आई हैं, जबकि वाहन चालक गंभीर रूप से घायल बताया जा रहा है। जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी नंदन सिंह रजवार ने जानकारी देते हुए बताया कि शनिवार प्रात: 10:07 बजे जिला आपातकालीन परिचालन केंद्र को दुर्घटना की सूचना प्राप्त हुई। सूचना मिलते ही जिला प्रशासन, पुलिस एवं राहत-बचाव एजेंसियां तुरंत सक्रिय हो गईं। इसके बाद तत्काल 108 एम्बुलेंस सेवा, पुलिस टीम तथा राहत-बचाव दल को घटनास्थल के लिए रवाना किया गया। स्थानीय पुलिस और रेस्क्यू टीमों ने मौके पर पहुंचकर तेजी और समन्वय के साथ राहत अभियान चलाया तथा सभी घायलों को सुरक्षित बाहर निकालकर जिला चिकित्सालय रुद्रप्रयाग पहुंचाया। प्रशासन के अनुसार दुर्घटना में घायल 8 यात्रियों को सामान्य चोटें आई हैं, जबकि गंभीर रूप से घायल चालक का चिकित्सकों की निगरानी में उपचार जारी है। जिला चिकित्सालय में सभी घायलों को आवश्यक चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। जिला प्रशासन पूरे घटनाक्रम पर लगातार नजर बनाए हुए है। अधिकारियों ने कहा कि किसी भी आपात स्थिति में त्वरित समन्वय, प्रभावी राहत कार्य और संवेदनशील कार्यप्रणाली के साथ प्रशासन पूरी तरह सतर्क एवं प्रतिबद्ध है।

# गंगोत्री धाम पहुंचे मुख्य चुनाव आयुक्त

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**उत्तरकाशी।** मुख्य चुनाव आयुक्त भारत निर्वाचन आयोग ज्ञानेश कुमार ने शनिवार को गंगोत्री धाम पहुंचकर मां गंगा के दर्शन एवं विशेष पूजा-अर्चना कर देश की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। इससे पूर्व उन्होंने सीमांत क्षेत्र के मतदान केंद्रों एवं विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्यों का निरीक्षण किया।

मुख्य चुनाव आयुक्त ने भारत-चीन सीमा से सटे हर्षिल एवं गंगोत्री क्षेत्र के पोलिंग बूथों का जायजा लेते हुए बूथ लेवल ऑफिसर मिंटो देवी के कार्यों की सराहना की। उन्होंने कहा कि मिंटो देवी 'बीएलओ ऐप' के माध्यम से मतदाता सूची के शुद्धीकरण का कार्य अत्यंत दक्षता और पारदर्शिता के साथ कर रही हैं। आयोग ने उनकी तकनीकी समझ और कर्तव्यनिष्ठा को प्रेरणादायक बताया।



■ साधु-संतों के विशेष बूथ का किया निरीक्षण

उन्होंने कहा कि ऐप के जरिए अनुपस्थित, मृतक, डुप्लीकेट एवं स्थानांतरित मतदाताओं के नाम हटाने के साथ ही 18 वर्ष पूर्ण कर चुके नए मतदाताओं को सूची में जोड़ने का कार्य प्रभावी ढंग से किया जा रहा है। मुख्य चुनाव आयुक्त ने कहा कि मिंटो देवी जैसे बीएलओ को चुनाव आयोग "सेल्यूट" करता है और उनसे देशभर के बीएलओ प्रेरणा लेंगे।

इस दौरान मुख्य चुनाव आयुक्त ने गंगोत्री स्थित विशेष पोलिंग बूथ का भी निरीक्षण किया, जहां शत-प्रतिशत मतदाता साधु-संत एवं संन्यासी हैं। उन्होंने साधु-संतों के साथ विस्तृत संवाद करते हुए दुर्गम परिस्थितियों और कड़ाके की ठंड के बावजूद लोकतांत्रिक प्रक्रिया में उनकी सक्रिय भागीदारी की सराहना की।

उन्होंने कहा कि ऐसा मतदान केंद्र, जहां सभी मतदाता साधना में लीन संत हों, भारतीय लोकतंत्र की विविधता और मजबूती का अनूठा उदाहरण है।

इस अवसर पर मुख्य निर्वाचन अधिकारी उत्तराखंड डॉ. बीवीआरसी पुरुषोत्तम, संयुक्त सचिव निर्वाचन किशन सिंह नेगी, एडीएम मुक्ता मिश्र, एसडीएम शालिनी नेगी, जिला शिक्षा अधिकारी शैलेन्द्र अमोली, महाप्रबंधक उद्योग शैली डबराल, सीओ जनक पंवार, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी राकेश मोहन राणा, जय पंवार सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# जिंदल साउथ सिटी में घर से लाखों की चोरी

**काशीपुर।** अलीगंज रोड स्थित जिंदल साउथ सिटी में अज्ञात चोर एक घर को निशाना बनाते हुए लाखों रुपये मूल्य के सोने-चांदी के सामान समेत घरेलू कीमती वस्तुएं चोरी कर ले गये। सूचना पर पुलिस ने मौका मुआयना कर सीसीटीवी फुटेज खंगाली। साथ ही तहरीर के आधार पर जांच शुरू की है। एडीओ पंचायत से सेवानिवृत्त शिव प्रकाश सक्सेना पुत्र स्व. सुरेंद्र नाथ सक्सेना अलीगंज रोड स्थित जिंदल साउथ सिटी में रहते हैं। बीती 21 मई को वह अपनी बेटी के साथ महाकाल के दर्शन के लिए उज्जैन गए थे। शनिवार सुबह करीब साढ़े सात बजे घर में काम करने वाली महिला पहुंची तो मुख्य गेट का ताला टूटा मिला तथा अंदर कमरों का सामान बिखरा पड़ा था। सूचना मिलने पर शिव प्रकाश सक्सेना के छोटे भाई मौहल्ला लाहौरियान, काशीपुर निवासी पंकज सक्सेना मौके पर पहुंचे और पुलिस तथा अपने बड़े भाई को घटना की जानकारी दी। शिव प्रकाश ने फोन पर बताया कि चोर घर से 10 ग्राम का सोने का सिक्का, करीब 250 ग्राम की चांदी की प्लेट, भगवान गणेश एवं माता लक्ष्मी की दो चांदी की मूर्तियों समेत अन्य कीमती घरेलू सामान चोरी कर ले गए हैं। प्रारंभिक अनुमान के अनुसार चोरी गए सामान की कीमत करीब तीन से चार लाख रुपये बताई जा रही है। पंकज सक्सेना के अनुसार पूरी घटना घर में लगे सीसीटीवी कैमरों में रिकार्ड हो गई है। फुटेज में बीती रात करीब 2.30 बजे दो संदिग्ध नकाबपोश घर में प्रवेश करते दिखाई दे रहे हैं। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मौका मुआयना किया तथा सीसीटीवी फुटेज खंगालकर जानकारी जुटाई। पंकज सक्सेना द्वारा सौंपी गई तहरीर के आधार पर मामले की जांच शुरू की गई है।

# बिन्दाल नदी में चैनेलाइजेशन कार्यो का जोशी ने किया निरीक्षण

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** कैबिनेट मंत्री कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने शनिवार को सुबह क्षेत्र भ्रमण के दौरान विजय कॉलोनी का दौरा कर आगामी बरसात के मद्देनजर सुरक्षात्मक व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने विजय कॉलोनी पुल से बद्रीनाथ कॉलोनी तक चेनलाइजेशन कार्य शीघ्र प्रारंभ करने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया।



कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने अधिकारियों से कहा कि बरसात शुरू होने से पहले चेनलाइजेशन का कार्य प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण किया जाए, ताकि संभावित आपदा एवं जलभराव जैसी घटनाओं से क्षेत्रवासियों को होने वाले नुकसान से बचाया जा सके। उन्होंने कहा कि जनसुरक्षा सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है और बरसात से पूर्व सभी आवश्यक सुरक्षात्मक कार्य समयबद्ध तरीके से पूरे किए जाएं।

क्षेत्र भ्रमण के दौरान कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने विजय पेयजल कॉलोनी में पेयजल आपूर्ति व्यवस्था का भी निरीक्षण किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि गर्मी के मौसम में क्षेत्रवासियों को पर्याप्त पेयजल उपलब्ध कराया जाए तथा किसी भी प्रकार की जल समस्या उत्पन्न न होने पाए। उन्होंने कहा कि पेयजल आपूर्ति व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए नियमित मॉनिटरिंग के भी निर्देश दिए। उन्होंने नीलकण्ठ विहार, विजय कालोनी भाग 3 बस्ती एवं मुख्य चौराहे पर निवास करने वाले लोगों के घरों में पेयजल की उपलब्धता के निर्देश दिये।

निरीक्षण के दौरान सिंचाई विभाग के ईई पुरुषोतम कुमार, जलसंस्थान के ईई आशीष भट्ट, भाजपा के मण्डल अध्यक्ष प्रदीप रावत, महामंत्री भावना चौधरी, पूर्व पार्षद सत्येन्द्र नाथ, राजेश शर्मा, डा बबीता सहोत्रा, ओम प्रकाश बवाड़ी, दीपक बहुखण्डी, कुशाल सहित क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

## आधारभूत सुविधाओं के विकास पर होगा खर्च

**अल्मोड़ा।** कलेक्ट्रेट सभागार में जिला खनन न्यास समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक में विभिन्न विभागों द्वारा जनहित एवं विकास से जुड़े प्रस्ताव प्रस्तुत किए गए। जिसमें कई महत्वपूर्ण योजनाओं को स्वीकृति प्रदान की गई। जिलाधिकारी अंशुल सिंह की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में शिक्षा, चिकित्सा, स्वास्थ्य, पेयजल, स्वच्छता, फसल सुरक्षा एवं आधारभूत सुविधाओं के विकास से संबंधित प्रस्तावों पर गंभीरता से विचार-विमर्श किया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि जिला खनन न्यास समिति से प्राप्त धनराशि का उपयोग ऐसे कार्यों में किया जाए, जिनसे सीधे तौर पर आमजन को लाभ पहुंचे तथा दूरस्थ क्षेत्रों में मूलभूत सुविधाएं मजबूत हो सकें। बैठक में चौखुटिया अस्पताल के ऑपरेशन थिएटर को संचालित करने के लिए आवश्यक उपकरण एवं सामग्री की खरीद हेतु धनराशि आवंटित करने के प्रस्ताव को स्वीकृति दी गई।

# मध्यमहेश्वर धाम में श्रद्धालुओं की मुश्किलों को लेकर जताई नाराजगी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रूद्रप्रयाग।** पंचकेदारों में द्वितीय केदार के रूप में प्रसिद्ध भगवान मध्यमहेश्वर धाम की यात्रा शुरू होते ही व्यवस्थाओं की पोल खुलने लगी है। सीमान्त क्षेत्र अनुश्रवण परिषद (दर्जा राज्यमंत्री) के उपाध्यक्ष चंडी प्रसाद भट्ट ने मध्यमहेश्वर क्षेत्र में तीर्थयात्रियों एवं स्थानीय नागरिकों को हो रही भारी परेशानियों को लेकर जिलाधिकारी रुद्रप्रयाग को कड़ा पत्र भेजते हुए गहरी नाराजगी जताई है।

उन्होंने कहा कि 21 मई 2026 को कपाट खुलने के बाद प्रतिदिन लगभग 700 श्रद्धालु धाम पहुंच रहे हैं, लेकिन यात्रा मार्ग और धाम क्षेत्र में मूलभूत सुविधाओं का गंभीर अभाव बना हुआ है, जिससे यात्रियों और स्थानीय लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।



उन्होंने पत्र में कहा कि वर्तमान समय में मध्यमहेश्वर यात्रा मार्ग एवं धाम क्षेत्र में कहीं भी स्वास्थ्य सुविधा अथवा हेल्थ यूनिट उपलब्ध नहीं है। जबकि यात्रा मार्ग अत्यंत कठिन और संवेदनशील है। ऐसी स्थिति में किसी भी आपातकालीन घटना के दौरान यात्रियों एवं स्थानीय नागरिकों को गंभीर संकट का सामना करना पड़ सकता है। उन्होंने तत्काल अस्थायी हेल्थ यूनिट स्थापित करने की मांग की है।

■ हेल्थ यूनिट गायब, पानी का संकट गहराया, एसडीआरएफ तैनाती और पार्किंग व्यवस्था की उठी मांग,, दर्जा राज्यमंत्री ने डीएम को लिखा कड़ा पत्र,,

इसके साथ ही गौंडार से मध्यमहेश्वर तक पैदल मार्ग पर अत्यधिक भीड़ को देखते हुए यात्रियों की सुरक्षा एवं भीड़ नियंत्रण हेतु एसडीआरएफ अथवा एनडीआरएफ के कम से कम 4 जवान तैनात किए जाने की मांग उठाई गई है। पत्र में कहा गया है कि 2 जवान गौंडार और 2 जवान मध्यमहेश्वर में तैनात किए जाएं ताकि किसी भी आपात स्थिति से प्रभावी ढंग से निपटा जा सके।

दर्जा राज्यमंत्री ने मध्यमहेश्वर क्षेत्र में गहराए पेयजल संकट पर भी चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि पानी की भारी कमी के कारण यात्रियों और स्थानीय लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने प्रशासन से तत्काल पेयजल व्यवस्था सुचारु करने की मांग की। साथ ही यात्रा के मुख्य पड़ाव रांसी गांव में भी गंभीर पेयजल संकट का उल्लेख करते हुए वहां स्थायी पेयजल व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की गई है। चंडी प्रसाद भट्ट ने रांसी गांव में पार्किंग व्यवस्था को लेकर भी प्रशासन पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि पर्याप्त भूमि उपलब्ध होने के बावजूद वहां समुचित पार्किंग व्यवस्था नहीं बनाई गई है, जिससे लगातार अव्यवस्था और जाम की स्थिति बनी हुई है। उन्होंने जनहित और यात्रा सुविधा को ध्यान में रखते हुए रांसी गांव में स्थायी पार्किंग निर्माण की कार्यवाही शीघ्र शुरू करने की मांग की है।

पत्र के अंत में उन्होंने प्रशासन से आग्रह किया कि यात्रियों की सुरक्षा, स्वास्थ्य सुविधाओं, पेयजल व्यवस्था और यात्रा प्रबंधन को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए सभी समस्याओं का शीघ्र समाधान सुनिश्चित किया जाए, ताकि श्रद्धालुओं को सुरक्षित एवं सुगम यात्रा का अनुभव मिल सके।

# लखनऊ ने पंजाब को 197 रन का टारगेट दिया

## एलएसजी के धाकड़ बल्लोबज जोश इंग्लिश ने बनाए आकर्षक 72 बड़ोनी की भी 43 रन की तेज पारी

**लखनऊ, वार्ता।** आईपीएल में लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) ने पंजाब किंग्स (पीबीकेएस) को 197 रन का टारगेट दिया है। इकाना स्टेडियम में टास हारकर पहले बैटिंग करते हुए लखनऊ ने 20 ओवर में 6 विकेट पर 196 रन बनाए।

लखनऊ के लिए जोश इंग्लिस ने सबसे ज्यादा 72 रन की पारी खेली, जबकि आयुष बडोनी ने 18 गेंदों में 43 रन बनाए। आखिर में अब्दुल समद ने नाबाद 37 रन की पारी खेलकर टीम को मजबूत स्कोर तक पहुंचाया। पंजाब की ओर से मार्को यानसन और युजवेंद्र चहल ने 2-2 विकेट किए, जबकि अजमतुल्लाह ओमरजई और शशांक सिंह को 1-1 सफलता मिली। लखनऊ सुपर जायंट्सरू जोश इंग्लिस, अर्शिन कुलकर्णी, निकोलस पूरन, आयुष बडोनी, ऋषभ पंत द्धकप्तान और



विकेटकीपरऋ, अब्दुल समद, मुकुल चौधरी, अर्जुन तेंदुलकर, मोहम्मद शमी, मोहसिन खान और प्रिंस यादव। यानसन ने एक और विकेट हासिल करते हुए मुकुल चौधरी को 1 रन पर पवेलियन भेज दिया। मुकुल ने बड़ा शाट खेलने की कोशिश की, लेकिन लॉन्ग-ऑन पर सब्स्टीट्यूट फील्डर प्रवीण दुबे ने डाइव लगाकर कैच पकड़ लिया। शशांक सिंह ने इंग्लिस को आउट कर पंजाब को पांचवीं सफलता दिलाई। इंग्लिस ने बड़ा शाट खेलने की को. शिश की, लेकिन लान्ग-आन पर खड़े कप्तान अय्यर ने आसान कैच लपक लिया।

इंग्लिस 44 गेंदों में 72 रन बनाकर पवेलियन लौटे। 16 ओवर के बाद लखनऊ का स्कोर 4 विकेट पर 157 रन हो गया है। इंग्लिस 71 रन बनाकर क्रीज पर टिके हुए हैं, जबकि अब्दुल समद ने यानसन के ओवर में एक शानदार छक्का जड़ा। इस ओवर से कुल 10 रन आए। चहल ने पंत को आउट कर पंजाब को एक और बड़ी सफलता दिलाई। पंत ने बड़ा शाट खेलने की कोशिश की, लेकिन गेंद बल्ले पर सही तरह नहीं आई और डीप में खड़े यानसन ने आसान कैच पकड़ लिया। पंत 22 गेंदों में 26 रन बनाकर पवेलियन लौटे।

पंत और इंग्लिस के बीच चौथे विकेट के लिए 65 रन की साझेदारी हुई। इंग्लिस ने 28 गेंदों में अपना अर्धशतक पूरा किया। उन्होंने अर्शदीप सिंह की गेंद को डीप पाइंट की ओर खेलकर दो रन लिए। 10 ओवर के बाद लखनऊ का स्कोर 3 विकेट पर 100 रन हो गया है। इंग्लिस और पंत ने पारी को संभालते हुए क्रीज पर हैं। युजवेंद्र चहल ने आयुष बडोनी को स्टंपिंग कराकर पंजाब को बड़ी सफलता दिलाई। आफ स्टंप के बाहर तेज गेंद पर बडोनी कट शाट खेलने से चूक गए और उनका पैर हवा में उठ गया। विकेटकीपर प्रभसिमरन सिंह ने शानदार फुर्ती दिखाते हुए गिल्लियां बिखेर दीं। बडोनी 18 गेंदों में 43 रन बनाकर आउट हुए, जिसमें 5 चौके और 3 छक्के शामिल रहे। पावरप्ले में लखनऊ ने 2 विकेट खोकर 66 रन बनाए।

# आईसीसी बैठक में गेंद के रंग और पारी के ब्रेक टाइम पर चर्चा

**दुबई, वार्ता।** अंतर्राट्रीय क्रिकेट परिाद (आईसीसी) रेड-बॉल, व्हाइट-बॉल और पिक-बॉल क्रिकेट में खेलने के हालात में बड़े बदलाव करने पर विचार कर रही है और बोर्ड की 30 मई को अहमदाबाद में होने वाली बैठक में मंजूरी मिलने पर इसे लागू किया जा सकता है। क्रिकबज की रिपोर्ट के अनुसार प्रस्तावित बदलावों में मुख्य कोच को ड्रिंक्स ब्रेक के दौरान मैदान में आने की इजाजत देना भी शामिल है। यह बदलाव मुख्य रूप से वनडे क्रिकेट के लिए है, जहां अभी केवल सब्स्टीट्यूट खिलाड़ियों को ही मैदान में आने की इजाजत है।

खेलने के हालात में मौजूदा क्लॉज में कहा गया है, मैदान पर ड्रिंक्स ले जाने वाले किसी भी खिलाड़ी को सही क्रिकेट ड्रेस पहननी होगी। मंजूरी मिलने के बाद इसे लागू करने पर मुख्य कोच को भी ड्रिंक्स ब्रेक के दौरान मैदान में आने की इजाजत होगी। हालांकि, यह स्पट नहीं है कि मुख्य कोच को भी टीम की जर्सी पहननी होगी या नहीं। एकदिवसीय क्रिकेट में, हर इनिग में दो ड्रिंक्स ब्रेक की इजाजत है, हर एक एक घंटे और 10 मिनट के अंतर पर तय है। अंतर्राष्ट्रीय टी-20 में, मुख्य कोच को तकनीकी कारणों से ड्रिंक्स ब्रेक के दौरान मैदान पर मौजूद खिलाड़ियों से सलाह करने की इजाजत पहले से ही है। इसके अलावा आईसीसी अंतर्राष्ट्रीय टी-20 में पारी ब्रेक का समय घटाकर 15 मिनट करने की भी योजना बना रहा है। मौजूदा प्लेइंग कंडीशन में कहा गया है: इनिंग्स के बीच 20 मिनट का गैप होगा।

# MI के खिलाफ मैच में सूर्यवंशी पर टिकी हैं RR की उम्मीदें

■ लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ 200 से ज्यादा रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए 38 गेंदों में बनाए गए

**मुंबई, वार्ता।** इंडियन प्रीमियर लीग 2026 सीजन को अपनी सबसे दिलचस्प कहानी एक ऐसे खिलाड़ी में मिली है जिसकी उम्मीद कम ही थी, 15 साल के वैभव सूर्यवंशी-जिनकी जबरदस्त बैटिंग ने राजस्थान रॉयल्स के अभियान को पूरी तरह बदल दिया है और टूर्नामेंट के आखिरी दौर में एक नया आयाम जोड़ दिया है।

सूर्यवंशी का उभार बहुत तेजी से और जोरदार तरीके से हुआ है। अपनी पिछली तीन पारियों में 230 से ज्यादा के शानदार स्ट्राइक रेट से 175 रन बनाकर, इस टीनएजर ने न सिर्फ लगातार अच्छा प्रदर्शन किया है, बल्कि बड़े दबाव वाले



मैचों में लक्ष्य का पीछा करते हुए हावी होने की एक अनोखी काबि. लियत भी दिखाई है। लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ 200 से ज्यादा रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए 38 गेंदों में बनाए गए उनके हालिया 93 रनों ने क्रिकेट जगत में सबका ध्यान खींचा और लीग के सबसे निडर युवा बल्लेबाजों में से एक के तौर पर उनकी साख को और मजबूत किया। यशस्वी जायसवाल और ध्रुव जुरेल के साथ मिलकर, सूर्यवंशी ने राजस्थान रॉयल्स की बैटिंग यूनिट की रीढ़ की हड्डी का काम किया है, जो आक्रामकता और इरादे पर टिकी रही है। आरआर के हालिया प्रदर्शनों ने एक ऐसी रणनीति दिखाई है जो विरोधी टीम पर शुरू में ही हमला करने और बीच के ओवरों में दबाव बनाए रखने पर आधारित है्द्ध यह एक ऐसी रणनीति है जिसने इस सीजन में कई बड़े स्कोर वाले मैचों में सफलता दिलाई है। जैसे ही आरआर 24 मई को मशहूर वानखेड़े स्टेडियम में संर्घा कर रही मुंबई इंडियंस का सामना करने की तैयारी कर रही है,

सबका ध्यान इस बात पर टिका है कि क्या यह युवा सनसनी एक बार फिर किसी बड़े मैच के नतीजे पर असर डाल पाएगी। वानखेड़े की पिच, जो बैटिंग के लिए मददगार हालात और छोटी बाउंड्री के लिए जानी जाती है, से एक बार फिर रनों की बौछार होने की उम्मीद है, क्योंकि इस सीजन में टीमें नियमित तौर पर 200 रनों का आंकड़ा पार कर रही हैं। हालांकि, मुंबई इंडियंस एक निराशाजनक अभियान के बाद इस मैच में दबाव में उतर रही है। 13 मैचों में सिर्फ चार जीत के साथ, पांच बार की चैंपियन टीम को लगातार अच्छा प्रदर्शन करने में काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ा है, जबकि उनकी टीम में रोहित शर्मा, सूर्यकुमार यादव और हार्दिक पंड्या जैसे बड़े सितारे शामिल हैं। कभी-कभार किसी खिलाड़ी के अकेले दम पर किए गए अच्छे प्रदर्शन टीम की सामूहिक सफलता में तब्दील नहीं हो पाए हैं, जिसकी वजह से एमआई पॉइंट्स टेबल में नौवें स्थान पर है। जसप्रीत बुमराह और दीपक चाहर की अगुवाई वाली बॉलिग यूनिट पर आरआर के आक्रामक टॉप ऑर्डर को रोकने की जिम्मेदारी होगी। बड़े दबाव वाले मैचों में बुमराह का अनुभव बहुत अहम होगा, क्योंकि एमआई एक ऐसी बैटिंग लाइनअप को रो. कने की कोशिश करेगी जिसने हाल के मैचों में विरोधी टीमों के हमलों को बार-बार करारा जवाब दिया है। दोनों टीमों के बीच के हेड-टू-हेड रिकॉर्ड भी इस मुक. ाबले को और दिलचस्प बनाते हैं, जिसमें राजस्थान रॉयल्स ने पिछले पांच मुकाबलों में से तीन जीते हैं। यह थोड़ा सा मनोवैज्ञानिक फायदा, मौजूदा फॉर्म के साथ मिलकर, मैच से पहले के आकलन में आरआर को थोड़ा आगे रखता है। फिर भी, मुंबई इंडियंस घरेलू परिस्थितियों की अपनी जानकारी का फायदा उठाकर मैच का पासा पलटने की कोशिश करेगी। वानखेड़े के दर्शक, जो अपनी जबरदस्त ऊर्जा और समर्थन के लिए जाने जाते हैं, सीजन के आखिरी दौर में अपनी खोई हुई प्रतिठा वापस पाने की कोशिश कर रही टीम का मनोबल बढ़ाने में अहम भूमिका निभा सकते हैं। जैसे-जैसे आईपीएल 2026 अपने निर्णायक दौर की ओर बढ़ रहा है, यह मुकाबला महज एक और लीग मैच से कहीं ज्यादा मायने रखता है।

## खेल विशेष

### विक्टोरिया म्बोको स्ट्रासबर्ग टेनिस टूर्नामेंट के फाइनल में

**स्ट्रासबर्ग (फ्रांस), वार्ता।** कनाडा की टेनिस खिलाड़ी विक्टोरिया म्बोको ने स्ट्रासबर्ग में रोमानिया की जैकलीन क्रिस्टियन को हराकर इंटरनेशनॉक्स डे स्ट्रासबर्ग टेनिस टूर्नामेंट के फाइनल में जगह बना ली है। शुक्रवार को खेले गए सेमीफाइनल में कनाडा की म्बाको ने शानदार प्रदर्शन करते हुए रोमानिया की खिलाड़ी क्रिस्टियन को तीन सेट के रोमांचक मुकाबले में 7-6, 3-6, 6-2 से हराया। म्बोको 2026 का अपना तीसरा सेमीफाइनल खेल रही थी।19 साल की म्बोको ने क्रिस्टियन के कई सेट पॉइंट बचाने के बाद टाईब्रेक में एक रोमांचक शुरुआती सेट जीता।

### आईपीएल स्टार माधव तिवारी होंगे उज्जैन फाल्कन्स का हिस्सा

**उज्जैन (मध्य प्रदेश), वार्ता।** इंदौर में होने वाली मध्य प्रदेश लीग (एमपीएल) टी20 सिंधिया कप 2026 के लिए उज्जैन फाल्कन्स ने अपनी टीम की घोाणा कर दी है, जिसमें युवा ऑलराउंडर माधव तिवारी सबसे बड़े आर्काण के रूप में उभरकर सामने आए हैं। इंडियन प्रीमियर लीग में दिल्ली कैपिटल्स का हिस्सा रहे माधव तिवारी इस समय मध्य प्रदेश के सबसे चर्चित युवा क्रिकेटरों में से एक हैं। तेज गेंदबाजी करने वाले इस ऑलराउंडर ने अपनी प्रभावशाली गेंदबाजी और निडर बल्लेबाजी से सभी का ध्यान अपनी ओर खींचा है। टीम को लेकर उज्जैन फाल्कन्स के प्रमोटर विनायक कलानी ने कहा कि, हम एमपीएल के लिए तैयार की गई अपनी टीम को लेकर पूरी तरह से आश्वस्त हैं। माधव तिवारी ने हाल ही में उच्च स्तर पर शानदार प्रदर्शन करते हुए अपनी प्रतिभा का परिचय दिया है।

### युकी भांबरी फ्रेंच ओपन में पेश करेंगे भारतीय चुनौती

**पेरिस, वार्ता।** भारत के टॉप रैंक वाले टेनिस खिलाड़ी युकी भांबरी, फ्रेंच ओपन 2026 के पुरुा युगल मेन ड्रॉ का हिस्सा होंगे और उनके हमवतन एन-श्रीराम बालाजी भी इसमें शामिल होंगे। हालांकि, ए दोनों भारतीय खिलाड़ी अलग-अलग पार्टनर के साथ जोड़ी बनाएंगे। फ्रेंच ओपन में भांबरी, न्यूजीलैंड के माइकल वीनस के साथ खेलेंगे, जबकि श्रीराम बालाजी, ब्राजील के मार्सेलो डेमोलाइनर के साथ टीम बनाएंगे। सिंगल्स मेन ड्रॉ में भारत का कोई भी खिलाड़ी नहीं होगा, क्योंकि करमन कौर थांडी क्वालीफायर राउंड से आगे नहीं बढ़ पाईं। जूनियर कैटेगरी में, माया राज. श्वरन रेवती और अर्णव पाप. रकर क्रमशः गर्ल्स और बॉयज सिंगल्स इवेंट्स में खेलते हुए नजर आएंगे।

# ग्रीको रोमन पहलवान सागर सिंह और सूरज फाइनल में

नई दिल्ली, वार्ता। वियतनाम के दा नांग में आयोजित यूनाइटेड वर्ल्ड रेसलिंग (यूडब्ल्यूडब्ल्यू) अंडर 23 एशियाई चैंपियनशिप में भारत ने अपने अभियान की शुरुआत जोरदार तरीके से की। प्रतियोगिता के पहले ही दिन, टिएन सोन स्पोर्ट्स सेंटर में ग्रीक. ो-रोमन पहलवान सागर सिंह और सूरज अपने-अपने भार वर्ग के स्वर्ण पदक मुकाबलों में पहुंच गए। भारत की ओर से 67किग्रा और 60किग्रा ग्रीको-रोमन श्रेणियों में शानदार प्रदर्शन देखने को मिला।

इन दोनों श्रेणियों में पहलवानों ने आक्रामक तेवर दिखाए और दबाव में भी संयम बनाए रखते हुए शाम को होने वाले फाइनल मुकाबलों में अपनी जगह पक्की की। सागर सिंह ने 67किग्रा श्रेणी में अपना दबदबा बनाए रखा। उन्होंने शुरुआती दौर के सभी मुकाबलों में रणनीतिक अनुशासन और निरंतरता के साथ कुश्ती लड़ी और स्वर्ण पदक मैच में प्रवेश किया। 60किग्रा श्रेणी में सूरज भी फाइनल में उनके साथ शामिल हो गए हैं। उन्होंने भी पूरे दिन शानदार प्रदर्शन करते हुए खिताबी मुकाबले में अपनी जगह बनाई और भारत के लिए कम से कम एक रजत पदक पक्का कर दिया है। 77किग्रा श्रेणी में, कुमार सचिन ने कड़ा संर्घा किया, लेकिन सेमीफाइनल के एक बेहद करीबी मुकाबले में अलीखान दुरसोनोव से हार गए।

# दिल्ली व केकेआर के लिए 'करो या मरो' का मुकाबला

**कोलकाता, वार्ता।** कोलकाता की उमस भरी शाम में, ईडन गार्डन्स की रोश. नियों के बीच, आईपीएल 2026 का 70वां मैच एक ऐसे ट्विस्ट के साथ आया है, जिसकी चर्चा क्रिकेट जगत में हर जगह हो रही है: दिल्ली कैपिटल्स मैच जीत भी सकती है, और फिर भी टूर्नामेंट से बाहर हो सकती है। इस एक बात ने एक आम से लीग मैच को, दबाव से भरे प्लेऑफ के मुकाबले में बदल दिया है।

कोलकाता नाइट राइडर्स के लिए समीकरण सीधा लेकिन सख्त है-जीतो, या घर जाओ। दिल्ली कैपिटल्स के लिए यह ज्यादा पेचीदा है: बड़ी जीत हासिल करो, फिर इंतजार करो, हिंसाब लगाओ, और उम्मीद करो कि दूसरे मैचों के नतीजे उनके पक्ष में जाएं। हो सकता है कि सिर्फ जीत भी काफी न हो। जैसे-जैसे दोनों टीमें तैयारी कर रही हैं, माहौल किसी लीग मैच जैसा कम, और किसी 'नॉकआउट फाइनल' जैसा ज्यादा लग रहा है। केकेआर टीम, सीजन के बीच में मिली नई जान के बाद, नए आत्मविश्वास के साथ मैदान में उतर रही है, इसी नई जान की बदौलत वे पॉइंट्स टेबल



के निचले हिस्से से ऊपर उठ पाए हैं। उनका ज्यादातर आत्मविश्वास उनकी 'स्पिन जोड़ी'-सुनील नारायण और वरुण चक्रवर्ती-पर टिका है, जिन्होंने ईडन गार्डन्स को मेहमान बल्लेबाजों के लिए एक धीमा और दम घोंटने वाला जाल बना दिया है। यहां फेंकी गई हर 'डॉट बॉल' द्धबिना रन वाली गेंद तालियों की गड़गड़ाहट से भी ज्यादा जोरदार लगती है, और हर विकेट ऐसा लगता है, जैसे किसी के गले में फंदा कस रहा हो। हालांकि, उनकी बल्लेबाजी अब भी एक जुआ जैसी है, जो पूरी तरह से विस्फोटक बल्लेबाजों की मारक क्षमता पर टिकी है। जब फिन एलन या अंगकृ रघुवंशी का बल्ला चलता है, तो केकेआर को रोकना नामुमकिन सा लगता है। और जब वे नाकाम रहते हैं, तो मध्यक्रम के बल्लेबाजों को अक्सर सही दिशा खोजने में मुश्किल होती है। इसी तरह की अनियमितता की वजह से प्लेऑफ में पहुं. चने की उनकी उम्मीदें अब भी बहुत पतले धागे पर लटकी हुई हैं। दूसरी तरफ, दिल्ली कैपिटल्स के खेमे में एक अलग ही तरह का तनाव पसरा हुआ है। उनका पूरा अभियान कभी शानदार प्रदर्शन, तो कभी पूरी तरह से बिखर जाने के बीच झूलता रहा है। इस टीम के केंद्र में खड़े हैं केएल राहुल-इस सीजन की 'रन मशीन'-जो इस अफरा-तफरी के माहौल में भी पूरी तरह शांत और संयमित नजर आते हैं। उनके साथ-साथ, डेविड मिलर और आशुतोा शर्मा जैसे विस्फोटक बल्लेबाजों ने अपनी जबरदस्त हिटिंग क्षमता के दम पर, मैच के आखिरी ओवरों में ही पूरा पासा पलट दिया है। लेकिन इस सीजन की एक अजीब विडंबना ही उनकी पहचान बन गई है: वे एक रात तो बड़े ही शानदार अंदाज में 200 रनों का लक्ष्य भी आसानी से हासिल कर लेते हैं, और अगली ही रात मैच के बीच के ओवरों में पूरी तरह से ढेर हो जाते हैं। इस मुकाबले में जो सबसे बड़ा ट्विस्ट आया है, वह है दिल्ली का 'नेट रन रेट' वाला पेंच।

# एसआरएच के खिलाफ मैच के बाद कोहली ने हेड से हाथ नहीं मिलाया

■ आरसीबी की रनचेज के दौरान कोहली और हेड के बीच कुछ हल्की नोंक-झोंक होती भी दिखाई दी

**हैदराबाद, वार्ता।** आईपीएल 2026 में हैदराबाद में हुए सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) मैच के बाद आरसीबी के सलामी बल्लेबाज विराट कोहली ने एसआरएच के सलामी बल्लेबाज ट्रैविस हेड से हाथ मिलाने से इनकार कर दिया।

मैच के बाद होने वाली पारंपरिक हैंडशेक लाइन में को. हली ने एसआरएच कप्तान पैट कमिस और अभिोक शर्मा से हाथ



मिलाया, लेकिन ट्रैविस हेड को नजरअंदाज कर दिया। हेड ने को. हली से हाथ मिलाने के लिए अपना हाथ बढ़ाया था, लेकिन कोहली उन्हें छोड़कर आगे बढ़ गए और लाइन में अगले खिलाड़ी से हाथ मिला लिया। आरसीबी की रनचेज के दौरान कोहली और हेड के बीच कुछ हल्की नोंक-झोंक होती भी दिखाई दी। हालांकि, यह साफ नहीं हो पाया कि दोनों के बीच यह तनातनी किस वजह से हुई। एसआरएच ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 255/4 का बड़ा स्कोर बनाया था। इसके जवाब में आरसीबी को लीग चरण में टॉप-2 में जगह पक्की करने के लिए कम से कम 166 रन बनाने थे, जबकि अंक तालिका में शीर्ा पर पहुंचने के लिए 178 रन चाहिए थे। टीम ने दो अंक हासिल करने से ज्यादा प्राथमिकता इस लक्ष्य को दी और 200/4 तक पहुंच गई। पारी की शुरुआत करने उतरे कोहली ने 11 गेंदों में 15 रन बनाए, इससे पहले कि पावरप्ले के आखिरी ओवर में साकिब हुसैन ने उन्हें आउट कर दिया। अब आरसीबी का सामना 26 मई को धर्मशाला में क्वालिफायर-1 में दूसरे स्थान पर रही गुजरात टाइटंस (जीटी) से होगा।

# सूर्या और हार्दिक को फॉर्म में वापसी करने का आखिरी मौका

**मुंबई, वार्ता।** मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पंड्या और उपकप्तान सूर्यकुमार यादव के लिए यह आईपीएल कुछ खास नहीं गया है। जहां हार्दिक ने आठ पारियों में सिर्फ 21 की औसत और 136 के स्ट्राइक रेट से 146 रन बनाए हैं, वहीं 61-50 की खराब औसत और 11-90 की महंगी इकॉनमी से चार विकेट लिए हैं।

इसी तरह सूर्यकुमार ने भी 12 पारियों में सिर्फ 17-50 की औसत से एक अर्धशतक के साथ 210 रन बनाए हैं। मुंबई को रविवार को राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ खेलना है और इन दोनों खिलाध्यिों के पास अपनी फॉर्म में वापसी करने का यह आखिरी मौका होगा। मुंबई की टीम तालि. का में आठ अंकों के साथ नौवें



स्थान पर है और प्लेऑफ की होड़ से बाहर हो चुकी है। इस मैच में भी दोनों का संर्घा जारी रह सकता है। सूर्यकुमार को रवींद्र जडेजा, जोफ्रा आर्चर और रवि बिश्नोई तीन-तीन जबकि संदीप शर्मा चार बार आउट कर चुके हैं। संदीप और जडेजा के सामने उनका स्ट्राइक रेट भी क्रमशः 97 और 103 का है। हालांकि बिश्नोई के सामने वह 162, जबकि आर्चर के खिलाफ वह 146 के स्ट्राइक रेट से रन बनाते हैं। इसी तरह हार्दिक को आरआर के ऑलराउंडर दासुन शनाका ने चार पारियों में तीन बार आउट किया है, जबकि हार्दिक का स्ट्राइक रेट इस दौरान सिर्फ 107 का है।

### क्रय-विक्रय सहकारी समिति मंगलौर के चुनाव में भाजपा का दबदबा, निर्विरोध चुने गए सभी पदाधिकारी

# सन्दीप अध्यक्ष, पारुल कुमार बने उपाध्यक्ष

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** क्रय-विक्रय सहकारी समिति मंगलौर की प्रबन्ध समिति के चुनाव शनिवार को शांतिपूर्ण और सकुशल संपन्न हो गए, चुनाव की सबसे खास बात यह रही कि अध्यक्ष और उपाध्यक्ष समेत सभी पदों पर निर्विरोध निर्वाचन हुआ, जिससे क्षेत्र में भाजपा कार्यकर्ताओं और समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ गई।

राज्य सरकार द्वारा नामित एक संचालक सहित कुल 14 संचालकों वाले इस बोर्ड में अध्यक्ष सन्दीप, उपाध्यक्ष पारुल कुमार, जिला सहकारी बैंक प्रतिनिधि के लिए चिंता देवी,बबली देवी, विनोद कुमार एवं सुशील राठी, जिला सहकारी संघ प्रतिनिधि के लिए सुभाष, मंसूर, सुखवीर एवं विशाखा, राज्य सहकारी संघ देहरादून पर सुशील राठी तथा इसके अतिरिक्त थोक केंद्रीय उपभोक्ता भंडार के सभी पदों पर भी निर्विरोध चयन की प्रक्रिया पूरी की गई। चुनाव अधिकारी देवेन्द्र सिंह द्वारा परिणामों की आधिकारिक घोषणा के बाद नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई देने वालों का तांता लग गया। इस चुनावी प्रक्रिया के दौरान भाजपा के वरिष्ठ नेताओं और कार्यकर्ताओं ने अपनी उपस्थिति से एकता का संदेश दिया। निर्वाचित पदाधिकारियों का फूल-मालाओं से स्वागत किया गया। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ मधु सिंह, वरिष्ठ भाजपा नेता सुशील राठी, सुभाष वर्मा, विजेंद्र चेयरमैन, अवनीश चेयरमैन, हरेन्द्र चेयरमैन, विनोद चेयरमैन, राजू कोटवाल, मांगेराम सिरोही,पवन सैनी,सोनू जमींदार, सुशील चेयरमैन, राममूर्ति, विशु गौतम,नवनीत वर्मा, वरुण त्यागी,बिनेस कुमार, प्रदीप प्रधान समेत सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे। ष्सहकारी समितियों का सुदृढ़ीकरण और किसानों के हितों की रक्षा हमारी प्राथमिकता रहेगी। निर्विरोध चुनाव होना कार्यकर्ताओं के आपसी समन्वय और संगठन की जीत है




**❖सुशील राठी प्रतिनिधि उत्तराखण्ड राज्य सहकारी संघ देहरादून तथा जिला सहकारी बैंक हरिद्वार व प्रतिनिधि केंद्रीय भण्डारण निगम दिल्ली**

# पत्रकार व सरकारी कर्मचारी के बीच विवाद ने पकड़ा तूल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** तहसील परिसर में मीडिया कर्मियों और एक सरकारी कर्मचारी के बीच हुए तीखे विवाद ने तूल पकड़ लिया है। आरोप है कि तहसील में नाजिर के पद पर तैनात कर्मचारी श्याम सिंह रावत ने लक्सर प्रेस क्लब एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रवीण सैनी के साथ बेहद अभद्र व्यवहार और बदसलूकी की। इस घटना के बाद से ही स्थानीय पत्रकारों और भाकियू (क्रांति) के कार्यकर्ताओं में भारी आक्रोश है और उन्होंने तहसील परिसर में ही मोर्चा खोल दिया है। घटना की जानकारी मिलते ही क्षेत्र के बड़ी संख्या में पत्रकार तुरंत तहसील परिसर में एकत्र हो गए। आक्रोशित पत्रकारों ने आरोपी सरकारी कर्मचारी के खिलाफ जोरदार मोर्चा खोलते हुए प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और तुरंत सख्त कार्रवाई की मांग उठाई पत्रकारों के समर्थन में उतरी किसान यूनियन, एसडीएम को सौंपा ज्ञापन मामले की गंभीरता और प्रशासनिक तानाशाही को देखते हुए यूनियन क्रांति के पदाधिकारी भी तुरंत मीडिया कर्मियों के समर्थन में तहसील पहुंच गए। आरोपी कर्मचारी को तत्काल प्रभाव से पद से हटाया और यहाँ से स्थानांतरित किया जाए।

### दर्जाधारी मंत्री व भीम आर्मी कार्यकर्ताओं के बीच मारपीट का मामले में

# 4 नामजद व 12 अज्ञात के खिलाफ मुकदमा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झबरेड़ा।** ग्राम झबरेडी में शुक्रवार को एक बहुउद्देशीय शिविर लगाने के स्थान को लेकर दर्जाधारी व भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष तथा उसकी पत्नी के साथ भीम आर्मी कार्यकर्ता के बीच हुई गालीगलौज व मारपीट के मामले में भाजपा नेता की पत्नी की ओर से चार नाम जद व 12 अज्ञात लोगों के खिलाफ जानलेवा हमला करने तथा मंगलसूत्र छिनने के आरोप में शनिवार को मुकदमा दर्ज किया गया है वहीं दूसरी ओर से भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष व दर्जा धारी तथा उनकी पत्नी को नाम जद करते हुए गाली गलौज व मारपीट करने का मुकदमा दर्ज किया गया है।

भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष व दर्जाधारी देशराज करनवाल की पत्नी वैजयंती माला द्वारा कोतवाली में तहरीर देकर बताया कि शुक्रवार को ग्राम झबरेड़ी में एक बहुउद्देशीय सिविर लगाया गया था। गांव के ही एक युवक संदीप द्वारा जो भीम आर्मी का कार्य करता बताया गया है अपने घर के सामने शिविर लगाने का विरोध किया तथा कार्यक्रम के प्रचार वाहन के ड्राइवर के साथ गाली गलौज करते हुए उसके साथ मारपीट की गई। पुलिस को सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची तथा मारपीट करने वाले युवक संदीप को थाने ले आई। इसी बात से क्षुब्ध होकर थोड़ी देर बाद ही सौरभ पुत्र दयाचंद वंश पुत्र नीटु अंजलि मीनू देवी व अन्य दस 12 लोगों द्वारा जिनके हाथों में लाठी डंडे व पलकटी आदि थी उन्होंने मुझ पर हमला कर दिया तथा गले से सोने का मंगलसूत्र भी छीन लिया। मेरा ड्राइवर अंशुल व बबलू मुझे बचाने के लिए बीच में आए तो उन पर भी जानलेवा हमला कर दिया गया। हमले में हम तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए। किसी तरह वह उक्त लोगों के चंगुल से छूटकर थाने में आए तथा बाद में रुड़की सिविल लाइन स्थित अस्पताल में अपना मेडिकल कराया गया। अंशुल को हायर सेंटर रेफर किया गया है। दूसरी ओर से सौरभ पुत्र दयाचंद निवासी ग्राम झबरेडी व आजाद समाज पार्टी प्रदेश अध्यक्ष महक सिंह द्वारा दी गई तहरीर के आधार पर दर्जा धारी व भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष देशराज करनवाल व वैजयंती माला के खिलाफ गाली गलौज व मारपीट करने का मुकदमा दर्ज किया गया है। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक विजय सिंह ने बताया कि दोनों ओर से दी गई तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

# टेनिस बाल क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** उत्तराखंड टेनिस बॉल क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वावधान में वीर शौर्य क्रिकेट अकादमी, पीरपुरा के मैदान पर अंडर-19 उत्तराखंड राज्य स्तरीय इंटर स्कूल टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का रंगारंग शुभारंभ हुआ। प्रतियोगिता में प्रदेशभर से आए बालक और बालिका वर्ग की टीमें अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर रही हैं।

शनिवार को प्रतियोगिता का उद्घाटन मुख्य अतिथि और समाजसेवी जुल्फिकार ठेकेदार ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर उन्होंने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए खेल को खेल की भावना से खेलने का आह्वान किया। वीर शौर्य क्रिकेट अकादमी के निदेशक अवतार सिंह और उत्तराखंड टेनिस बॉल एसोसिएशन के मुख्य कार्याधिकारी अमजद उस्मानी ने मुख्य अतिथि को पुष्प गुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया। एसोसिएशन के मुख्य कार्याधिकारी अमजद उस्मानी ने जानकारी दी कि इस राज्य स्तरीय टूर्नामेंट में वीर शौर्य क्रिकेट अकादमी, आरएमपी क्लब, शिव ग्लोबल स्कूल एकेडमी, वामिक क्रिकेट क्लब और आशु पब्लिक स्कूल समेत कई प्रमुख टीमें हिस्सा ले रही हैं। प्रतियोगिता का उद्घाटन मैच आशु पब्लिक स्कूल और एनजीए ऋषिकेश के बीच खेला गया। एक रोमांचक मुकाबले में एनजीए ऋषिकेश की टीम ने जीत दर्ज कर अगले दौर में प्रवेश किया। इस दौरान शाहनूर, वसीम, उमेश कुमार, मेजर ,अब्दुल रहमान, मनोज कटारिया और सीमांत बिष्ट समेत खेल प्रेमी और बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौजूद रहे। सभी अतिथियों ने आयोजकों की सराहना करते हुए खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



# राहुल गांधी की टिप्पणी पर भाजपा ओबीसी मोर्चा का प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संबंध में कांग्रेस नेता राहुल गांधी द्वारा की गई कथित टिप्पणी के विरोध में भारतीय जनता पार्टी ओबीसी मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने शनिवार को चंद्रशेखर चौक पर जोरदार प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओं ने राहुल गांधी के खिलाफ नारेबाजी करते हुए कांग्रेस पर देश की जनता का अपमान करने का आरोप लगाया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजपा ओबीसी मोर्चा की जिलाध्यक्ष डॉ. मधु सिंह ने कहा कि देश की जनता अब कांग्रेस की नीतियों और बयानबाजी को पूरी तरह समझ चुकी है। उन्होंने कहा कि आज देश लगभग "कांग्रेस मुक्त" हो चुका है और लगातार जनसमर्थन घटने से कांग्रेस नेताओं में बौखलाहट दिखाई दे रही है। इसी कारण वे प्रधानमंत्री के खिलाफ अनर्गल और अमर्यादित बयान दे रहे हैं। जिलाध्यक्ष डॉ. मधु सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश लगातार विकास की नई ऊंचाइयों को छू रहा है, जिससे विपक्ष परेशान है। उन्होंने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता कांग्रेस की "जनविरोधी राजनीति" का लोकतांत्रिक तरीके से जवाब देते रहेंगे। भाजपा जिलामहामंत्री सागर गोयल ने कहा कि कांग्रेस नेताओं को अपनी भाषा और आचरण पर संयम रखना चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस जनता के मुद्दों से भटक चुकी है और केवल विवादित बयान देकर सुर्खियों में बने रहने की कोशिश कर रही है।प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने राहुल गांधी के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और कांग्रेस नेतृत्व से सार्वजनिक माफी की मांग की। इस अवसर पर ओबीसी मोर्चा के पूर्व प्रदेश मंत्री धीर सिंह रोड, सतीश सैनी, जसबीर पाल, वैद्य टेकबल्लभ, प्रदीप पाल, गौरव त्यागी, सोहन सिंह राणा, विकास प्रजापति, ललित पाल सहित अनेक भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# बकरा ईद को सकुशल सम्पन्न कराने को लेकर थाना बुग्गावाला में गोष्ठी आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुग्गावाला।** आगामी ईद के त्योहार को सकुशल सम्पन्न कराने हेतु थाना बुग्गावाला में गोष्ठी आयोजित की गई। सी०एल०जी० मेंबर व जनप्रतिनिधियों को क्षेत्राधिकारी भगवानपुर द्वारा सम्बोधित किया गया।

जानकारी के अनुसार आज दिनांक 23.05.2026 को थाना बुग्गावाला में आगामी ईद-उल-जुहा के त्यौहार को सकुशल सम्पन्न कराने हेतु गोष्ठी आयोजित की गई। गोष्ठी में सी०एल०जी मेंबर व जनप्रतिनिधियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। क्षेत्राधिकारी भगवानपुर द्वारा सभी सी०एल०जी० मेंबर व जनप्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए ईद के त्योहार को सकुशल सम्पन्न कराने हेतु आपसी सौहार्द बनाये रखने व पुलिस/प्रशासन के साथ सहयोग करने अपील की गई। गोष्ठी में मौजूद व्यक्ति द्वारा भी ईद-उल-जुहा को सकुशल संपन्न कराएं जाने एवं पुलिस प्रशासन का सहयोग करने का आश्वासन भी दिया गया।



# युवक पर लगाया परेशान करने का आरोप

**झबरेड़ा।** कोतवाली क्षेत्र के गांव निवासी एक युवती द्वारा गांव के ही एक युवक पर काफी समय से परेशान करने का आरोप लगाते हुए कोतवाली पुलिस से शिकायत दर्ज कराई गई है।। थाना क्षेत्र के गांव सदोली निवासी एक युवती द्वारा थाने में पुलिस को शिकायती पत्र देते हुए बताया कि गांव का ही एक युवक उसके साथ छेड़छाड़ कर काफी समय से परेशान कर रहा है। कई बार मना करने पर भी उक्त युवक अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहा है कोतवाली प्रभारी निरीक्षक विजय सिंह का कहना है कि आरोपी युवक को कोतवाली में बुलाया गया है पूछताछ कर मामले की जांच करने के बाद कड़ी कार्रवाई की जाएगी। युवक व युवती दोनों बालिग बताए गए हैं।

# चाकू के साथ एक पकड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रूडकी।** संदिग्ध गतिविधियों पर हरिद्वार पुलिस की पैनी नजर बनी हुई है। इसी के चलते गंगनहर पुलिस ने एक अदद नाजायज चाकू के साथ 01 आरोपी को पकडा है।

जानकारी के अनुसार वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हरिद्वार द्वारा जनपद में शांति व्यवस्था बनाए रखने एवं अपराधों की रोकथाम हेतु दिए गए निर्देशों के क्रम में कोतवाली गंगनहर पुलिस लगातार सक्रिय है। दिनांक 22.05.2026 को गंगनहर पुलिस क्षेत्र भ्रमण एवं रोकथाम जुर्म-जरायम हेतु सरकारी वाहन से थाना क्षेत्र में मौजूद थे। इसी दौरान मुखबिर खास से प्राप्त सूचना के आधार पर पुलिस टीम द्वारा कब्रिस्तान के सामने, आशीर्वाद एंक्लेव गेट के पास एक संदिग्ध व्यक्ति को रोककर चौक किया गया। तलाशी के दौरान उक्त व्यक्ति के कब्जे से एक अदद नाजायज चाकू बरामद हुआ। पुलिस द्वारा चाकू रखने के संबंध में पूछताछ किए जाने पर वह कोई संतोषजनक उत्तर नहीं दे सका। पूछताछ में उसने अपना नाम गजेंद्र प्रकाश उर्फ बिगाड़ा पुत्र बुद्ध प्रकाश, उम्र 36 वर्ष, निवासी मकान नंबर 225 पश्चिम अमर तालाब, थाना गंगनहर जनपद हरिद्वार बताया। संदिग्ध को उसके जुर्म से अवगत कराते हुए हिरासत में लेकर विधिक कार्रवाई की जा रही है। पुलिस टीम में हे0का0 दुर्गा प्रसाद व का0 राकेश राणा शामिल रहे।

# पुलिस ने एक वारन्टी दबोचा

**भगवानपुर।** ऑपरेशन प्रहार के अन्तर्गत हरिद्वार पुलिस द्वारा फरार चल रहे 01 वारन्टी को धर दबोचा है।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद हरिद्वार द्वारा वारन्टी/वांछित अभि0के विरूद्ध कार्यवाही के दिशा निर्देश दिये गये थे। जिसके क्रम में प्रभारी निरीक्षक कोतवाली भगवानपुर के कुशल नेत्तृव में पुलिस टीम द्वारा कार्यवाही करते हुऐ एक वारन्टी सद्दाम पुत्र इरफान निवासी रायपुर कोतवाली भगवानपुर हरिद्वार को पकडा गया। आवश्यक कार्यवाही की जा रही है।

# नहर के पास अज्ञात महिला का शव मिला

**झबरेड़ा।** झबरेड़ा मंगलौर मार्ग ग्राम लाठरदेवा हूण के पास नहर से एक लगभग 40 वर्षीय महिला का शव पुलिस द्वारा बरामद किया गया ।शव की शिनाख्त न होने पर उसे पोस्टमार्टम के लिए रुड़की स्थित सरकारी अस्पताल में भेज दिया गया है। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक विजय सिंह ने बताया कि ग्राम लाठरदेवा हुण नहर पुल के पास एक महिला का शव होने की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची तथा महिला के शव को नहर से बाहर निकाला गया। शव कई दिन पुराना लग रहा था ।शव की शिनाख्त करने का प्रयास किया गया लेकिन शिनाख्त नहीं होने से उसे रुड़की स्थित सरकारी अस्पताल में पोस्टमार्टम के लिए ले जाया गया।

### नाम परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी पुत्री का आधार कार्ड में भूलवश नाम परिगगया (PARIGGYA) दर्ज है जो गलत है जबकि जन्म प्रमाण पत्र में मेरी पुत्री का सही नाम प्रज्ञा सैनी (PRAGYA SAINI) है इसलिए मेरी पुत्री के सही नाम प्रज्ञा सैनी से ही पढा लिखा व दर्ज किया जाये।
**मोहन पुत्र प्रकाश चंद नि. ग्राम शांतरहशाह पो. दौलतपुर, परगना व तह. रूडकी हरिद्वार।**

### संबंध विच्छेद-सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पुत्र विकास कुमार का आचरण मेरे व मेरे परिवार के प्रति ठीक न होने के कारण मैंने विकास कुमार को अपनी तमाम चल अचल संपत्ति से बेदखल कर संबंध विच्छेद कर लिया है। आज के बाद विकास के किसी भी अनैतिक कृत्य व लेनदेन की मेरे व मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।
मदन सिंह पुत्र शम्भू सिंह नि. ग्राम भोगपुर लक्सर, हरिद्वार।

# रणसुरा की घटना का मास्टरमाइंड गिरफ्तार, पुलिस की दबिश जारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** कोतवाली क्षेत्र के रणसुरा गांव में 13 मई 2026 को मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिये गये थे पुलिस ने उसमें मास्टरमाइंड को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया था जिसको न्यायालय के द्वारा जेल भेज दिया था बाकी बचे हुए व्यक्ति फरार हो गए थे पुलिस द्वारा बचे हुए आरोपियों के खिलाफ लगातार दबिश दे रही है। पुलिस से बचने के लिए सभी आरोपी फरार चल रहे हैं एस एस आई नितिन चौहान ने बताया कि पुलिस रणसुरा कांड के फरार आरोपियों के खिलाफ लगातार मुखबिर की सूचना पर दबिश दे रही है बहुत जल्द सभी आरोपियों को पकड़ कर सलाखों के पीछे भेज दिया जाएगा

# शांति व्यवस्था भंग करने पर एक युवक गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** ऑपरेशन प्रहार के अन्तर्गत पुलिस द्वारा शांति व्यवस्था भंग करने पर 01 आरोपी को पकड लिया गया है। पुलिस टीम द्वारा शिवकुमार पुत्र दाताराम निवासी शक्ति विहार कॉलोनी थाना कोतवाली गंगनहर जनपद हरिद्वार थाना कोतवाली गंगनहर उक्त शिव कुमार थाना प्रांगण मैं और प्राची और प्रार्थना पत्र देने तथा उसके के पति के साथ आमदा प्रसाद कर रहा था समझाया गया किंतु वह नहीं माना, और अधिक उत्तेजित होकर अभद्र व्यवहार करने लगा। जिस कारण शांति एवं कानून व्यवस्था भंग कार्रवाई की गई।

# खानपुर पुलिस ने वारंटी दबोचा

**खानपुर।** खानपुर पुलिस की वारंटियों के विरुद्ध लगातार प्रभावी कार्रवाई करते हुए एक वारण्टी को हिरासत में लिया है।

जानकारी के अनुसार वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हरिद्वार के निर्देश में वारंटियों की शत-प्रतिशत तामील हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में खानपुर पुलिस द्वारा लगातार दबिश देकर फरार चल रहे वारंटियों की गिरफ्तारी की जा रही है। इसी क्रम में थाना खानपुर पुलिस टीम द्वारा कार्रवाई करते हुए न्यायालय में उपस्थित न होने वाले 01 वारण्टी को हिरासत मे लेकर विधिक कार्यवाही की जा रही है।नाम पता वारंटी मिलन कुमार पुत्र पितम निवासी लालचंदवाला, खानपुर है।

### ईद उल अजहा को लेकर सीओ ने ली शांति समिति की बैठक

# त्योहार पर कानून व्यवस्था बनाए रखना सब की जिम्मेदारी : पांडे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिरान कलियर।** आगामी ईद-उल-अजहा (बकरीद) को शांति व सौहार्दपूर्ण संपन्न कराने को लेकर सीओ भगवानपुर सुमित पांडे ने कोतवाली परिसर और इमलीखेड़ा चौकी में क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों, ग्राम सुरक्षा समिति सदस्यों और स्थानीय लोगो के साथ बैठक आयोजित की।जिसमे शांति व्यवस्था बनाए रखने और आपसी भाईचारे को मजबूत करने की अपील की।

जानकारी के अनुसार शनिवार को सीओ भगवानपुर सुमित पांडेय की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में मुकर्बपुर, महमूदपुर,पिरान कलियर रहमतपुर, मेवहड़ कला, बाजूहेड़ी, इमलीखेड़ा, हकीमपुर तुर्रा, दरियापुर, नागल, कोटा मुरादनगर, पलूनी, सोहलपुर सिकरौड़ा, मोहम्मदपुर पांडा, तेल्लीवाला और धनौरी रसूलपुर समेत क्षेत्र के विभिन्न गांवों के लोगो के साथ बैठक कर बकरीद का त्योहार आपसी प्रेम,भाईचारे और साम्प्रदायिक सौहार्द के साथ मनाने की अपील की।इस दौरान उन्होंने कहा कि पर्व के दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखना सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। साथ ही अफवाहों पर ध्यान न देने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि या विवाद की सूचना तत्काल पुलिस को देने की बात कही गई।स्थानीय जनप्रतिनिधियों और संभ्रांत नागरिकों ने भरोसा दिलाया कि क्षेत्र में त्योहार को सभी लोग मिलजुलकर शांतिपूर्ण तरीके से मनाएंगे।इस दौरान प्रभारी निरीक्षक कमल मोहन भंडारी, एसएसआई देवेंद्र तोमर,धनौरी चौकी प्रभारी पुष्कर सिंह, इमलीखेड़ा चौकी प्रभारी शहजाद अली, एसआई विशाखा असवाल,एएसआई राम अवतार, कुंदन राम आदि पुलिस कर्मी मौजूद रहें।



# एसआईआर को लेकर प्रशासनिक तैयारी तेज

**विनित भैया**

**लक्सर।** निर्वाचन आयोग की घोषणा के बाद लक्सर में मतदाता सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण को लेकर प्रशासनिक तैयारियां तेज हो गई है।

जानकारी के अनुसार लक्सर ब्लाक मुख्यालय पर आयोजित बैठक मे लक्सर एसडीएम अनिल शुक्ला व लक्सर तहसीलदार दीवान सिंह राणा और मास्टर ट्रेनर सुभाष त्यागी तथा कुलदीप सिंह ने बताया कि 19 मई से कर्मचारियों की ट्रेनिंग चल रही है। 8 जून से बीएलओ घर-घर जाकर सत्यापन शुरू करेगे। शुरुआती 10 दिनों में न्यूमरेटर फॉर्म बांटे जाएंगे। 7 जुलाई तक फॉर्म वितरण और कलेक्शन का काम पूरा होगा।

एसडीएम ने बताया कि उसके बाद आपत्तियों का निस्तारण और ड्राफ्ट प्रकाशन की प्रक्रिया शुरू होगी। मतदाता आयोग की वेबसाइट या वोटर हेल्पलाइन ऐप से भी फॉर्म डाउनलोड कर सकते हैं। लक्सर तहसीलदार दीवान सिंह राणा ने बताया कि समयबद्ध कार्यक्रम के तहत सभी आपत्तियों की सुनवाई के बाद 15 सितंबर को अंतिम मतदाता सूची का फाइनल ड्राफ्ट प्रकाशित कर दिया जाएगा। प्रशासन ने सभी बीएलओ को पारदर्शिता के साथ निर्धारित समय सत्यापन कार्य पूरा करने के निर्देश दिए है।





कोलकाता। भारत में अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर और अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियों ने सेंट टेरेसा मिशनरीज ऑफ चैरिटी के मुख्यालय मदर हाउस का दौरा करते हुए।

## पाक प्रधानमंत्री का आर्थिक सहयोग बढ़ाने के मकसद से चीन दौरा शुरू

**बीजिंग।** पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के चीन के चार दिवसीय दौरे का मकसद आर्थिक सहयोग को बढ़ाना, रणनीतिक रिश्तों को गहरा करना और चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारे (सीपीईसी) परियोजनाओं को मजबूत करना है। गौरतलब है कि पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शनिवार को 23 से 26 मई तक चीन के चार दिवसीय आधिकारिक दौरे के पहले हिस्से में हांग्जो के लिए रवाना हुए। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री कार्यालय के मुताबिक शरीफ के साथ उप प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री इशाक डार, योजना मंत्री अहसान इकबाल, सूचना मंत्री अताउल्लाह तरार, सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री शजा फातिमा ख्वाजा और विशेष सहायक तारिक फातेमी का भी चीन दौरा हो रहा है।

## गाजा में इजरायली बमबारी, पांच पुलिसकर्मियों की मौत

**गाजा।** उत्तरी गाजा पट्टी में शनिवार को एक पुलिस चौकी पर हुई इजरायली बमबारी में कम से कम पांच फलस्तीनी पुलिसकर्मियों की मौत हो गई। गाजा के पुलिस महानिदेशालय ने आज एक आधिकारिक बयान जारी कर इस घटना की पुष्टि की है। सूत्रों के अनुसार, यह हमला गाजा शहर के उत्तरी हिस्से में स्थित शेख राडवान इलाके के पास एक पुलिस स्टेशन/चौकी को निशाना बनाकर किया गया। इस भीषण हवाई हमले में पांच पुलिस अधिकारियों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 15 अन्य पुलिसकर्मी गंभीर रूप से जख्मी हुए हैं। घायलों को तुरंत नजदीकी अस्पताल ले जाया गया है। सुरक्षा अधिकारियों के मुताबिक, बमबारी के वक्त पुलिसकर्मी अपनी नियमित ड्यूटी पर तैनात थे।

# ईरान पर फिर हमले की तैयारी में अमेरिका

## राष्ट्रपति ट्रम्प ने शीर्ष राष्ट्रीय सुरक्षा अधिकारियों के साथ किया परामर्श

वाशिंगटन। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने ईरान के खिलाफ सैन्य हमलों पर आगे की चर्चा करने के लिए शीर्ष राष्ट्रीय सुरक्षा अधिकारियों के साथ परामर्श किया। अमेरिकी मीडिया से प्राप्त रिपोर्टों से संकेत मिला है कि राजनयिक प्रयासों के जारी रहने के बावजूद, ट्रम्प प्रशासन ईरान के खिलाफ सैन्य हमलों के एक नए दौर की तैयारी कर रहा है।

हालांकि शुक्रवार दोपहर तक हमलों को लेकर कोई अंतिम निर्णय नहीं लिया गया है। बातचीत की धीमी गति पर निराशा व्यक्त कर चुके राष्ट्रपति ट्रम्प संभावित सैन्य कार्रवाई का विकल्प तलाश रहे हैं। खबरों के अनुसार, उन्होंने इस सप्ताह की शुरुआत में कहा था कि खाड़ी देशों के अनुरोध पर रुकने से पहले वे हमले का आदेश देने से सिर्फ एक घंटे दूर थे। शुक्रवार को उन्होंने न्यू जर्सी में अपने गोल्फ रिसॉर्ट की यात्रा की

■ बातचीत की धीमी गति पर निराशा व्यक्त कर चुके राष्ट्रपति ट्रम्प संभावित सैन्य कार्रवाई का विकल्प तलाश रहे हैं



योजना रद्द कर दी और कहा कि वह सप्ताहांत में अपने बेटे की शादी में शामिल नहीं होंगे और वाशिंगटन में ही रहेंगे, जिसका कारण उन्होंने 'सरकार की परिस्थितियां और अमेरिका के प्रति मेरा प्रेम' बताया। ईरानी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बगाई ने शुक्रवार को कहा कि कतर और पाकिस्तान के प्रतिनिधिमंडल तनाव कम करने के उद्देश्य से तेहरान पहुंचे हुए हैं। यह जानकारी ईरान की सरकारी समाचार एजेंसी आईआरएनए ने दी। आईआरएनए ने शनिवार को कहा कि पाकिस्तान के सेना प्रमुख आसिम मुनीर और ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने देर रात मुलाकात कर तनाव को रोकने और संघर्ष को समाप्त करने पर चर्चा की। सीबीएस ने सूत्रों के हवाले से कहा कि अमेरिकी सेना और खुफिया समुदाय के कुछ सदस्यों ने संभावित हमलों की आशंका मद्देनजर मेमोरियल डे वीकेंड की अपनी योजनाएं रद्द कर दीं। यह कदम ईरान की संभावित जवाबी कार्रवाई की आशंकाओं के बीच उठाया गया है। सीएनएन की रिपोर्ट के अनुसार, बातचीत जारी रहने के दौरान वरिष्ठ अधिकारियों के साथ व्हाइट हाउस में नियमित रूप से होने वाली बैठक हुई लेकिन आगे की कार्रवाई पर कोई निर्णय नहीं लिया गया। खुफिया अधिकारियों की रिपोर्ट के अनुसार, माना जा रहा है कि ईरान अपनी सैन्य-औद्योगिक आधार को बहुत तेजी से पुनर्निर्मित कर रहा है और पहले से ही ड्रोन बना रहा है। राष्ट्रपति ट्रम्प की अगली कार्रवाई अभी स्पष्ट नहीं है। इस सप्ताह की शुरुआत में, उन्होंने ईरान को संघर्ष समाप्त करने के लिए एक स्वीकार्य प्रस्ताव प्रस्तुत करने के लिए अगले सप्ताह की शुरुआत तक की एक अस्पष्ट समय सीमा दी थी।

# ट्रम्प की धमकियों पर ईरान का पलटवार

## तेहरान की दो टूक, कहा: हमारी मांगें मानने के अलावा यूएस के पास कोई रास्ता नहीं बचा



■ ट्रम्प का अहंकारी रवैया अमेरिका को युद्ध के दलदल में और गहराई तक ले जाएगा
■ इस बीच, ईरान व अमेरिका के बीच स्थाई संघर्ष विराम को लेकर चर्चा जारी है

**तेहरान।** ईरान-अमेरिका के बीच स्थाई संघर्ष विराम को लेकर चर्चा जारी है। दोनों ओर से एक दूसरे के खिलाफ बयानबाजी भी खूब हो रही है। शनिवार को ईरान के रक्षा मंत्रालय ने अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को लेकर बड़ा बयान दिया गया है।

मंत्रालय के प्रवक्ता का कहना है कि अमेरिका-इजरायल के पास हमारी मांगों को मानने के अलावा कोई रास्ता नहीं बचा है। मंत्रालय के प्रवक्ता रजा तलाए-निक ने कहा कि ट्रम्प के पास ईरानी की मांगें मानने और ईरान के अधिकारों को स्वीकार करने के अलावा कोई रास्ता नहीं बचा है। उन्होंने कहा कि चाहे जंग हो या बातचीत, दोनों हालात में अमेरिका और इस्राइल के लिए यही एक रास्ता बचा है। अगर वह ईरान की मांगों को नहीं मानते, तो दोनों को नुकसान उठाना पड़ेगा। प्रवक्ता ने यह भी आरोप लगाया कि ट्रम्प अमेरिकी राष्ट्रीय हितों को नजरअंदाज कर रहे हैं और वह पूरी तरह इजरायल के साथ खड़े हैं। उन्होंने कहा कि ट्रम्प का अहंकारी रवैया अमेरिका को युद्ध के दलदल में और गहराई तक ले जाएगा। इस बीच, ईरान-अमेरिका के बीच स्थाई संघर्ष विराम को लेकर चर्चा जारी है।

शनिवार को ईरान के विदेश मंत्री सैयद अब्बास अराघची ने कई देशों के अपने समकक्षों संग टेलीफोन वार्ता की। बातचीत का मकसद क्षेत्रीय और अंतर्राष्ट्रीय घटनाक्रमों पर गंभीर मंत्रणा करना था। अराघची ने अपने तुर्की, कतर, जापान, ओमान और इराक के समकक्षों के साथ हालिया क्षेत्रीय और अंतर्राष्ट्रीय घटनाक्रमों पर चर्चा की। हाकान फिदान, शेख मोहम्मद बिन अब्दुल रहमान अल थानी, तोशिमित्सु मोतेगी और फुआद मोहम्मद हुसैन के साथ अलग-अलग फोन वार्ताओं में अराघची ने द्विपक्षीय मुद्दों पर विचारों पर बात किया है। अराघची ने ओमान के विदेश मंत्री बद्र अलबुसैदी से भी फोन पर बात की। दोनों नेताओं ने क्षेत्र में तेजी से बदल रहे हालात और युद्ध रोकने के लिए चल रहे कूटनीतिक प्रयासों पर चर्चा की। बातचीत में क्षेत्रीय हालात, तनाव कम करने और संघर्ष समाप्त करने के प्रयासों को लेकर दोनों पक्षों ने बात की।

## आईआरजीसी से जुड़े आतंकवादी ने रची थी ट्रम्प की बेटी को मारने की साजिश

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की बेटी इवांका ट्रम्प को कथित तौर पर इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) से जुड़े एक आतंकवादी ने मारने की साजिश रची थी। गौरतलब है कि आईआरजीसी की आधिकारिक स्थापना मई 1979 में ईरानी क्रांति के बाद रुहोल्ला खोमैनी द्वारा एक सैन्य शाखा के रूप में की गई थी। द न्यूयॉर्क पोस्ट ने खुफिया सूत्रों के हवाले से अपनी रिपोर्ट में दावा है कि हत्या की यह साजिश 2020 के उस अमेरिकी ड्रोन हमले को लेकर उपजे गुस्से से जुड़ी हुई है, जिसमें ईरानी सैन्य कमांडर कासिम सुलेमानी मारे गए थे। सुलेमानी ईरान के आईआरजीसी की बाहरी संचालन शाखा के एक वरिष्ठ अधिकारी थे। संदिग्ध की पहचान इराकी नागरिक मोहम्मद बाकर साद दाऊद अल-सादी के रूप में हुई है। उस पर आरोप है कि उसके ईरान-समर्थित गुटों से संबंध थे, जिनमें आईआरजीसी और इराकी अर्धसैनिक नेटवर्क 'कताइब हिजबुल्लाह' से जुड़े समूह शामिल हैं। बताया जा रहा है कि उसे 15 मई को तुर्की में गिरफ्तार किया गया था और बाद में अमेरिका प्रत्यर्पित कर दिया गया, जहां अब उस पर यूरोप और उत्तरी अमेरिका में कथित हमलों या हमलों के प्रयासों से जुड़े आतंकवाद के कई आरोप लगाए गए हैं। अधिकारियों का आरोप है कि अल-सादी ने न केवल ऑनलाइन स्पष्ट धमकियां दीं, बल्कि उसने निगरानी-शैली की तैयारी भी की, जिसमें इवांका ट्रम्प के फ्लोरिडा स्थित आवास का नक्शा (ब्लूप्रिंट) अपने पास रखना भी शामिल था। द न्यूयॉर्क पोस्ट की रिपोर्ट में दावा किया गया है कि अल-सादी ने पहले ऑनलाइन चेतावनियां जारी की थीं कि वह अमेरिका के उच्च-प्रोफाइल लक्ष्यों की निगरानी कर रहा है।

## चीन की कोयला खदान में गैस विस्फोट, 90 लोगों की मौत

**बीजिंग।** उत्तरी चीन की एक कोयला खदान में गैस विस्फोट होने से कम से कम 90 लोगों की मौत हो गई है। इस हादसे में दर्जनों लोग जख्मी हुए हैं और कुछ लोग अब भी लापता हैं। यह हादसा शुक्रवार देर रात शांक्सी प्रांत में चांग्झी शहर के पास स्थित लियुशेन्यू कोयला खदान में उस वक्त हुआ, जब लगभग 247 खिनक जमीन के नीचे काम कर रहे थे। स्थानीय मीडिया के मुताबिक, माना जा रहा है कि खदान के भीतर कार्बन मोनोऑक्साइड का स्तर सुरक्षा मानकों से काफी ऊपर चला गया था, जिसके चलते यह जोरदार धमाका हुआ। बचाव अधिकारियों ने बताया कि शनिवार दोपहर तक नौ मजदूर अब भी मलबे में फंसे हुए थे और उन्हें निकालने के लिए बड़े पैमाने पर खोज और बचाव अभियान चलाया जा रहा है। सरकारी प्रसारक 'चाइना सेंट्रल टेलीविजन' ने बताया कि घायल हुए कई लोग जहरीली गैस की चपेट में आ गए हैं। शुरुआती खबरों में मरने वालों की तादाद कम बताई गई थी, लेकिन जैसे-जैसे शवों को बाहर निकालने का काम आगे बढ़ा, मृतक संख्या में इजाफा होता गया।

# ट्रम्प सरकार की अधिकारी तुलसी गबार्ड का इस्तीफा

**वाशिंगटन।** ट्रम्प की सरकार की टॉप हिंदू अधिकारी तुलसी गबार्ड ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। तुलसी अमेरिका की 'डायरेक्टर ऑफ नेशनल इंटेलिजेंस' हेड हैं, उनके अंडर 18 सीक्रेट एजेंसियां काम करती हैं। उनके पति एक बेहद दुर्लभ हड्डी के कैंसर से जूझ रहे हैं और गबार्ड इस मुश्किल समय में उनके साथ रहना चाहती हैं। रिपोर्ट के अनुसार, गबार्ड ने ओवल आफिस में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प से मुलाकात के दौरान उन्हें अपने इस्तीफे की जानकारी दी।

आफिस ऑफ डायरेक्टर ऑफ नेशनल इंटेलिजेंस में उनका आखिरी दिन 30 जून होने की उम्मीद है। गबार्ड ने अपने चिट्ठी में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प का धन्यवाद भी किया और कहा कि नेशनल इंटेलिजेंस आफिस का नेतृत्व करना उनके लिए सम्मान की बात रही। ट्रम्प ने 13 फरवरी 2025 को तुलसी गबार्ड को खुफिया विभाग की जिम्मेदारी दी थी। गबार्ड ने अपने 11 साल के वैवाहिक जीवन का जिक्र करते हुए कहा कि अब्राहम (पति) हमेशा उनके सबसे मजबूत सहारे रहे हैं। उन्होंने लिखा कि पूर्वी अफ्रीका में मेरी तैनाती हो, कोई



■ 18 अमेरिकी खुफिया एजेंसियों की हेड हैं, पति एक बेहद दुर्लभ हड्डी के कैंसर से जूझ रहे

राजनीतिक अभियान हो या फिर इस पद पर मेरी सेवा। हर मुश्किल समय में वे मजबूती से मेरे साथ खड़े रहे। उन्होंने आगे कहा कि उनकी ताकत और प्यार ने मुझे हर चुनौती से लड़ने की शक्ति दी है। ऐसे में मैं उनसे यह उम्मीद नहीं कर सकती कि वह इस कठिन लड़ाई का अकेले सामना करें जबकि मैं इतने व्यस्त और जिम्मेदारी वाले पद पर बनी रहूं। गबार्ड ने यह भी कहा कि उन्होंने आफिस ऑफ डायरेक्टर ऑफ नेशनल इंटेलिजेंस में काम करते हुए खुफिया तंत्र में पारदर्शिता बढ़ाने और उसकी विश्वसनीयता बहाल करने की दिशा में अहम प्रगति की है।

# दुनिया के सबसे ताकतवर रॉकेट का 12वां टेस्ट

## इंजन फेल होने के बाद भी हिंद महासागर में लैंडिंग, पहली बार न्यू जनरेशन स्टारशिप का इस्तेमाल

**टेक्सास।** दुनिया के सबसे ताकतवर राकेट श्स्टारशिपश के नए और बड़े वर्जन (वी-3) का पहला लॉन्च सफलताओं और नाकामियों का मिला-जुला सफर रहा। टेक्सास के दक्षिणी छोर पर स्थित श्स्टारबेसश लान्चिंग पैड से उड़ान भरने के बाद इंजन में खराबी आ गई। इस कारण राकेट के नष्ट होने का खतरा मंडरा रहा था। इसके बावजूद लगभग एक घंटे बाद स्टारशिप स्पेसक्राफ्ट हिंद महासागर में सुरक्षित लैंड करने में कामयाब रहा।

स्टारशिप सीरीज के पहले भी कई लॉन्च हो चुके हैं, लेकिन इस तीसरी पीढ़ी (वी-3) के अपग्रेड राकेट का पहला ही टेस्ट था और स्टारशिप का 12वां टेस्ट था। इसे भारतीय समय के अनुसार 23 मई की सुबह लॉन्च किया गया। दुनिया के सबसे अमीर कारोबारी इलान मस्क की कंपनी स्पेसएक्स ने इस राकेट को बनाया है। स्टारशिप स्पेसक्राफ्ट (ऊपरी हिस्सा) और सुपर हैवी बूस्टर (निचला हिस्सा) को कलेक्टिवली 'स्टारशिप' कहा



■ लगभग एक घंटे बाद स्टारशिप स्पेसक्राफ्ट हिंद महासागर में सुरक्षित लैंड करने में कामयाब रहा

जाता है। इस व्हीकल की ऊंचाई 403 फीट है। ये पूरी तरह से रीयूजेबल है। स्टारशिप सीरीज के पहले भी कई लॉन्च हो चुके हैं, लेकिन इस तीसरी पीढ़ी (वी-3) के अपग्रेड राकेट का पहला ही टेस्ट था। राकेट का पहला हिस्सा यानी 'सुपर हैवी बूस्टर' अपना 'बूस्ट बैक' बर्न पूरा नहीं कर सका। यह वह प्रक्रिया होती है जिसकी मदद से बूस्टर वापस आकर जमीन पर या समुद्र में एक नियंत्रित लैंडिंग करता है। बर्न पूरा न होने की वजह से यह बूस्टर पूरी तरह नियंत्रित तरीके से पानी में नहीं गिर सका। बूस्टर से अलग होने के बाद जब मुख्य स्टारशिप स्पेसक्राफ्ट को आगे बढ़ना था, तब उसके छह में से केवल पांच इंजन ही चालू हो पाए। एक इंजन स्टार्ट न होने के कारण यह पूरी तरह से सटीक आर्बिटल पाथ पर नहीं पहुंच पाया। इसके बावजूद इसकी ट्रेजेक्टरी इतनी सुरक्षित सीमा के भीतर थी कि यह एक 'सबआर्बिटल' फ्लाइट को पूरा कर सका। इस तकनीकी खराबी के चलते टीम अंतरिक्ष में दोबारा इंजन स्टार्ट करने का टेस्ट नहीं कर पाई। इस टेस्ट का मुख्य मकसद राकेट को सफलतापूर्वक लॉन्च करना, उसे ऊपर ले जाना, ऊपर के हिस्से (स्टारशिप) से अलग करना और फिर इंजन को दोबारा चालू करके समुद्र (गल्फ ऑफ अमेरिका) में तय जगह पर सुरक्षित लैंड कराना था।

## महंगाई में तेल के दाम बढ़ाकर जनता पर दोहरी मार न करे सरकार: कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने पेट्रोल-डीजल और रसोई गैस की कीमतों में बढ़ोतरी को महंगाई के बोझ तले दबे आम लोगों पर दोहरी मार बताते हुए कहा है कि एक सप्ताह में पेट्रोल के दाम में पांच रुपये की वृद्धि कर जनता लूटा जा रहा है और सरकार परेशान लोगों को राहत देने के बजाय उनका बोझ बढ़ा रही है। कांग्रेस शोद्ध विभाग के प्रमुख प्रोफेसर राजीव गौड़ा तथा पार्टी नेता डॉली शर्मा ने शनिवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि पेट्रोल की कीमत 100 रुपये के पार पहुंच रही है और रुपये की कीमत लगातार घट रही है।



फ्रांस। कान शहर में आयोजित 79वें अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव में फिल्म 'द बर्थडे पार्टी' के प्रीमियर पर पहुंचने पर एरियाना ग्रीनब्लास्ट, ईवा लोंगोरिया व ऐश्वर्या राय बच्चन पोज देते हुए।

# बांग्लादेश के दो पोर्ट अमेरिका इस्तेमाल करेगा

## इनमें से एक अंडमान ने सिर्फ 1100km दूर, सीक्रेट जानकारी शेयर करने का भी समझौता

**ढाका।** बांग्लादेश ने अमेरिका को दो महत्वपूर्ण बंदरगाहों के इस्तेमाल की इजाजत देने का फैसला किया है। इसके साथ ही दोनों देशों के बीच सीक्रेट जानकारी शेयर करने को लेकर भी समझौता हुआ है।

रिपोर्ट के मुताबिक, अमेरिका और बांग्लादेश के बीच कुल तीन बड़े समझौते हुए हैं। इन समझौतों के बाद बंगाल के खाड़ी रीजन में अमेरिका की मौजूदगी और प्रभाव काफी बढ़ सकता है। अमेरिका को बांग्लादेश के चिटगांव और मतारबाड़ी बंदरगाहों तक पहुंच मिलेगी। इन बंदरगाहों का इस्तेमाल अमेरिकी नौसेना और सैन्य जहाज कर सकेंगे। इससे अमेरिका को हिंद महासागर और बंगाल की खाड़ी क्षेत्र में अपनी सैन्य और रणनीतिक ताकत बढ़ाने में मदद मिलेगी। चिटगांव बंदरगाह भारत के अंडमान-निकोबार क्षेत्र से सिर्फ 1100 किमी दूर है। अमेरिका की



■ इन समझौतों के बाद बंगाल के खाड़ी रीजन में अमेरिका की मौजूदगी और प्रभाव काफी बढ़ सकता है

खास नजर मलक्का स्ट्रेट पर है। यह दुनिया के सबसे जरूरी ट्रेड रूट्स में से एक माना जाता है। दुनिया का लगभग 60 प्रतिशत समुद्री व्यापार इसी रास्ते से होता है। तेल, गैस और अन्य जरूरी सामानों की सप्लाई के लिए भी यह मार्ग बेहद अहम है। एक्सपर्ट्स का मानना है कि इस इलाके में अपनी मौजूदगी बढ़ाकर अमेरिका चीन की एक्टिविटी पर भी नजर रखना चाहता है। दो बंदरगाहों के इस्तेमाल का करार-अमेरिका को बांग्लादेश के चिटगांव और मतारबाड़ी बंदरगाह इस्तेमाल करने की इजाजत दी जाएगी। अमेरिकी युद्धपोत और सैन्य जहाज यहां आ-जा सकेंगे। खुफिया जानकारी साझा करने का करार- दोनों देश सैन्य और सुरक्षा से जुड़ी खुफिया सूचनाएं एक-दूसरे के साथ साझा करेंगे। समुद्री गतिविधियों और सुरक्षा पर मिलकर निगरानी रखी जाएगी। सैन्य और रणनीतिक सहयोग बढ़ाने का करार-बंगाल की खाड़ी और मलक्का स्ट्रेट रीजन में अमेरिका की सैन्य मौजूदगी बढ़ाने, समुद्री निगरानी और रणनीतिक सहयोग को मजबूत करने पर सहमति बनी है। मलक्का को पूरी दुनिया के ट्रेड की लाइफलाइन कहा जा सकता है। यहां से तेल के साथ-साथ इलेक्ट्रानिक्स, मशीनें और बाकी सामान भी बड़ी मात्रा में एक जगह से दूसरी जगह पहुंचते हैं। चीन के लिए तो मलक्का को सबसे बड़ी रणनीतिक कमजोरी माना जाता है। चीन के करीब 80 प्रतिशत तेल आयात इसी रास्ते से आते हैं। ये इंडस्ट्रियल इकानमी और एक्सपोर्ट सिस्टम के लिए बेहद जरूरी है। इसी वजह से चीन लंबे समय से इस पर अपनी निर्भरता को एक कमजोरी मानता है। यही कारण है कि पूर्व चीनी राष्ट्रपति हू जिंताओ ने इसे 'मलक्का डिलेमा' कहा था। हाल में चीन ने इलाके के आसपास समुद्री मैपिंग और मानिटरिंग गतिविधियां बढ़ाई हैं। मलक्का स्ट्रेट भारत के लिए भी उतना ही अहम है। देश का करीब 55 प्रतिशत व्यापार इसी रास्ते और सिंगापुर क्षेत्र से होकर गुजरता है।

# परमाणु अप्रसार संधि समीक्षा सम्मेलन बेनतीजा

**न्यूयॉर्क।** परमाणु हथियारों के प्रसार को रोकने के मकसद से बनाई गई वैश्विक संधि की समीक्षा के लिए संयुक्त राष्ट्र का चार सप्ताह का सम्मेलन बिना किसी आम सहमति के समाप्त हो गया।

परमाणु अप्रसार संधि (एनपीटी) के 191 सदस्य देशों की भागीदारी वाले इस सम्मेलन में ईरान की परमाणु गतिविधियों से जुड़ी भाषा पर पैदा हुए विवाद के बाद एक बेहद सामान्य या कमजोर अंतिम दस्तावेज को भी मंजूरी नहीं दी जा सकी। संयुक्त राष्ट्र में वियतनाम के राजदूत और सम्मेलन के अध्यक्ष दो हुंग वियत ने बैठक के समापन पर आम सहमति न बन पाने का एलान किया। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि किसी ने भी सहमति को जानबूझकर नहीं रोका, लेकिन उन्होंने इसके पीछे मुख्य अड़चन मसौदा दस्तावेज के उस

■ समाप्त ईरान की परमाणु गतिविधियों से जुड़ी भाषा पर पैदा हुए विवाद से बिगड़ा खेल
■ एक बेहद सामान्य या कमजोर अंतिम दस्तावेज को भी मंजूरी नहीं दी जा सकी

प्रावधान को बताया, जिसमें कहा गया था कि ईरान 'कभी परमाणु हथियार हासिल करने, बनाने या विकसित करने की कोशिश नहीं कर सकता'। बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव और परमाणु प्रसार व रणनीतिक स्थिरता को लेकर बढ़ती चिंताओं के बीच, यह नाकामी एनपीटी समीक्षा प्रक्रिया के लिए एक और बड़ा झटका है। संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने मायूसी जताई और कहा कि 11वां समीक्षा सम्मेलन किसी ठोस और अंतिम निर्णय पर पहुंचने में नाकाम रहा। महासचिव के प्रवक्ता की ओर से जारी बयान में गुटेरेस ने कहा कि इस सम्मेलन ने अंतर्राष्ट्रीय सुरक्षा को मजबूत करने और वैश्विक परमाणु निरस्त्रीकरण के लक्ष्यों को आगे बढ़ाने का बेहद अहम मौका गंवा दिया है।

प्रवक्ता स्टीफन दुजारिक ने एक बयान में कहा कि महासचिव ने एनपीटी के 11वें समीक्षा सम्मेलन में किसी ठोस नतीजे पर आम सहमति न बन पाने और दुनिया को सुरक्षित बनाने के बेहद अहम मौके को गंवा दिए जाने पर गहरी मायूसी जताई है। एनपीटी एक अंतर्राष्ट्रीय समझौता है, जिसका मकसद परमाणु हथियारों के प्रसार को रोकना, परमाणु निरस्त्रीकरण को बढ़ावा देना और परमाणु ऊर्जा के शांतिपूर्ण इस्तेमाल का समर्थन करना है।

## आईसीजी ने की कांगो शांति स्थापित करने की अपील

**वाशिंगटन।** ग्रेट लेक्स के लिए अंतर्राष्ट्रीय संपर्क समूह ने पूर्वी कांगो में जारी लड़ाई और क्षेत्रीय स्थिरता पर इसके प्रभाव पर चिता व्यक्त की और शांति को आगे बढ़ाने के उद्देश्य से किए जा रहे हालिया राजनयिक प्रयासों का स्वागत किया। समूह ने कहा कि वह क्षेत्रीय और अंतर्राष्ट्रीय भागीदारों के नेतृत्व में चल रहे मध्यस्थता प्रयासों का समर्थन करने के लिए प्रतिबद्ध है। समूह ने सभी पक्षों से आग्रह किया कि वे संघर्ष का स्थाई राजनीतिक समाद्धान प्राप्त करने के लिए हाल के समझौतों को आगे बढ़ाएं। बेल्जियम, डेनमार्क, यूरोपीय संघ, फ्रांस, जर्मनी, नीदरलैंड, स्वीडन, स्विट्जरलैंड, ब्रिटेन और अमेरिका से मिलकर बने इस समूह ने कहा कि वह पूर्वी कांगो में जारी हिसा और क्षेत्रीय स्थिरता पर इसके प्रभाव को लेकर चिंतित है।



# पेड्डी दे सकती है रामचरण के करियर को नई पहचान

**मुंबई।** अपने करियर के ज्यादातर हिस्से में राम चरण की स्टारडम उनकी भव्य और बड़े पैमाने की फिल्मों पर टिकी रही है। चिरूथा से लेकर मगधीरा की ऐतिहा. सिक सफलता तक, उन्हें हमेशा ऐसे स्टार के रूप में पेश किया गया जो बड़े कैनवास और ग्रैंड सिनेमा के लिए बने हैं। दमदार स्क्रीन प्रेजेंस, शानदार फिजिकलिटी और जबरदस्त मास अपील उनकी पहचान बन गई। राचा , नायक और एवडू जैसी फिल्मों ने उनकी इसी बड़े-हीरो वाली छवि को और मजबूत किया, जहां स्टाइल, स्वैग और बड़े-से-बड़ा हीरो. इज्म केंद्र में था।यहां तक कि जब राम चरण एक अभिनेता के तौर पर विकसित हुए, तब भी उनकी स्टार इमेज वैसी ही बनी रही।

ध्रुवा में उन्होंने शहरी दर्शकों को आकर्षित किया। ब्रुसली: द फाइटर में भी फोकस पूरी तरह स्टाइलिश हीरोइज्म पर ही रहा और फिर आरआरआर आरआरआर के जिरए उन्होंने अल्लूरी सीताराम राजू के किरदार में वैश्विक पहचान हासिल की। इस फिल्म ने उन्हें भारतीय सिनेमा का अंतर्राष्ट्रीय चेहरा बना दिया और उनकी लोकप्रियता स्थानीय सीमाओं से बहुत आगे निकल गई। शायद यही वजह है कि पेड्डी इतना दिलचस्प बदलाव महसूस होती है। बुची बाबू सना के निर्देशन में बन रही यह फिल्म, आरआरआर के बाद किसी और चमकदार पैन-इंडिया स्पेक्टेकल का रास्ता नहीं चुनती।

इसके बजाय राम चरण एक बिल्कुल अलग दिशा में जाते दिख रहे हैं - ऐसी दुनिया की ओर जो मिट्टी, पसीने, मेहनत और ग्रामीण पहचान से बनी है। फिल्म के प्रमोशनल मटेरियल में यह बदलाव साफ दिखाई देता है।राम चरण की पिछली फिल्मों वाली संतुलित और सलीकेदार बॉडी लैंग्वेज यहां गायब है। उसकी जगह एक ऐसा आदमी नजर आता है जिसके लंबे बाल हैं, आंखों में थकान है, चेहरे और शरीर पर संघर्ष के निशान हैं, और जिसकी चाल-ढाल में बरसों की मेहनत और दर्द महसूस होता है। यह किरदार किसी मजदूर, पहलवान या गांव के खिलाड़ी जैसा लगता है। सुकुमार की 2018 की ब्लॉकबस्टर फिल्म राम चरण के करियर में बड़ा मोड़ साबित हुई थी, क्योंकि उसने स्टार और दर्शकों के बीच की दूरी को तोड़ दिया था। वहां वह परफेक्ट नहीं थे, बल्कि भावुक, आवेगी और बेहद मानवीय थे। उस प्रदर्शन ने राम चरण के अंदर की वह संवे. दनशीलता दिखाई, जिसे दर्शकों ने पहले पूरी तरह महसूस नहीं किया था। सबसे अहम बात यह थी कि उस फिल्म ने साबित किया कि राम चरण की सबसे ताकतवर स्क्रीन प्रेजेंस तब उभरती है जब उनका किरदार जमीन से जुड़ा होता है, लेकिन रंगस्थलम की रंगीन नॉस्टैल्जिया वाली दुनिया के विपरीत, पेड्डी कहीं ज्यादा कठोर और भारी नजर आती है।

फिल्म की दुनिया स्थानीय खेल संस्कृति, मर्दाना स्वाभिमान, गांव की राजनीति और जीवित रहने की लड़ाई से संचालित होती दिखती है। इसका एक्शन हिसक, कीचड़ से भरा और बेहद रॉ है। यहां तक कि टीजर में दिखाए गए क्रिकेट सीक्वेंस भी राम चरण के अब तक के करियर में देखी गई किसी भी चीज से अलग लगते हैं। तेलुगु सिनेमा में पारंपरिक मेगा हीरो की छवि अक्सर एक दूरी पर टिकी होती है - जहां स्टार आम लोगों से ऊपर, सपनों जैसे और छू पाना मुश्किल लगते हैं। लेकिन लोकनायक अलग तरह से काम करते हैं। वे दर्शकों के अपने लगते हैं। उनकी लोकप्रियता इस बात से आती है कि लोग उनके भीतर अपने संघर्ष, गुस्से और सम्मान को महसूस कर पाते हैं और यही शायद पेड्डी राम चरण के साथ करने की कोशिश कर रही है।सालों तक एक बड़े स्टार की छवि निभाने के बाद, पेड्डी वह फिल्म बन सकती है जो राम चरण को सिर्फ सुपरस्टार नहीं, बल्कि ऐसा नायक बना दे जो थिएटर की फ्रंट रो में बैठने वाले आम लोगों का अपना लगे।

## फिल्म स्वयंभू में दिखाई देगा विजुअल्स का महा धमाका

**मुंबई।** निखिल सिद्धार्थ स्टारर फिल्म स्वयंभू अपने भव्य विजुअल्स और ऐतिहासिक कहानी को लेकर लगातार चर्चा में बनी हुई है। 750 से अधिक सीजी आर्टिस्ट्स और 2700 से ज्यादा वीएफएक्स शॉट्स के साथ तैयार हो रही यह फिल्म दर्शकों को एक बड़े स्तर का सिनेमाई अनुभव देने का दावा कर रही है। चाहे टीजर हो या पहला ट्रैक रा रा धीवरा, स्वयंभू की हर एक झलक ने दर्शकों के दिलों को छुआ है।

सच्ची घटनाओं से प्रेरित और सेंगोल के इर्द-गिर्द केंद्रित, यह फिल्म भारत की वीरता और गौरव की समृद्ध विरासत को दोबारा जीवंत करती है, और अपनी भव्य रिलीज के लिए लगातार एक्साइटमेंट बढ़ा रही है। जब से स्वयंभू का टीजर रिलीज हुआ है, यह कार्तिकेय 2 की सफलता के बाद निखिल सिद्धार्थ की लाइनअप में सबसे ज्यादा इंतजार की जाने वाली फिल्मों में से एक बनकर उभरी है। टीजर ने अपने भव्य पैमाने, समृद्ध ऐतिहासिक बैकड्रॉप, शानदार विजुअल्स और जबरदस्त एक्शन सीक्वेंसेज से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

18 मिलियन से ज्यादा व्यूज पार करके, इसने फिल्म को लेकर एक्साइटमेंट को काफी बढ़ा दिया और इसके लार्जर-दैन-लाइफ सिनेमैटिक विजन के लिए काफी तारीफें बटोरीं। इस बढ़ते बज को और बढ़ाते हुए, फिल्म का पहला सिगल रा रा धीवरा भी एक सेंसेशन बन गया, जिसने यूट्यूब पर 13 मिलियन व्यूज हासिल किए, जिससे प्रोजेक्ट को लेकर उत्सुकता और भी ज्यादा बढ़ गई। इसी बीच, 'स्वयंभू' के मेकर्स ने अब सोशल मीडिया पर एक एक्साइटिंग बिहाइंड-द-सीन्स वीडियो शेयर किया है। वीडियो में निखिल सिद्धार्थ के साथ जाने-माने डीओपी सेंथिल कुमार फिल्म के पोस्ट-प्रोडक्शन का काम संभाल रहे वीएफएक्स का खुद दौरा करते हुए दिख रहे हैं। आर्टिस्ट्स के साथ बारीकी से बातचीत करते, शॉट्स का रिव्यू करते और क्रिएटिव प्रोसेस को गाइड करते हुए देखा गया।

### एक नजर

#### हूज योर गायनाक के अभिनेता कुणाल ठाकुर ने पुरुषों की मानसिक सेहत पर रखी बात

**मुंबई।** अभिनेता कुणाल ठाकुर इन दिनों हूज योर गायनाक में डा. अर्थ धमेचा के किरदार से दर्शकों का दिल जीत रहे हैं। इसके साथ ही वह पुरुषों की मानसिक सेहत और समाज में पुरुषों को अपनी भावनाएं दबाने की सीख देने वाली सोच पर भी खुलकर अपनी बात रख रहे हैं। अपने विचारों और बातचीत के जिरए कुणाल पुरुषों को मजबूत दिखने के दिखावे के बजाय अपनी भावनाओं को स्वीकारने और संवेदनशीलता को अपनाने के लिए प्रेरित कर रहे हैं। इस विषय पर खुलकर बात करते हुए कुणाल ने कहा, ष्संवे. दनशील होना वास्तव में सबसे बड़ी ताकत है और मैं यह सिर्फ इसलिए नहीं कह रहा, क्योंकि मैं एक अभिनेता हूं, बल्कि इसलिए क्योंकि अभिनेता बनने के बाद मैंने समझा कि इंसान एक बेहतर व्यक्ति कैसे बन सकता है। लोगों की भावनाओं से कैसे सीखा जा सकता है, वे जीवन में कैसे आगे बढ़ना चाहते हैं, कौन-से सबक छोड़कर जाना चाहते हैं या क्या सीखकर आगे बढ़ना चाहते हैं।

#### बॉबी देओल की बंदर के ट्रेलर ने सिर्फ 48 घंटों में पार किए 10 मिलियन व्यूज

**मुंबई।** बॉबी देओल की फिल्म बंदर के ट्रेलर ने यूट्यूब पर रिलीज के सिर्फ 48 घंटों के भीतर एक करोड़ व्यूज का आंकड़ा पार कर लिया है। अनुराग कश्यप द्वारा निर्देशित और निखिल द्विवेदी द्वारा निर्मित इस ट्रेलर ने प्रदर्शन के ऐसे संकेत दिए हैं, जो इस श्रेणी के सामान्य स्तर से लगभग 6 गुना अधिक माने जा रहे हैं। खास बात यह है कि दर्शकों की भागीदारी लगातार बढ़ रही है, जबकि आमतौर पर इतने बड़े स्तर पर यह रफ्तार समय के साथ धीमी पड़ जाती है। 21 मई को दोपहर 12:36 बजे जारी किए गए इस ट्रेलर ने अब तक दो लाख नौ हजार से अधिक वॉच आवर्स दर्ज किए हैं ।

## ऋचा और अली न्यूजीलैंड के पहले फिल्म फेस्टिवल की करेंगे शुरुआत



**मुंबई।** बॉलीवुड स्टार ऋचा चड्ढा और अली फजल जल्द ही न्यूजीलैंड में बॉलीवुड का रंग बिखेरते नजर आएंगे। दोनों दो जून 2026 को देश के पहले इंडियन फिल्म फेस्टिवल द इंडियन फिल्म फेस्टिवल ऑफ न्यूजीलैंड के आधिकारिक लॉन्च में शामिल होंगे। यह अभिनेता-निर्माता जोड़ी इस लॉन्च इवेंट की मुख्य आकर्षण होगी। इस मौके पर उनकी बतौर प्रोड्यूसर पहली फिल्म गर्ल्स विल बी गर्ल्स की खास स्क्रीनिग भी रखी जाएगी। इस फिल्म को दुनियाभर के बड़े फिल्म फेस्टिवल्स जैसे सनडांस और इंडिपेंडेंट स्पिरिट अवॉर्ड्स में काफी सराहना मिल चुकी है। अक्टूबर 2026 में शुरू होने जा रहा द इंडियन फिल्म फेस्टिवल ऑफ न्यूजीलैंड, न्यूजीलैंड का पहला समर्पित इंडियन फिल्म फेस्टिवल होगा। इसकी स्थापना पेट्रीना डी' रोजारियो ने की है। इस फेस्टिवल का उद्देश्य भारतीय सिनेमा का जश्न मनाने के साथ-साथ भारत और न्यूजीलैंड के बीच रचनात्मक संबंधों को और मजबूत बनाना है। इस लॉन्च इवेंट में सबसे ज्यादा चर्चा ऋचा और अली की मौजूदगी को लेकर है, क्योंकि दोनों अपनी दमदार पहचान और विश्वसनीयता के लिए जाने जाते हैं। मेनस्ट्रीम फिल्मों के साथ-साथ अर्थपूर्ण और स्वतंत्र सिनेमा को समर्थन देने के लिए मशहूर यह जोड़ी, अभिनेता और निर्माता दोनों रूपों में हमेशा नए और वैश्विक कहानियों को आगे बढ़ाती रही है।

## पुलकित सम्राट ने ग्लोरी के सेट से शेयर की वीडियो

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता पुल्कित सम्राट ने हाल ही में अपनी हालिया रिलीज सीरीज ग्लोरी के सेट से एक बिहाइंड-द-सीन्स (बीटीएस) वीडियो शेयर किया है, जिसमें फैंस को उनके दमदार ट्रेनिंग सीक्वेंस की झलक देखने को मिल रही है। इस रील में पुल्. कत एक इंटेंस ट्रेनिग रूटीन करते नजर आ रहे हैं, जहां वह एक शॉट के लिए भारी टायर्स को बार-बार उठाकर जमीन पर पटकते दिखाई दे रहे हैं। वीडियो में मजेदार ट्विस्ट जोड़ते हुए अभिनेता ने क्लिप पर लिखा, क्या आप टायर्स के नम्बर्स बता सकते हैं? सिर्फ गलत जवाब। हालांकि पुलकित ने कैप्शन में हेटर्स पर तंज करते हुए भी मजाकिया अंदाज में लिखा, हेटर्स कहेंगे कि ए एआई है। इसी के साथ उन्होंने हैशटैग ग्लोरी और बीटीएस लिखा है। फिलहाल इस वीडियो ने सोशल मीडिया पर आते ही तेजी से सबका ध्यान अपनी तरफ खींच लिया है। ऐसे में एक तरफ जहां फैंस पुलकित की हाई-एनर्जी परफॉर्मेंस और उनके फनी कैप्शन पर जमकर प्रतिक्रिया दे रहे हैं।

यौन समस्याएं

यौन समस्याओं के विशेषज्ञ



पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें

डा. सम्राट

नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।

नावल्टी सिनेमा चौक

मुजफ्फरनगर (यू.पी.)

M-9412211108

## द वायरल फीवर के सपने वर्सेज एवरीवन 2 ने आईएमडीबी पर हासिल किया नंबर 1 स्थान

**मुंबई।** द वायरल फीवर के शो सपने वर्सेज एवरीवन 2 ने आईएमडीबी पर नंबर 1 स्थान हासिल किया है। द वायरल फीवर ने पिछले कुछ वर्षों में खुद को भारत के सबसे सम्मानित प्रोडक्शन हाउस में से एक के रूप में स्थापित किया है। द वायरल फीवर ने सालों से मिडिल क्लास की रोजमर्रा की जिदगी को बेहद प्रामाणिक तरीके से दिखाने में महारत हासिल की है, ऐसे किरदार और पल रचे हैं जिनसे दर्शक तुरंत जुड़ जाते हैं। हालांकि सपने वर्सेज एवरीवन का दूसरा सीजन अभी हाल ही में प्रीमियर हुआ है, लेकिन दर्शक इसे खूब पसंद कर रहे हैं और यह अब आईएमडीबी की पॉपुलर इंडियन टीवी सीरीज की लिस्ट में पहले स्थान पर पहुंच गया है। क्रिएटर्स ने सोशल मीडिया पर पोस्टर शेयर करते हुए सपने वर्सेज एवरीवन 2 के आईएमडीबी की पॉपुलर इंडियन टीवी शोज की लिस्ट में नंबर 1 रैंक हासिल करने की इस उपलब्धि का जश्न मनाया। उन्होंने इसे कैप्शन दिया, सपने देखने वालों द्वारा बनाई गई एक कहानी, जिसे हर किसी ने सराहा।

## कांस 2026
## सफायर ब्लू गाउन में पहुंचीं ऐश्वर्या



**कांस।** कांस फिल्म फेस्टिवल से ऐश्वर्या राय बच्चन के ग्लैमरस लुक लगातार सामने आ रहे हैं। ऐश्वर्या ने कांस रेड कार्पेट पर अमित अग्रवाल का डिजाइनर सफायर गाउन पहना। उनके साथ बेटी आराध्या भी कांस पहुंची हैं, जिन्होंने अन ऑफिशियली कांस में ग्लैमरस लुक में डेब्यू किया है।

ऐश्वर्या राय ने साल 2002 में कांस में डेब्यू किया था। इसके बाद से ही वो लगातार कांस में मौजूद रहती हैं। बीते साल ऐश्वर्या ने मनीष मल्होत्रा द्वारा डिजाइन की गई सफेद-गोल्डन साड़ी पहनी थी। रेड डायमंड जूलरी और सिंदूर के साथ ऐश्वर्या बेहद खूबसूरत दिखीं। उनका ट्रेडिशनल लुक काफी चर्चा में रहा था। कांस के दूसरे लुक में ऐश्वर्या राय ने गौरव गुप्ता के कलेक्शन की ब्लैक सिक्वल गाउन के साथ ट्रेल कैरी की थी। खुले बालों और मिनिमल जूलरी में एक्ट्रेस बेहद ग्लैमरस लगी थीं।